# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 12 सितंबर 2026




मेले में भीड़

### छिंदवाड़ा के गोटमार मेले में जमकर पत्थरबाजी

## 1321 घायल, 8 गंभीर जख्मी नागपुर रेफर, विधायक ने भी फेंके 'पत्थर'



ग्रामीणों के सिर फूटे

- झंडे पर कब्जे के लिए पांढुर्णा सावरगांव पक्ष आमने-सामने
- पत्थरबाजी के बीच युवक ने काटा पलाश का झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पांढुर्णा में शुक्रवार को गोटमार मेले के दौरान झंडे पर कब्जे को लेकर पांढुर्णा और सावरगांव पक्ष के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई। इसमें 1321 लोग घायल हुए, जबकि गंभीर रूप से घायल 8 लोगों को उपचार के लिए नागपुर रेफर किया गया। शाम को पांढुर्णा पक्ष के एक युवक ने जाम नदी के बीच लगे पलाश के झंडे को कुल्हाड़ी से काट दिया। झंडा चंडी माता मंदिर पहुंचते ही मेले का समापन ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### ईशान किशन ने बनाया 16 मैचों से कप्तानी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** ईशान किशन की कप्तानी में ईस्ट जोन ने 13 साल बाद दलीप ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। ईस्ट जोन और साउथ जोन के बीच फाइनल मुकाबला ड्रॉ रहा, लेकिन पहली पारी में बढ़त के आधार पर ईस्ट जोन चैंपियन बना।



ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन बनाए, जबकि साउथ जोन 336 रन पर सिमट गया। कप्तान के तौर पर ईशान का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अजेय क्रम 16 मैचों तक पहुंच गया है।

### राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए मिली अनुमति

**इंदौर।** राहुल गांधी के कार्यक्रम से नौ दिन पहले इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने कांग्रेस को रीजनल पार्क मैदान की अनुमति दे दी है। 50 हजार वर्गफीट जमीन तीन दिन के लिए दी गई है। इसके एवज में जीएसटी समेत कुल 10.08 लाख रुपए जमा करने को कहा गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के मुताबिक राशि जमा कर दी गई है और अनुमति मिल गई है।



### पति-पत्नी ने हेडमास्टर को पीटा, केस दर्ज

**श्योपुर।** किला रोड स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोइया नसीर बानो और उसके पति इस्माइल ने हेडमास्टर कमलजीत सिंह से मारपीट कर दी। महिला ने दौड़ाकर चप्पलों से पीटा। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। हेडमास्टर ने बानो से कहा था कि बच्चों को उनके हाथ का खाना पसंद नहीं आता। इसकी शिकायत भी की थी। दंपती के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।



### भालू के हमले में ग्रामीण की गई जान

**रायसेन।** बाड़ी थाना क्षेत्र के पाली गांव के जंगल में भालू के हमले में 50 वर्षीय ग्रामीण गुड्डू धानक की मौत हो गई। गुड्डू गुरुवार दोपहर लकड़ी लेने जंगल गए थे। देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। ग्रामीणों को वह जंगल में गंभीर हालत में मिले। भालू ने उनके चेहरे और जबड़े को बुरी तरह नोंच दिया था, जबकि आंखों पर भी गंभीर चोटें आई थीं। अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी उनकी मौत हो गई।



### मुख्यमंत्री ने इंदौर में दो दिवसीय यात्री परिवहन विजन समिट-2026 का किया शुभारंभ

# सीएम ने कहा - 2030 के अंत तक 75 प्रतिशत गांवों तक बसें पहुंचाएंगे

**मप्र में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का शुभारंभ 25 सितंबर से**

*सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेशभर में 15 हजार से अधिक बसों और 5 लाख किमी सड़कों का नेटवर्क तैयार*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में इसी महीने 25 सितंबर से मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा का शुभारंभ होने जा रहा है। इसके लिए प्रदेशभर में 15 हजार से अधिक बसों और 5 लाख किमी सड़कों का नेटवर्क तैयार है। यह परिवहन सेवा सभी की जरूरतों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए सुगम, सरल, सुरक्षित, आधुनिक और भरोसेमंद बस सेवा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 2030 के अंत तक प्रदेश के 75 प्रतिशत गांवों तक बसें पहुंचा देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत 'यात्री परिवहन विज़न समिट-2026' के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बस परिवहन सेवा हमारे लिए चुनौती के साथ ही एक बड़ा अवसर भी है। उन्होंने निजी बस ऑपरेटर्स, बस निर्माता कंपनियों, इंडस्ट्री पार्टनर्स और स्टेक होल्डर्स से अपील करते हुए कहा कि बदलते समय में मप्र में बढ़ते अवसरों को पहचाने और प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बनने के लिए सरकार के साथ ▶▶ शेष पेज 4 पर

**देश की फाइनेस्ट पब्लिक ट्रांसपोर्ट मॉडल बनेगी मप्र की सुगम बस सेवा**



रिमोट से एमपी मोबिलिटी इनोवेशन चैलेंज 2026 का शुभारंभ करते सीएम

- ***आधुनिक, सुरक्षित, भरोसेमंद, ग्रीन एंड डिजिटल मोबिलिटी वाली बस सेवा बनेगी प्रदेश की पहचान***
- ***मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा से मजबूत होगी ग्रामीण अंतरजिला और अंतर्राज्यीय बस कनेक्टिविटी***

### मप्र में सुरक्षित, सुविधाजनक, किफायती और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था

सचिव परिवहन मनीष सिंह ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षित, सुविधाजनक, किफायती और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करने की दिशा में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू की गई है। उन्होंने समिट के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की जरूरत, पृष्ठभूमि, नवीन व्यवस्था के सृजन, व्यवस्था के तीन प्रमुख स्तंभ और ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सचिव परिवहन मनीष सिंह ने बताया**

- प्रदेश के 55 जिलों का रूट सर्वे किया जा चुका
- लगभग 150 सिटी, 450 इंटरसिटी और 436 इंटरस्टेट मार्ग विकसित किए जाएंगे
- बसों में सीसीटीवी, जीपीएस, पैनिक बटन एवं रियल टाइम मॉनिटरिंग

### मप्र में बने इलेक्ट्रिक व्हीकल इंजन देश-दुनिया में सप्लाई हो रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि प्रदेश में ई-व्हीकल्स शुरू हो रहा है। अब हमारी धरती पर बने इलेक्ट्रिक व्हीकल इंजन देश-दुनिया में सप्लाई हो रहे हैं। एक विशेष एमओयू भी किया गया है। उसके माध्यम से यात्रियों को टू-व्हीलर से सुगम परिवहन बस तक पहुंचने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल के कार्यकाल में मप्र में सबसे तेज गति से 74 हजार किमी राजमार्गों का निर्माण हुआ है। दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेसवे कॉरिडोर मप्र में 8 लेन होकर गुजरता है।

### 'लेट्स क्रिएट ए लोगो' प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्री परिवहन विज़न समिट-2026 स्मारिका और मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन तक आम नागरिकों की पहुंच को अधिक सुगम बनाने और फर्स्ट और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी के लिए एमपीवायपिल और रैपिडो के बीच एमओयू पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जयपुर में एक घर में 4 हत्याएं

## सुबह 4 बजे पत्नी और तीन बेटियों को मार डाला

**पत्थरों के टुकड़ों से सिर पर किए ताबड़तोड़ वार**



दाएं पत्नी के साथ आरोपी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के करधनी थाना इलाके के गोविंदपुरा क्षेत्र में एक ही परिवार के 4 सदस्यों की निर्मम हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी और 3 बेटियों को मौत के घाट उतार दिया। घर के अंदर खून से सनी 4 लाशें मिलने के बाद से आसपास के पड़ोसी और स्थानीय लोग सहम गए हैं। वहीं, हत्याकांड के बाद से आरोपी मौके से फरार चल रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। आरोपी राहुल झा ने शुक्रवार सुबह करीब तीन से चार बजे के बीच अपने ही घर में पत्नी और 3 जवान बेटियों की हत्या ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ये हाल है : सीधी में सांसों के लिए तड़पता रहा मासूम

# अस्पताल में न मास्क मिला न एंबुलेंस में ऑक्सीजन, छह साल के बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

चुरहट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल उठे हैं। सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल पहुंचे छह वर्षीय बैगा समुदाय के बच्चे को समय पर ऑक्सीजन मास्क नहीं मिल सका। गंभीर हालत में रीवा रेफर किए गए बच्चे के लिए 108 एंबुलेंस भी करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची। रास्ते में हालत बिगड़ने पर बच्चे ने दम तोड़ दिया। कैमोर निवासी रोहित बैगा की गुरुवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उसकी मां मुन्नी बैगा उसे लेकर चुरहट अस्पताल पहुंचीं। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे संजय गांधी अस्पताल, रीवा रेफर कर दिया। परिजन ▶▶ शेष पेज 4 पर



अचेत हालत में मासूम

***चुरहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला***

### खून से लथपथ हालत में पिता के पास पहुंची पीड़िता

# मां ने ही कथित प्रेमी से कराया नाबालिग बेटी से दो बार दुष्कर्म

**पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में दर्ज किया केस, मां और उसका प्रेमी फरार**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

बमीठा थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने उसकी मां और 35 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि मां ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर बेटी को खेत में ले जाकर उसके साथ दो बार दुष्कर्म कराया। घटना के बाद पीड़िता दर्द और खून से लथपथ हालत में पिता के पास पहुंची, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पिता बच्ची को लेकर बमीठा थाने पहुंचे। पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता कक्षा आठवीं की छात्रा है और उसके पिता खेती-किसानी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बरायठा के जंगल में पुलिस और आरोपी रवि के बीच हुई फायरिंग

# सागर में जहरीली शराब कांड के आरोपी को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद पकड़ा, 20 हजार था इनाम

- एक अन्य आरोपी से अतिक्रमण मुक्त कराई 4.79 हेक्टेयर भूमि
- मुख्यमंत्री डॉ, यादव ने कहा- किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सागर में जहरीली शराब मामले में शुक्रवार को मुख्य आरोपी रवि लखेरा को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। बरायठा के जंगल में पुलिस और रवि के बीच फायरिंग हुई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। इस पर 20 हजार का इनाम था। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने इसकी पुष्टि की है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ▶▶ शेष पेज 4 पर



आरोपी रवि लखेरा अस्पताल में भर्ती

**आरोपी ने पुलिस पर की 3 राउंड फायरिंग**

पुलिस अधीक्षक सुजानिया ने बताया कि आरोपी रवि लखेरा की लोकेशन बरायठा के जंगल में यूपी बॉर्डर के पास खैवाहा गांव में मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो रवि ▶▶ शेष पेज 4

### मेडिकल कॉलेज में भर्ती 3 और मरीजों ने दम तोड़ा

जहरीली शराब पीने से अब तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती 3 और मरीजों ने दम तोड़ा था। हालांकि, प्रशासन 16 मौतों की ही पुष्टि कर रहा है। पुलिस ने अब तक 33 लोगों को ▶▶ शेष पेज 4 पर






## राजधानी में इस बार गणेश उत्सव की झांकियों में दिखेगा आस्था के साथ कला और सामाजिक संदेश का संगम

# सोमवार से आरंभ होगा गणेशोत्सवः कहीं चार धाम, कहीं जगन्नाथपुरी के होंगे दर्शन, डॉल्फिन की गोद में विराजे बप्पा समुद्री जीवों के संरक्षण का देंगे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। शहर में 12 दिवसीय गणेश उत्सव का शुभारंभ होने में अब महज तीन दिन शेष हैं। सार्वजनिक गणेश समितियां इस बार श्रद्धालुओं को अलग-अलग थीम पर आधारित झांकियों के जरिए धार्मिक और सामाजिक संदेश देने की तैयारी में जुटी हैं।

कहीं जगन्नाथ पुरी धाम की प्रतिकृति में लालबाग के राजा विराजेंगे तो कहीं समुद्री जीवों के संरक्षण का संदेश देते हुए डॉल्फिन की गोद में गणपति नजर आएंगे। गुलमोहर में श्रद्धालु चार धाम के दर्शन कर सकेंगे, जबकि इंद्रपुरी में फिल्म ह्यकांताराह्न की थीम पर बप्पा का दरबार सजाया जाएगा।

### जगन्नाथपुरी धाम में विराजेंगे लालबाग के राजा

## कोलार में 9055 फीट के वाटरप्रूफ पंडाल में बनेगा भव्य मंदिर

*बीमा कुंज, कोलार रोड में श्री उत्सव समिति इस बार श्रद्धालुओं को जगन्नाथपुरी धाम की झलक दिखाएगी। समिति के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया कि पंडाल को जगन्नाथपुरी धाम मंदिर का स्वरूप दिया जा रहा है। इसके बीच मुंबई के कलाकारों द्वारा तैयार की जा रही करीब 20 फीट ऊंची लालबाग के राजा की प्रतिमा विराजमान होगी। करीब 25 लाख रुपए की लागत से तैयार हो रही झांकी के लिए 9055 फीट का वाटरप्रूफ पंडाल बनाया जा रहा है। गणेश प्रतिमा की स्थापना 11 पंडितों द्वारा विधि-विधान से की जाएगी। उत्सव के दौरान भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, जिनमें देश और प्रदेश के कलाकार प्रस्तुति देंगे।*



### चांदी के सिंहासन पर रिद्धि-सिद्धि संग विराजेंगे भोपाल के राजा

## पीपल चौक की झांकी में दिखेगा शहर के गणेशोत्सव की परंपरा का इतिहास

पीपल चौक में श्री डोल ग्यारस समारोह समिति इस बार भोपाल के राजा की झांकी सजा रही है। करीब 8 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा रिद्धि-सिद्धि और पूरे परिवार के साथ चांदी के सिंहासन पर विराजमान होगी। समिति के सदस्य दीपक गोयल ने बताया कि इसे भोपाल का प्रथम गणेश उत्सव माना जाता है और यहीं से शहर में सार्वजनिक गणेशोत्सव की परंपरा शुरू हुई थी। करीब 20 लाख रुपए की लागत से तैयार हो रही झांकी में छप्पन भोग और फल महोत्सव सहित कई धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।



### गुलमोहर में चार धाम के होंगे एकसाथ दर्शन

## 10 हजार वर्गफीट में तैयार हो रही झांकी, बद्रीनाथ, द्वारकाधीश, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम धाम दिखेंगे



*गुलमोहर श्री गणेश उत्सव समिति इस बार श्रद्धालुओं को एक ही झांकी में देश के प्रमुख धार्मिक धामों के दर्शन कराने की तैयारी कर रही है। करीब 10 हजार रनिंग स्क्वायर फीट में तैयार हो रही झांकी में बद्रीनाथ, द्वारकाधीश, जगन्नाथ पुरी और रामेश्वरम धाम की प्रतिकृतियां बनाई जा रही हैं। इसके अलावा गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन भी श्रद्धालु कर सकेंगे। समिति के अध्यक्ष अभिज्ञान नरेंद्र पटेल ने बताया कि समिति का यह 25वां वर्ष है। झांकी की लागत करीब 12 लाख रुपए है। झांकी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन के सफर पर आधारित गैलरी भी बनाई जा रही है। इसमें मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के सफर को दिखाया जाएगा।*

### कांतारा के सेट पर विराजेंगे इंद्रपुरी के राजा

## 28वें वर्ष में फिल्म की थीम पर सज रहा गणेश दरबार, दैवीय लोक संस्कृति की दिखेगी झलक




*इंद्रपुरी सी सेक्टर में श्री मां जगदंबा गणेश उत्सव समिति इस बार फिल्म कांतारा की थीम पर गणेश दरबार सजाने जा रही है। समिति के 28वें वर्ष में यहां बप्पा को इंद्रपुरी के राजा के रूप में विराजमान कराया जाएगा। झांकी की लागत करीब 7 लाख रुपए है। ब्लॉकबस्टर कन्नड़ फिल्म कांतारा के सेट और उसकी लोक संस्कृति से प्रेरित थीम को झांकी का स्वरूप दिया जा रहा है। फिल्म के लोकप्रिय दैवीय लोक संगीत और पारंपरिक परिवेश की झलक के बीच गणपति बप्पा का दरबार सजाया जाएगा। समिति की ओर से झांकी को आकर्षक और पारंपरिक रूप देने के लिए अंतिम तैयारियां की जा रही हैं*

### डॉल्फिन की गोद में बैठेंगे बप्पा, देंगे समुद्री जीवन बचाने का संदेश

## इतवारा में डॉल्फिन बनेगी मुख्य आकर्षण का केंद्र

इतवारा स्थित शिव मंदिर के पास हिंदू मित्र मंडल इस बार गणेशोत्सव को समुद्री जीवन संरक्षण से जोड़ रहा है। यहां करीब 12 फीट चौड़ी और 20 फीट ऊंची डॉल्फिन की गोद में गणपति बप्पा विराजमान होंगे।मंडल के अध्यक्ष कपिल जाधव ने बताया कि यह समिति का 31वां वर्ष है। करीब 12 लाख रुपए की लागत से तैयार हो रही झांकी के जरिए समुद्री जीवों को बचाने और विश्व में शांति का संदेश दिया जाएगा। समिति के अनुसार डॉल्फिन बुद्धिमत्ता, शांति और जीवंतता का प्रतीक है। इसी संदेश को गणेशोत्सव की थीम बनाया गया है।




### महाप्रबंधक मानव संसाधन हेमराम पटेल को सौंपा ज्ञापन

## कस्तूरबा अस्पतालः बीएमएस ने कहाः नियमित भर्ती नहीं होने तक डॉक्टरों की वैकल्पिक व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कस्तूरबा अस्पताल में चिकित्सक एवं पैरामेडीकल स्टाफ की नियमित भर्ती होने तक वैकल्पिक व्यवस्था की मांग को लेकर हेवु भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) बीएचईएल के प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक मानव संसाधन हेमराम पटेल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

कस्तूरबा अस्पताल में लगभग 30 हजार पात्रधारी कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपचार हेतु निर्भर हैं। वर्तमान में ईएनटी, चर्मरोग, न्यूरो एवं मनोचिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण विभागों में नियमित विशेषज्ञ चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से मरीजों को नियमित ओपीडी एवं उपचार की सुविधा नहीं मिल पा रही है। वैकल्पिक व्यवस्था में भी मरीजों की संख्या सीमित होने के कारण समस्या बनी हुई है। यह विषय जीसीएम, मिनी जीसीएम एवं चिकित्सा सलाहकार समिति में बार-बार रखने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

### दो-तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता हो सुनिश्चित

यूनियन ने मांग रखी कि डॉक्टरों की नियमित भर्ती होने तक इन विभागों में प्रतिदिन कम से कम 100 मरीजों को परामर्श तथा सुबह एवं सायंकाल दो से तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही चिकित्सकों को दिया जाने वाला मानदेय वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप बढ़ाया जाए, ताकि विशेषज्ञ चिकित्सक कस्तूरबा अस्पताल में सेवा देने के लिए प्रोत्साहित हों। नियमित विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती ही इसका स्थायी समाधान है। नियमित डॉक्टर की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ किए की जाए। प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप अग्रवाल, लक्ष्मण पटवा, विनोद विसे, बेदीलाल श्यामकर, सी राधा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## मॉडल स्कूल की छात्राओं ने दिलाए भोपाल जिले को दो गोल्ड मेडल

**भोपाल।** 70वीं संभाग स्तरीय शालेय कुश्ती खेल प्रतियोगिता सीहोर जिले में आयोजित की गई जिसमें अंदर 17 बालिका वर्ग में-46 वेट कैटेगरी में ऋषिका यादव ने सेमीफाइनल मैच में राजगढ़ को और फाइनल मैच में सीहोर जिले को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया तथा 70 वी संभाग स्तरीय लॉन टेनिस खेल प्रतियोगिता में निकिता यादव ने प्रथम स्थान रह कर गोल्ड मेडल हासिल किया दोनों छात्राओं को विद्यालय की प्राचार्य रेखा शर्मा उप प्राचार्य डॉ ममता दीक्षित खेल अधिकारी दीवान चंद्र मौली एवं समस्त स्टाफ ने बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया।

### 300 पुलिस जवानों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा

पुलिस उपायुक्त ने जवानों को दिया मार्गदर्शन

## आगामी त्यौहारों एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस लाइन में आयोजित हुई बलवा मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी त्यौहारों में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस समय-समय पर होने वाले धरना-प्रदर्शन और अन्य कानून-व्यवस्था संबंधी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से शुक्रवार सुबह पुलिस लाइन, नेहरू नगर में बलवा मॉक ड्रिल परेड का आयोजन किया गया। वहीं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और पुलिस उपायुक्त आदर्श कांत शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित इस मॉक ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी, अलग-अलग थानों का पुलिस बल और रक्षित केंद्र के अधिकारी-कर्मचारियों सहित 300 पुलिस जवानों ने हिस्सा लिया।



### आमजन एवं सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा जरूरी

बलवा मॉक ड्रिल परेड के अवसर पर पुलिस उपायुक्त आदर्श कांत शुक्ला ने अधिकारियों और जवानों को संबोधित किया और बलवा ड्रिल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कानून-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान उत्पन्न होने वाली विपरीत परिस्थितियों में पुलिसकर्मियों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों, समन्वय, अनुशासन एवं उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में मार्गदर्शन किया। पुलिस जवानों को भीड़ नियंत्रण के दौरान परिस्थितियों का आकलन करते हुए निर्धारित प्रोटोकॉल एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई करने और स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ आमजन एवं सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### बलवा मॉक ड्रिल में अलग-अलग टीमों ने किया अभ्यास

मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस बल को विभिन्न टीमों में विभाजित कर उनकी जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। इनमें टियर गैस पार्टी, अश्रु गैस पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, मेडिकल पार्टी एवं वाटर कैनन पार्टी सहित अन्य आवश्यक दल शामिल रहे। मॉक ड्रिल के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर किए जा रहे प्रदर्शन की स्थिति का रिहर्सल किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों से संवाद स्थापित कर उन्हें समझाने एवं स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से नियंत्रित करने का प्रयास किया गया।

### प्रोटोकॉल के अनुसार पुलिस कार्रवाई का अभ्यास

*परिस्थितियां बिगड़ने पर भीड़ नियंत्रण के लिए निर्धारित क्रम एवं प्रोटोकॉल के अनुसार पुलिस कार्रवाई का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान चेतावनी, अलाउंसमेंट, टियर गैस एवं अश्रु गैस के प्रयोग, लाठी पार्टी की कार्रवाई और अन्य भीड़ नियंत्रण उपायों का अभ्यास किया गया। साथ ही, गंभीर स्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों एवं सक्षम मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार की जाने वाली कार्रवाई का भी रिहर्सल किया।*



भोपाल
शनिवार, 12 सितंबर 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष-1
वर्ष : 13, अंक : 162
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 खिताबी हैट्रिक की दहलीज पर सबालेंका...
विचार पेज
06 'जेन जी' ने बदल दिया चुनावी...

## ब्रिक्स की बढ़ती आर्थिक ताकत का जिक्र पश्चिमी देशों पर प्रतिस्पर्धा बिगाड़ने का आरोप

दिल्ली में 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलनः पीएम नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात, पुतिन ने मोदी को वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस आने का न्योता दिया



गले मिलते पीएम मोदी और पुतिन

# ब्रिक्स के मंच से 'जी-7' देशों को दिखाया आईना

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल ब्रिक्स के 20 वर्ष पूरे हो रहे हैं। 2006 में जब इस समूह की शुरुआत हुई थी, तब इसमें केवल चार देश थे। आज ब्रिक्स के सदस्य और साझेदार देशों को मिलाकर इसका परिवार 21 देशों तक पहुंच गया है*

### पुतिन ने इन आंकड़ों से बताया ब्रिक्स को आगे

**ब्रिक्स**
- पिछले 5 वर्षों में ब्रिक्स देशों ने विश्व की 40% से अधिक जीडीपी बनाई

**जी-7**
- जी-7 का हिस्सा केवल 29% रहा

**ब्रिक्स**
- दुनिया की आर्थिक वृद्धि में ब्रिक्स की हिस्सेदारी 50% से अधिक रही

**जी-7**
- जी-7 केवल 18% का योगदान दे सका

**ब्रिक्स**
- विश्व का लगभग 40 प्रतिशत व्यापार ब्रिक्स देशों के बीच

**जी-7**
- दुनिया के कुल व्यापार में लगभग 25% से 30% की हिस्सेदारी

**जी-7 में कौन देश**
अमेरिका, ब्रिटेन , फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा। इसके अलावा यूरोपीय संघ भी इसका प्रतिनिधित्व करता है

**ब्रिक्स में कौन देश**
ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका,मिस्र,इथियोपिया,ईरान, संयुक्त अरब अमीरात,सऊदी अरब और इंडोनेशिया

BRICS | भारत 2026
ब्राजील रूस भारत चीन साउथ अफ्रीका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से द्विपक्षीय मुलाकात की। इस साल दोनों नेताओं की यह दूसरी बैठक है। इससे पहले 31 अगस्त को किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन में उनकी मुलाकात हुई थी। बैठक में दोनों नेताओं ने राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, कौशल और लोगों के बीच संपर्क समेत द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। दोनों ने 9 से 11 सितंबर तक भारत में पहली बार आयोजित रूस की औद्योगिक प्रदर्शनी 'इनोप्रोम इंडिया' का स्वागत किया ▶▶ शेष पेज 4 पर



पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक

### पुतिन बोले- पता नहीं क्यों इसे 'ग्रेट-7' कहते हैं?

### मोदी ने कहा- भारत दुनिया में 'आर्थिक पुल' बना रहा

### आज भारत आएंगे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग शनिवार को भारत पहुंचेंगे। सात साल बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। वह शनिवार दोपहर 12:10 बजे भारत पहुंचेंगे। दोपहर करीब 2 बजे वह भारत मंडपम पहुंचेंगे, जहां पीएम मोदी और अन्य नेता उनका स्वागत करेंगे। वह 12 और 13 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी के निमंत्रण पर हो रही इस यात्रा के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक भी प्रस्तावित है। जिनपिंग के साथ 67 सदस्यीय सरकारी प्रतिनिधिमंडल भारत आएगा। रविवार दोपहर 12:20 बजे वह रवाना होंगे। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### मोदी-पुतिन ने एक ही गाड़ी में किया सफर

अमेरिका-ईरान युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के बीच एक खास तस्वीर निकलकर सामने आई। दोनों नेता एक कार में सवार होकर भारत मंडपम में प्रदर्शनी के लिए पहुंचे।



पुस्तक भेंट करते हुए

## मोदी ने पुतिन को प्राचीन तमिल क्लासिक 'तिरुक्कुरल' का रूसी अनुवाद भेंट किया

भारत मंडपम में रूसी राष्ट्रपति के पहुंचते ही पीएम मोदी ने उनका स्वागत किया और उन्हें एक पुस्तक भेंट की। यह पुस्तक रूस में अनुवाद किया गया है। 'तिरुक्कुरल' तमिल भाषा में लिखी गई रचना है। इसे तमिल कवि संत तिरुवल्लुवर ने लिखी थी, जिन्हें वल्लुवर भी कहा जाता है। तिरुक्कुरल का हिंदी मतलब है पवित्र दोहे। इस पुस्तक को करीब दो हजार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पीएम मोदी के भाषण की बड़ी बातें

1. ब्रिक्स देश वैश्विक नवाचार और समाधान के प्रमुख केंद्रों के रूप में भी उभर रहे हैं। जमीनी स्तर की पहलों से लेकर अत्याधुनिक तकनीकों तक नवाचार की नई संभावनाएं हमारे देशों में आकार ले रही हैं। ब्रिक्स के बढ़ते स्तर, गति और उम्मीद का असर हमारे बीच साफ दिखाई देता है।
2. भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका आधार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रपति पुतिन के भाषण की प्रमुख बातें

1. पुतिन ने भारत की महिंद्रा, चीन की हुआवेई, ब्राजील की एम्ब्रेयर और यूएई की डीपी वर्ल्ड का उल्लेख किया। उन्होंने रूस की रोसाटॉम को शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में शामिल बताया।
2. पुतिन ने पश्चिमी देशों पर प्रतिस्पर्धा में अनुचित तरीके अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने पाइपलाइनों को नुकसान पहुंचाने, परिवहन गलियारों में बाधा डालने, समुद्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### बैंक में मिर्च पावडर झोंका, 4.53 लाख लूटे



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में एसबीआई की शाखा में एक आरोपी ने बैंक कर्मचारियों की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर 4.53 लाख रुपए लूट लिए। घटना सक्करदरा थाना क्षेत्र की है। आरोपी सूरज बोरकर मुंह पर कपड़ा बांधकर बैंक में घुसा था। पुलिस ने पीछा किया और उसे रकम के साथ दबोच लिया।

### कान्हा में हाथियों को मिलेगा 7 दिन आराम



**मंडला।** विश्व प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व में सालभर वन्यजीव सुरक्षा और गश्त में जुटे विभागीय हाथियों को सात दिन आराम मिलेगा। सुपखार परिक्षेत्र में 15 से 20 सितंबर तक पुनर्जीवन (रिजुविनेशन) कैंप आयोजित किया जाएगा। कान्हा में 16 विभागीय हाथी हैं, जिनमें 9 नर, 6 मादा और एक नवजात शामिल है।

## 8 लाख बैंककर्मियों की हड़ताल का असर

### देशभर में करीब 300 लाख करोड़ का कारोबार 'प्रभावित'





एमपी नगर में प्रदर्शन

*भोपाल। 5 दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने सहित लंबित मांगों के निराकरण को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल हुई। इसमें एसबीआई, पीएनबी और यूनियन बैंक सहित सरकारी तथा कुछ निजी बैंकों के करीब 8 लाख अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। हड़ताल से* ▶▶ शेष पेज 4 पर
▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

**मध्यप्रदेश में 15 लाख करोड़ और भोपाल में 3 लाख करोड़ का बैंकिंग व्यवसाय प्रभावित**

**एक लाख शाखाओं में कामकाज रहा बंद**

### 50 लाख रुपए की रिश्वतखोरी की जांच

## ड्रग्स हेराफेरी के आरोप में सीबीएन अधिकारी के घर सीबीआई का छापा

रिश्तेदार के खाते में ऑनलाइन रकम ट्रांसफर होने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीमच

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार शाम नीमच स्थित केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) कॉलोनी में अधिकारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव के सरकारी आवास पर छापेमारी की। कार्रवाई नशीली दवाओं की जब्ती से जुड़े



सिद्धार्थ श्रीवास्तव

एक मामले में 30 से 50 लाख रुपए की कथित रिश्वतखोरी और मामले को दबाने के आरोपों की जांच के सिलसिले में की गई। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई को ऑनलाइन पैसों के संदिग्ध लेन-देन की जानकारी मिली थी। इसी आधार पर टीम अचानक अधिकारी के आवास पर पहुंची। तलाशी देर रात तक चली। जांच में सामने आया कि कथित ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पिछले 24 घंटों में बालाघाट में 40, दमोह में 144 मिलीमीटर बारिश

राजधानी में गरज-चमक के साथ जमकर बरसे बादल

## लीजिए, छोटे से ब्रेक के बाद लौट आया मानसून आज भी 16 जिलों में भारी बारिश का 'अलर्ट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मानसूनी सिस्टम एक बार फिर सक्रिय हो गया है। शुक्रवार से प्रदेश के मध्य से निकलने वाली मानसूनी ट्रफ ने प्रदेश को तरबतर कर दिया। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम से आने वाले कुछ दिनों तक बारिश का दौर जारी रहेगा।

जिसकी वजह से शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में झमाझम बारिश हुई। शाम तक बालाघाट में 40 मिलीमीटर, दतिया में 34 मिलीमीटर और उमरिया में 33 मिलीमीटर पानी बरसा। इसके अलावा गुना, ग्वालियर, जबलपुर और सागर समेत कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई है। दमोह में बीते 24 घंटों ▶▶ शेष पेज 4 पर



भोपाल के करोंद रोड पर बारिश

**प्रदेश में कहां कितनी हुई वर्षा**

| शहर | मिलीमीटर में |
|---|---|
| सागर | 12.0 |
| सिवनी | 12.0 |
| राजगढ़ | 10.0 |
| दमोह | 7.0 |
| गुना | 4.0 |

**प्रदेश के चार बड़े शहरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 31.2 | 23.6 |
| इंदौर | 32.4 | 21.8 |
| ग्वालियर | 32.7 | 26.9 |
| जबलपुर | 31.0 | 23.0 |

(तापमान डिग्री सेल्सियस में)

PATANJALI wellness Yoga, Ayurveda & Naturopathy
+91-8954666111
पतंजलि वेलनेस योगग्राम निरामयम्
NABH ACCREDITED AH-2026-0472
सिर्फ 7 दिनों में मोटापा, बीपी, शुगर, थायराइड, चर्म रोग, इनफर्टिलिटी, पाइल्स, क्रोनिक लिवर, क्रोनिक किडनी, क्रोनिक कब्ज, कोलाइटिस, अर्थराइटिस, हार्ट प्रॉब्लम एवं सभी लाइफस्टाइल और क्रोनिक डिजीज को जड़ से मिटायें
सात से दस दिन के आवासीय उपचार के दौरान पंचकर्म, षट्कर्म, शंखप्रक्षालन, कोलोन थेरेपी, बस्ति, शिरोधारा, कर्णपूर्ण, अभ्यंग, वात मोक्षण, श्रृंगी चिकित्सा, लीचथेरेपी, अग्निकर्म, कर्ण भेद, ओजोन थेरेपी, स्वेदन, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, योगिक फिजियोथेरेपी, यज्ञ चिकित्सा, मंत्र चिकित्सा आदि लगभग 500 प्रकार की थेरेपी से पूरे शरीर का कायाकल्प (डिटॉक्स) करायें तथा वात, पित्त एवं कफ त्रिदोषों का संतुलन करके शरीर के रिजुविनेशन और ट्रांसफॉर्मेशन के लिए आप सादर आमंत्रित हैं।
7 दिन की बुकिंग में 10% एवं 10 दिन या उससे अधिक की बुकिंग में 20% की विशेष छूट का उपहार





इंटीग्रेटेड एवं वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं



कोलोन थैरेपी अक्षितर्पण श्रृंगी चिकित्सा शिरोधारा अभ्यंग स्वेदन पत्रपिण्ड स्वेदन
पतंजलि वेलनेस एवं योगग्राम में रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें:
कॉल करें: 8954-666-111 , 8954-666-222
मिलिट्री, पैरामिलिट्री एवं केंद्र सरकार में सेवारत कर्मचारियों तथा प्रमुख बीमा कंपनी के कार्डधारकों हेतु निः शुल्क कैशलेस एवं रिइम्बर्समेंट चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध हैं
CAPF CGHS ECHS MAGMA STAR 50+ Insurance एवं TPA कंपनियां
प्रतिदिन आस्था चैनल व इंडिया टीवी या यू ट्यूब आदि से जुड़कर योग अभ्यास करें
प्रातः 5 से 7:30 और सायं 8 से 9 बजे
आस्था LIVE संस्कार रोज रात 9:00 बजे INDIA TV रोज सुबह 8:00 बजे YouTube Swami Ramdev | Acharya Bal Krishna
घर बैठे 24x7 निःशुल्क टेलीमेडिसिन सेवा द्वारा रोगों का उपचार जानने एवं हमारे सीनियर वैद्य से वैद्यकीय परामर्श लेने हेतु टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें
1800 296 1111

# ‘सेवा संकल्प अभियान’ सुशासन, संस्कार सेवा व जनभागीदारी का व्यापक अभियान

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने ‘सेवा संकल्प अभियान’ को लेकर की पत्रकार वार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश भर में चलाए जाने वाले ‘सेवा संकल्प अभियान’ को लेकर शुक्रवार भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित हैं।

प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की इस सेवा यात्रा से जन-जन को परिचित कराने और सेवा के संस्कार को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक ‘सेवा संकल्प अभियान’ चलाया जा रहा है। यह केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, सुशासन और जनभागीदारी का व्यापक अभियान है। प्रधानमंत्री के सेवा-



प्रेस कांफ्रेंस करते डॉ. यादव एवं खंडेलवाल।

संकल्प से प्रेरणा लेकर विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण को नई गति देने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को धरातल पर उतारने का कार्य मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम के माध्यम से मध्यप्रदेश में दो मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों के विकास की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है।

### कर्मचारियों को पदोन्नति दुग्ध उत्पादन भी बढ़ाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में करीब एक लाख अधिकारियों-कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। 85 हजार शासकीय पदों पर भर्तियां की जा रही हैं, जबकि ढाई लाख पदों पर आने वाले समय में भर्ती किए जाने की तैयारी है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन और संकलन को बढ़ावा देने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। निवेश और रोजगार के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

### 71 हजार से अधिक बूथों के लाभार्थियों तक पहुंचेगी भाजपाः खंडेलवाल

प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि पीएम मोदी के सेवा व समपर्ण के 25 वर्ष जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक ‘सेवा संकल्प अभियान’ चलाया जाएगा। भाजपा ‘सेवा संकल्प अभियान’ के तहत अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए 71 हजार से अधिक बूथों के लाभार्थियों तक पहुंचेगी। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 17 सितंबर को शाम सात बजे प्रदेश के 71 हजार से अधिक बूथों के हर लाभार्थियों के घरों में आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित किया जाएगा। 07 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री के मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

### प्रदेश के सभी 11404 शक्ति केंद्रों पर सेवा की कहानियां करेंगे साझा

खण्डेलवाल ने कहा कि प्रदेश के सभी 11404 शक्ति केंद्रों में सेवा की कहानी कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री जी की योजनाओं के लाभार्थियों की न्यूनतम 10-10 वास्तविक कहानियों (रील्स) को सोशल मीडिया पर साझा किया जाएगा। 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हर जिले और गांव में पदयात्रा, साइकिल व बाइक रैलियां निकाली जाएंगी, जो एक मुख्य स्थल पर मिलकर ‘विकसित भारत-2047’ का सामूहिक संकल्प लेंगी। गुजरात के वडनगर स्थित हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर 250 बाइकों पर 500 यात्री जल लेकर वाराणसी (काशी विश्वनाथ) के लिए 10 अलग-अलग समूह में प्रस्थान करेंगे।

## खबर संक्षेप

### ‘खाकी वर्दी का योद्धा’ का विमोचन आज

**भोपाल।** पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी स्व. विजय रमन के जीवन, कार्यशैली, साहस और पुलिस सेवा के अनुभवों पर आधारित पुस्तक ‘खाकी वर्दी का योद्धा’ का विमोचन समारोह आयोजित किया जा रहा है। पुस्तक विमोचन समारोह शनिवार दोपहर 3:30 बजे दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में आयोजित होगा। पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया कि समारोह में प्रमुख अतिथि मप्र के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस कैलाश मकवाना होंगे। कार्यक्रम में स्व. विजय रमन की पत्नी वीना रमन तथा राजनीतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर विशेष अतिथि होंगे। स्व. विजय रमन मध्यप्रदेश कैडर के चर्चित आईपीएस अधिकारियों में शामिल रहे। भारतीय पुलिसिंग में उनकी पहचान साहस, नेतृत्व क्षमता, बुद्धिमत्ता और चुनौतीपूर्ण अभियानों के लिए रही। चंबल क्षेत्र में कुख्यात डाकू पान सिंह तोमर और उसके गिरोह के सफाए के लिए चलाए गए अभियान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा उन्होंने कुख्यात आतंकवादी गाजी बाबा को मार गिराने वाले अभियान का भी नेतृत्व किया। केरल में पले-बढ़े विजय रमन ने वडोदरा स्थित एमएस. विश्वविद्यालय से विधि की शिक्षा प्राप्त की और स्वर्ण पदक हासिल किया। पुलिस सेवा के साथ-साथ उन्हें रोमांचक अभियानों और यात्राओं के प्रति भी विशेष रुचि थी।

### सेवा संकल्प अभियान को लेकर हुई चर्चा

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा संकल्प अभियान की प्रदेश टोली एवं विभिन्न कार्यक्रमों की टोलियों की बैठक को संबोधित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक को प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं पार्टी के प्रदेश महामंत्री व अभियान के प्रदेश संयोजक राहुल कोठारी ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह, निर्मला भूरिया, विश्वास कैलाश सारंग, इन्दर सिंह परमार, कृष्णा गौर, धर्मेन्द्र सिंह लोधी, नरेन्द्र शिवाजी पटेल, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह, प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े, संभाग प्रभारी डॉ. अभय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नवाचारों-आधुनिक तकनीकों पर केंद्रित प्रदर्शनी का सीएम ने किया शुभारंभ

# महिलाओं की ओर से संचालित ‘रैपिडो पिंक’ बाइक-टैक्सी को मिलेगा बढ़ावा

- स्मार्ट और ग्रीन मोबिलिटी की ओर मध्यप्रदेश के कदम : इंदौर समिट में कनेक्टिविटी और नवाचारों पर हुआ मंथन
- प्रदेश में सुरक्षित, सुलभ, किफायती और तकनीकी सक्षम सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में स्मार्ट, सुरक्षित, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार मोबिलिटी इकोसिस्टम के निर्माण में प्रदेश के नागरिकों, शोधकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों और नवप्रवर्तकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर ‘एमपी मोबिलिटी इनोवेशन चैलेंज 2026’ का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में नवाचारों और आधुनिक तकनीकों पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ और अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री का इंदौर के जनप्रतिनिधियों और बस ट्रांसपोर्ट संचालकों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में 14 सितंबर को विघ्नहर्ता भगवान गणेश का आगमन होने जा रहा है। स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने गणेश स्थापना के माध्यम से देशवासियों को एकजुट किया था। इसी माह 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस है। उनके नेतृत्व में पहले गुजरात और अब भारत ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनकी दूरदर्शी सोच से पूरा भारत गौरवान्वित है। मोदी सर्वाधिक समय तक शासन करने वाले देश के इकलौते नेता हैं। देशभर से नक्सलवाद की समस्या खत्म हुई है। मप्र लाल सलाम को आखिरी सलाम करने वाला देश का पहला राज्य है।




एमपीवायपी आईएल और रेपिडो के बीच एमओयू का आदान प्रदान हुआ।

### परिवहन सेवा उपलब्ध कराने का

एका मोबिलिटी, पुणे के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुधीर मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश में सुगम परिवहन सेवा उपलब्ध कराने का विजन प्रशंसनीय है और इसी दिशा में यात्री परिवहन विजन समिट का आयोजन महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि एका मोबिलिटी द्वारा मध्यप्रदेश में चौथे प्लांट के रूप में पीथमपुर में इलेक्ट्रिक बस निर्माण का संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जिसका कार्य मात्र 14 माह में पूर्ण किया गया है। इस संयंत्र की वार्षिक उत्पादन क्षमता 5 हजार ई-बसों की होगी, जो प्रदेश के औद्योगिक इकोसिस्टम को मजबूत करने के साथ सुगम एवं आधुनिक परिवहन व्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### सीएम ने नवाचार और नवीन ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में यात्री परिवहन विजन समिट-2026 के दौरान तकनीक, नवाचार और प्रदेश के नवीन ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में ही यात्री परिवहन विजन समिट-2026 में बस निर्माताओं, आईटी कंपनियों, वित्तीय संस्थानों एवं अन्य उद्योगों के साथ प्रदेश के विभिन्न शासकीय निगमों की गतिविधियों और नवाचारों पर आधारित इंडस्ट्री एक्सपो का भी उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्सपो में विभिन्न कंपनियों की ओर से प्रदर्शित बसों का अवलोकन किया तथा उनके फीचर्स और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं की जानकारी ली। प्रदर्शनी में ट्रांसपोर्ट सिस्टम परिवहन व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित, आधुनिक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई कंपनियों और संस्थानों ने सहभागिता की। प्रदर्शनी में कंपनियों ने अपनी तकनीक, सेवाओं, उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया।



नेटवर्किंग एवं एक्सपो का शुभारंभ किया।

इसके अतिरिक्त उन ईवी बसों को भी प्रदर्शित किया गया, जो भविष्य में परिवहन का अहम जरिया बनेंगी। प्रदर्शनी में थिंक गैस, यश टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इंडियन ऑयल, लाइट मेट्रिक्स, एमपीआईडीसी, क्यूब कंस्ट्रक्शन, कल्याणी पावरट्रेन लिमिटेड और ओम्निफिसेंट सहित विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में परिवहन क्षेत्र से जुड़े आधुनिक समाधानों, तकनीकी नवाचारों, ऊर्जा और ईंधन से संबंधित सुविधाओं तथा अधोसंरचना विकास की संभावनाओं को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान परिवहन एवं स्कूलशिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

## प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने की समीक्षा

# ‘जन विश्वास अभियान’ में डोर-टू-डोर सर्वे कर शिकायतों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने बैतूल वृत्त का मैदानी दौरा कर विद्युत वितरण व्यवस्था, राजस्व संग्रहण, अधोसंरचना विकास कार्यों एवं उपभोक्ता सेवाओं की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही कंपनी के राजस्व में सुधार के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गर्ग ने जन विश्वास अभियान की तैयारियों और कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिविरों से पहले क्षेत्र में डोर-टू-डोर सर्वे किया जाए। सर्वे के दौरान उपभोक्ताओं की मीटर, बिलिंग एवं अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं की जानकारी एकत्र कर उनका शिविरों में प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए प्रबंध संचालक ने अधिक बकाया वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण में लापरवाही या असंतोषजनक कार्य प्रदर्शन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों के नियमित रख-रखाव, लाइन पेट्रोलिंग तथा विद्युत लाइनों के आसपास पेड़ों की शाखाओं की समय पर कटाई-छंटाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बच्चों ने बनाई हाथों से भगवान गणेश की प्रतिमाएं, मुख्यमंत्री को की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन, सीहोर के विशेष बच्चों द्वारा अपने हाथों से मिट्टी से निर्मित भगवान श्री गणेश की सुंदर प्रतिमाएं भेंट कीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने बच्चों की प्रतिभा और उनके प्रयासों की सराहना की एवं बच्चों द्वारा निर्मित गणेश प्रतिमाओं के विक्रय एवं प्रदर्शन के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय में स्टॉल लगाने की अनुमति भी प्रदान की। इस अवसर पर संस्था की संरक्षक गुंजन चौकसे एवं संस्था के अध्यक्ष अर्जुन सिंह उपस्थित रहे।

## मंत्री कृष्णा गौर ने किया भूमि पूजन

# संतोषी विहार में 1.43 करोड़ के विकास कार्यों को मिली रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 68 में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक एवं मंत्री कृष्णा गौर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। करीब 1.43 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों की कड़ी में संतोषी बिहार कॉलोनी स्थित मंदिर में पेविंग ब्लॉक लगाने, मंदिर की छत के सुधार तथा सामने की मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया।

भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद कॉलोनी के प्रमुख उमेश गौतम एवं मंजू गौतम के निवास पर मंत्री कृष्णा गौर का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर स्थानीय लोगों ने अपनी बात भी रखी।



कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद उर्मिला मौर्य, जिला उपाध्यक्ष भीकम सिंह बघेल, इंद्रपुरी मंडल अध्यक्ष लवकुश यादव, पार्षद वार्ड शिरोमणी शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माता-निर्देशक मंजू उमेश गौतम, लक्ष्मी ठाकुर, कॉलोनी अध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## पीसी बोले, मास्टर प्लान लागू नहीं होने से शहर का विकास प्रभावित

# मास्टर प्लान लाओ, भोपाल बचाओ 31 घंटे के उपवास में उठी आवाज

» रोशनपुरा चौराहे पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




भोपाल के सुनियोजित विकास और वर्षों से लंबित मास्टर प्लान को लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को रोशनपुरा चौराहे पर आवाज बुलंद हुई। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा द्वारा आयोजित 31 घंटे के उपवास कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, महेंद्र जोशी, गोविंद गोयल, अरुदेश्वर शरण सिंह सहित व्यापारी, समाजसेवी और अधिवक्ताओं ने पहुंचकर समर्थन दिया। कार्यक्रम में पीसी शर्मा ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री के रूप में जयवर्धन सिंह और उनके कार्यकाल में भोपाल मास्टर प्लान 2031 तैयार किया गया था।

इसके बावजूद भाजपा सरकार ने अब तक इसे लागू नहीं किया है। इससे राजधानी के विकास की दिशा तय नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान लागू नहीं होने का सीधा असर शहर के रहवासियों, व्यापारियों और आम नागरिकों पर पड़ रहा है। जमीन के उपयोग, निर्माण, कारोबार और विकास से जुड़े मामलों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर शहर की अर्थव्यवस्था और रोजगार पर भी पड़ रहा है।

## इंदौर में जीतू पटवारी के घर हुई पदाधिकारियों की बैठक में निर्णय

# ‘छात्रों की गूंज’ के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण को 10.80 लाख रुपए जमा करेगी कांग्रेस

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

इंदौर में राहुल गांधी के 19 सितंबर को प्रस्तावित ‘छात्रों की गूंज’ कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के घर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की मौजूदगी में कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक हुई।

इसमें कार्यक्रम स्थल के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) को 10.8 लाख रुपए जमा करने का निर्णय लिया है। बैठक में कार्यक्रम को व्यवस्थित और सफल बनाने पर जोर दिया गया। इसके लिए कांग्रेस की ओर से सुबह से रात तक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है।

### राहुल के कार्यक्रम में बाधा डालने का आरोप

कांग्रेस का आरोप है कि कार्यक्रम के लिए आईडीए की ओर से करीब 10 लाख रुपए की राशि मांगी गई है। इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि पूरे देश में भाजपा को राहुल गांधी का फोबिया हो गया है और उनके कार्यक्रमों में अड़ंगा डालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां राहुल गांधी के कार्यक्रम होते हैं, वहां किसी न किसी तरीके से उन्हें रोकने या बाधा डालने का प्रयास किया जाता है। इंदौर में भी ग्राउंड को लेकर कानून और नियमों का हवाला दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रीजनल पार्क में पहले भी कई राजनीतिक कार्यक्रम हो चुके हैं।

### रीजनल पार्क में ही होगा कार्यक्रम

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चौकसे ने कहा कि रीजनल पार्क में पटाखा दुकानों के लिए करीब 15 दिनों तक कमर्शियल रेट पर जगह दी जाती है। इसके लिए करीब 2 लाख रुपए लिए जाते हैं। जबकि कांग्रेस से एक दिन के कार्यक्रम के लिए पहले साढ़े 10 लाख रुपए, फिर ढाई लाख और अब सवा लाख रुपए की राशि की बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि 19 सितंबर का कार्यक्रम निश्चित है और यह रीजनल पार्क में ही होगा। पैसे से संबंधित निर्णय प्रदेश कांग्रेस कमेटी करेगी।

## स्वास्थ्य मंत्री का बंगला घेरने का प्रयास, युवा कांग्रेस की पुलिस से झड़प

# युवा कांग्रेस ने कहा- वेंटिलेटर पर मप्र की स्वास्थ्य व्यवस्था, स्वास्थ्य मंत्री को देना चाहिए इस्तीफा

इलाज कराने वालों को होना पड़ रहा परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के निवास का घेराव करने की कोशिश की। प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुई।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया ने आरोप लगाया कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर और दवाइयों की कमी है। मरीजों को समय पर एंबुलेंस तक नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था की

### स्वास्थ्य मंत्री पर जवाबदेही से बचने का आरोप





प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी।

बदहाली के कारण आम लोगों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा है। घनघोरिया ने रीवा से लेकर भोपाल तक स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि स्वास्थ्य मंत्री अपनी जवाबदेही से बच रहे हैं।

### रीवा की घटना का हवाला

युवा कांग्रेस ने रीवा की घटना का हवाला देते हुए स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग भी की। प्रदर्शन में भोपाल जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित दुबे, राहुल मंडलोई, प्रदेश महासचिव रोहित राजोरिया, प्रदेश सचिव मोहित सक्सेना, नरेंद्र यादव, लोकेन्द्र शर्मा, जयंत जोशी, अनिकेत द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोलार के सरकारी स्कूलों की बदहाली को लेकर एसडीएम को सौंपा

# कांग्रेस की चेतावनी, सात दिन में बदहाल सरकारी स्कूलों को तुरंत करें दुरुस्त, नहीं तो होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने आने वाले बच्चों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। स्कूल की बदहाली का आलम यह है कि छतें जर्जर होने के साथ पानी टपकता रहता है। अगर सात दिन में कोलार के बदहला सरकारी स्कूल दुरुस्त नहीं हुए तो कांग्रेस कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे।

शुक्रवार को मप्र कांग्रेस के प्रदेश सचिव राजकुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने



कोलार क्षेत्र के सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति को लेकर एसडीएम प्रकाशचंद्र पांडे को अवगत करा कर उन्हें जल्द से जल्द से दुरुस्त करने के लिए ज्ञापन सौंपा। राजकुमार सिंह ने बताया कि कोलार क्षेत्र के कई सरकारी स्कूलों में बच्चों के बैठने के लिए फर्श की स्थिति बेहद खराब है और कई स्थानों पर फर्श उखड़ा हुआ है।

### सुरक्षा पर सवाल

*बिजली के तार खुले एवं असुरक्षित अवस्था में पड़े हैं, जिससे छोटे बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना हुआ है। कई स्कूलों की छतें जर्जर हैं और बारिश के दौरान पानी टपकने की समस्या बनी रहती है। वहीं मध्याह्न भोजन बनाए जाने वाले स्थानों पर भी स्वच्छता का अभाव है तथा गंदगी और पानी भरने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण के शिक्षा के मंदिर हैं। ऐसे स्थानों पर इस प्रकार की लापरवाही और अव्यवस्था किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती।*

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने एम्स भोपाल को दी ईवी बस

**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत एम्स भोपाल को एक इलेक्ट्रिक बस प्रदान की। बस का औपचारिक हस्तांतरण एम्स परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के साथ स्वास्थ्य संस्थान में ग्रीन मोबिलिटी को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में अंचल प्रमुख शैलेश कुमार पारख, उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख मयंक कुमार सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### फ्लिपकार्ट का 150 से अधिक शहरों में विस्तार

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट की क्विक कॉमर्स सेवा फ्लिपकार्ट मिनट्स ने दो साल पूरे कर लिए हैं। अगस्त 2024 में लांच हुई इस सेवा ने साल-दर-साल करीब चार गुना वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के मुताबिक, अब यह सेवा 150 से अधिक शहरों में लगभग 1,200 माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर के जरिए संचालित हो रही है। कंपनी ने बताया कि फ्लिपकार्ट मिनट्स के लांच के बाद से अब तक करीब 4 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। प्लेटफॉर्म के लगभग 60 प्रतिशत ग्राहक दोबारा खरीदारी के लिए लौटते हैं।

### जल बाथ ने वामिका को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**नई दिल्ली।** प्रीमियम बाथ फिटिंग्स और सैनेटरीवेयर ब्रांड्स में शामिल जल बाथ फिटिंग्स ने अपनी नई डिजिटल ब्रांड फिल्म लांच की है। इसके साथ ही मशहूर अभिनेत्री वामिका गब्बी को अपना आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। यह साझेदारी ब्रांड की राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मौजूदगी मजबूत करने और डिजाइन को लेकर जागरूक भारतीय उपभोक्ताओं की नई पीढ़ी से जुड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### एआई-संचालित गणेश चतुर्थी स्टोर लांच

**बेंगलुरु।** अमेजन.इन ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर एआई-संचालित गणेश चतुर्थी स्टोर लांच किया है। इस स्टोर पर गणेश मूर्तियों, पूजा सामग्री, सजावट, लाइटिंग, पारंपरिक परिधानों, सहित त्योहार से जुड़ी जरूरतों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। ग्राहकों को सेम-डे, नेक्स्ट-डे और कुछ जगहों पर कुछ घंटों में डिलीवरी की सुविधा भी मिलेगी। कंपनी के मुताबिक, प्राइम मेंबर्स 2 लाख से अधिक उत्पादों पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत छूट का लाभ उठा सकते हैं। वहीं, अमेजन नाउ के जरिए 55 से अधिक शहरों में त्योहारी सामान मिनटों में मंगाया जा सकता है।

### पेट्रोनास लुब्रिकेंट्स और टाटा के बीच करार

**मुंबई।** पेट्रोनास समूह की कंपनी पेट्रोनास लुब्रिकेंट्स इंडिया और भारत की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने प्रयुक्त ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स के जिम्मेदार संग्रह और रीसाइक्लिंग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियां महाराष्ट्र और तमिलनाडु में यूज्ड ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स के संग्रह और रीसाइक्लिंग के लिए एक व्यवस्थित एवं विस्तार योग्य मॉडल का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करेंगी।

### इंडियन बैंक ने लांच किए डिजिटल समाधान

**मुंबई।** इंडियन बैंक ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में डिजिटल बैंकिंग समाधानों की एक श्रृंखला लांच की। इसके साथ ही बैंक ने टेक्नोलॉजी आधारित और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। बैंक ने एआई -तारा (ट्रस्टेड एआई रिलेशनशिप असिस्टेंट) भी पेश किया। यह एक संवादात्मक बैंकिंग समाधान है, जिसके माध्यम से ग्राहक 10 भाषाओं में वॉयस कमांड के जरिए बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इनमें फंड ट्रांसफर, आईएमपीएस और फिक्स्ड डिपॉजिट खोलना जैसी सेवाएं शामिल हैं।

# हड़ताल से बैंकिंग सेवा ठप, करोड़ों का कारोबार अटका

**प्रदेश में 15 लाख करोड़ और भोपाल में 3 लाख करोड़ रुपए का बैंकिंग व्यवसाय प्रभावित**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने समेत लंबित मांगों के निराकरण को लेकर शुक्रवार को बैंक कर्मचारी-अधिकारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर हुई हड़ताल से प्रदेश की लगभग 7 हजार बैंक शाखाओं में नियमित कामकाज प्रभावित रहा। बैंक यूनियनों ने दावा किया कि एक दिन की हड़ताल से मध्यप्रदेश में करीब 15 लाख करोड़ रुपए और भोपाल में लगभग 2.15 लाख करोड़ रुपए का बैंकिंग कारोबार प्रभावित हुआ। यूएफबीयू के मध्यप्रदेश कोऑर्डिनेटर वीके शर्मा और संयोजक संजीव मिश्रा ने कहा कि बैंक कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों पर अब तक अपेक्षित निर्णय नहीं हुआ है। इनमें पांच दिवसीय बैंकिंग कार्य सप्ताह लागू करना प्रमुख है।


एमपी नगर स्थित केनरा बैंक की शाखा

**मप्र में 7 हजार और भोपाल में 500 शाखाओं में लटके ताले**



लंबित मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए यूनियंस के नेता और बैंककर्मी

## कैश से लेकर चेक क्लीयरेंस तक पर असर

हड़ताल का सबसे ज्यादा असर शाखाओं में होने वाले नकद जमा-निकासी, चेक क्लियरेंस, भुगतान और अन्य ऑफलाइन बैंकिंग सेवाओं पर पड़ा। बड़ी रकम जमा या निकालने वाले ग्राहकों को शाखाओं के बंद रहने से परेशानी का सामना करना पड़ा।

### शनिवार-रविवार के बाद सोमवार को खुलेंगे बैंक

शुक्रवार की हड़ताल के बाद शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। ऐसे में बैंक शाखाओं में सामान्य कामकाज अब सोमवार से शुरू होने की संभावना है। बैंक यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी है कि सितंबर के अंत में प्रस्तावित आंदोलन का असर इससे भी बड़ा हो सकता है।

### सितंबर के आखिर में लगातार पांच दिन असर की संभावना

वीके शर्मा के अनुसार 26 और 27 सितंबर को शनिवार-रविवार का अवकाश है, जबकि 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित हड़ताल रहेगी। ऐसे में लगातार पांच दिनों तक बैंक शाखाओं का नियमित कामकाज प्रभावित होने की स्थिति बन सकती है। इससे नकद लेनदेन, चेक क्लियरेंस और शाखा आधारित सेवाओं पर बड़ा असर पड़ने की आशंका है।


पीएनबी, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स शाखा के सामने रैली निकलते हुए

## भोपाल में 5000 बैंककर्मियों ने निकाली रैली, प्रदर्शन और सभा की

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर शुक्रवार को भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर में राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल हुई। हड़ताल में मध्यप्रदेश में करीब 40 हजार तथा राजधानी भोपाल में लगभग 5 हजार बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों सहित निजी क्षेत्र, विदेशी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों के करीब 8 लाख बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी हड़ताल में शामिल हुए। राजधानी भोपाल में हड़ताली बैंककर्मियों ने पंजाब नेशनल बैंक, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स शाखा के सामने एकत्र हुए। यहां उन्होंने विभिन्न मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद करीब 3000 बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने प्रेस कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में रैली निकाली और सभा आयोजित की गई। सभा को संजीव मिश्रा, वीके शर्मा, नजीर कुरैशी, केके त्रिपाठी, प्रवीण मेघानी, संजय कुदेशिया, विशाल धमेजा, वीएस नेगी, दिनेश झा, विशाल जैन, अनिल कुमार श्रीवास्तव, शिव शंकर मौर्या, संजय मिश्रा, निर्भय सिंह ठाकुर, जेप. झवर, सुबिन सिन्हा और पंकज ठाकुर रजनीश पौराणिक, सुरेश बाबू मीणा, स्वप्निल चतुर्वेदी, क्षितिज तिवारी, निर्भय सिंह, मनीष भार्गव, नितिन बिखानी, विजय चौटानी, अंबरिश नंदा, राजेश नायक, जितेंद्र बग्गा, प्रियंका गुप्ता, दीपक नायर, अंकुर दुबे, सुखमीत कौर, राहुल करौलिया, कुलदीप स्वर्णकार, विजय राघवन, अमित गुप्ता, संजय सिंह, देवेंद्र दांगी, सुमित मिश्रा, हितेश कुमार, देवेश जैन, मोनिका भागवानी, कपिला मेघानी, प्रशांत रघुवंशी, रोहित यादव, अमित प्रजापति, जयंत सेन, सेतु पाठक, राहुल खरे, ब्रजेश कुशवाहा, अनिल कुमार, मुदित जोशी, कीर्ति खरे, विनीता दुबे, पूजा कुशवाहा, के.के. त्रिपाठी, मनीष चतुर्वेदी एवं विभु जोशी सहित बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला बैंककर्मियों ने भाग लिया।

**अरुंधति की आत्मकथा अदम्य के हिंदी संस्करण 'अपराजिता' का विमोचन**

# महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो भारत आगे बढ़ेगाः मुकेश अंबानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत की प्रगति में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब देश की महिलाएं आगे बढ़ेंगी, तभी भारत भी तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कॉरपोरेट जगत से कामकाजी महिलाओं और माताओं को बेहतर सहयोग देने के लिए मजबूत व्यवस्था तैयार करने की सामूहिक पहल का आह्वान किया।

अंबानी यहां अरुंधति भट्टाचार्य की आत्मकथा अदम्य के हिंदी संस्करण 'अपराजिता' के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने अरुंधति भट्टाचार्य के नेतृत्व, दृढ़ता और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आगे बढ़ने के जज्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि अरुंधति भट्टाचार्य ने वर्ष 2013 में भारतीय स्टेट बैंक की पहली महिला चेयरपर्सन बनकर इतिहास रचा और उनके नेतृत्व ने आगे आने वाली महिलाओं के लिए भी नए अवसरों के रास्ते खोले।



### कॉरपोरेट जगत से सामूहिक पहल की अपील

मुकेश अंबानी ने कहा कि अरुंधति भट्टाचार्य जैसी महिलाओं की उपलब्धियां प्रेरणा देती हैं, लेकिन महिलाओं को नेतृत्व के अधिक अवसर देने और कामकाजी महिलाओं एवं माताओं के लिए अनुकूल व्यवस्था बनाने की दिशा में कॉरपोरेट जगत को अभी और काम करने की जरूरत है। उन्होंने कारोबार जगत के नेताओं से ऐसी मजबूत व्यवस्था तैयार करने की सामूहिक पहल शुरू करने का आह्वान किया, जिससे महिलाओं को अपने पेशेवर जीवन और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच बेहतर संतुलन बनाने में सहयोग मिल सके।

### असफलता से सीखना अच्छे नेतृत्व की पहचान

मुकेश अंबानी ने अरुंधति भट्टाचार्य की पुस्तक से मिलने वाली सीख का उल्लेख करते हुए कहा कि परिवार के संस्कार, असफलता की जिम्मेदारी स्वीकार करना, लगातार सीखते रहना और लोगों को साथ लेकर चलना प्रभावी नेतृत्व के महत्वपूर्ण गुण हैं। उन्होंने कहा कि असफलता के बाद दूसरों को दोष देने के बजाय यह समझना जरूरी है कि गलती कहां हुई और भविष्य में उसमें क्या सुधार किया जा सकता है। उनके अनुसार, एक अच्छे नेता का काम केवल अपने साथ लोगों को जोड़ना नहीं, बल्कि भविष्य के नए नेताओं को तैयार करना भी है। अंबानी ने कहा कि उन्होंने महिलाओं की क्षमता और दृढ़ता को अपनी मां कोकिलाबेन अंबानी, पत्नी नीता अंबानी और बेटी ईशा अंबानी के जीवन में भी देखा है। उन्होंने कहा कि नीता अंबानी और ईशा अंबानी दोनों कामकाजी माताएं हैं और उनका नेतृत्व नई पीढ़ी की महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है।

**नवाचार में महिला नेतृत्व को संस्थागत बनाने की मांग**

# ब्रिक्स प्लस देशों की महिला उद्यामियों ने उठाई आवाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले ब्रिक्स प्लस देशों की महिला उद्यामियोंने नवाचार, विज्ञान, तकनीक और उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बाध्यकारी घोषणा की भाषा और मजबूत संस्थागत तंत्र विकसित करने की मांग की है। यह मुद्दा ब्रिक्स प्लस डायलॉग 2026 के दौरान आयोजित उच्च स्तरीय पैनल चर्चा में प्रमुखता से सामने आया। गैर-लाभकारी संस्था ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हाशिए से मुख्यधारा तकः ब्रिक्स नवाचार पारितंत्र में महिलाओं के नेतृत्व को संस्थागत रूप देना विषय पर चर्चा हुई। इसमें ब्रिक्स प्लस और साझेदार देशों में महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। पैनल में भारत, ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका और ईरान की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया।




इनमें ब्रिक्स सीसीआई वीमेन एम्पावरमेंट की अध्यक्ष एवं वुमेन इन इनोवेशन, साइंस एंड एंटरप्रेन्योरशिप की प्रोग्राम लीड रूबी सिन्हा, ब्रिक्स के पूर्व शेरपा एवं भारत सरकार के पूर्व सचिव संजय भट्टाचार्य, ब्रिक्स वीमेंस बिजनेस एलायंस-दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय अध्यक्ष लेबोगांग जुलु, ब्रिक्स डब्ल्यूबीए ब्राजील चैप्टर की चेयरपर्सन मोनिका मोंटेरियो, ब्रिक्स डब्ल्यूबीए ईरान के इनक्लूसिव इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप की सदस्य शादी सेदघिनेजाद और रूसी एजुकेशन एजेंसी की निदेशक याना ओसेयेवा शामिल थीं। चर्चा की शुरुआत करते हुए रूबी सिन्हा ने बताया कि महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने वाली ग्लोबल वुमेन लीडरशिप प्रोग्राम पहल अपने तीसरे संस्करण में पहुंच चुकी है।

रूबी सिन्हा ने कहा कि ब्रिक्स देशों में महिला उद्यमियों, वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन नवाचार को दिशा देने वाली संस्थाओं और वित्तीय निर्णय लेने वाले निकायों में अभी भी पुरुषों का वर्चस्व कायम है। उनके अनुसार, वीसी फर्मों में पार्टनर या निर्णयकारी भूमिकाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 15.4 प्रतिशत है, जबकि केवल 4.9 प्रतिशत वीसी फर्मों में बहुसंख्यक महिला पार्टनर हैं।

**'सीआईआई हॉस्पिटल टेक समिट 2026'**

# स्वास्थ्य क्षेत्र में महिला नेतृत्व बढ़े तो मजबूत होंगे संगठनः सीआईआई




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वास्थ्य क्षेत्र में नेतृत्व के स्तर पर महिलाओं की अधिक भागीदारी से बेहतर निर्णय लेने की क्षमता, नवाचार, कर्मचारियों की भागीदारी और संस्थागत प्रदर्शन को मजबूती मिल सकती है। यह बात 9वें सीआईआई हॉस्पिटल टेक समिट में आयोजित संगोष्ठी चर्चा बेहतर स्वास्थ्य देखभाल का नेतृत्वः लिंग-विविध नेतृत्व क्यों मायने रखता है में स्वास्थ्य क्षेत्र के नेताओं ने कही। सीआईआई सेंटर फॉर विमेन लीडरशिप के नेतृत्व में आयोजित इस सत्र में जेंडर विविधता को केवल प्रतिनिधित्व का मुद्दा न मानकर स्वास्थ्य संगठनों के लिए रणनीतिक नेतृत्व और व्यावसायिक प्राथमिकता के रूप में देखने पर जोर दिया गया। पैनल में शामिल विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि महिलाओं को निर्णय लेने और नेतृत्व की भूमिकाओं तक पहुंचाने के लिए संस्थानों में ठोस और व्यावहारिक पहल की आवश्यकता है।

### हेल्थकेयर में महिलाओं के नेतृत्व वाले कम्युनिटी ऑफ प्रैक्टिस पर जोर

सत्र के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर संवाद और अनुभव साझा करने की जरूरत पर भी चर्चा हुई। इसके लिए हेल्थकेयर में महिलाओं के नेतृत्व का प्रैक्टिस समुदाय के माध्यम से क्षेत्र की महिला नेतृत्वकर्ताओं और पेशेवरों के बीच पीयर लर्निंग तथा प्रभावी कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में आगे की सहभागिता पर विचार किया गया। पैनल चर्चा का मुख्य संदेश रहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में महिलाओं का मजबूत नेतृत्व अधिक सक्षम और प्रभावी स्वास्थ्य संगठनों के निर्माण में योगदान दे सकता है तथा बेहतर स्वास्थ्य परिणामों की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## छोटे शहरों ने मारी बड़ी छलांग डिजिटल क्रेडिट अपनाने में टियर-2 शहर सबसे आगे

**मुंबई।** भारत में डिजिटल क्रेडिट के बढ़ते चलन के बीच टियर-2 शहरों ने बड़ी बढ़त दर्ज की है। इंडिया फाउंडेशन द्वारा जारी डिजिटल क्रेडिट एंड इंक्लूजन इंडेक्स (डीसीआईआई) 2026 के अनुसार डिजिटल क्रेडिट अपनाने में टियर-2 शहरों का औसत स्कोर 58.64 रहा, जो टियर-1 के 53.1 और टियर-3 शहरों के 55.7 से अधिक है। यह अध्ययन 20 राज्यों के 100 शहरों में 5 हजार से अधिक लोगों से बातचीत के आधार पर तैयार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार कोयंबटूर, सूरत, नागपुर, इंदौर, प्रयागराज, रांची, गाजियाबाद और लुधियाना जैसे टियर-2 शहर डिजिटल क्रेडिट अपनाने में आगे रहे। खास बात यह है कि इन शहरों में लैंगिक अंतर भी सबसे कम 2.8 अंक रहा, जबकि टियर-1 शहरों में यह अंतर 9.1 अंक दर्ज किया गया।

इंडेक्स के मुताबिक 94.4 प्रतिशत लोगों को डिजिटल क्रेडिट के कम से कम एक रूप की जानकारी है, लेकिन डिजिटल उधारी पर भरोसा अभी भी चुनौती बना हुआ है। डिजिटल क्रेडिट पर भरोसे का स्कोर 52.5 रहा, जबकि डिजिटल भुगतान पर यह 69.7 है। यानी दोनों के बीच करीब 17 अंकों का अंतर है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि आर्थिक संकट के दौरान डिजिटल क्रेडिट अभी लोगों की पहली पसंद नहीं बना है। पिछली बार पैसे की कमी होने पर 48.2 प्रतिशत लोगों ने अपनी बचत का सहारा लिया।

**किसानों की सुविधाएं बेहतर बनाने के निर्देश**

# मंडी बोर्ड आयुक्त ने औबेदुल्लागंज मंडी का किया आकस्मिक निरीक्षण

**10 मीट्रिक टन क्षमता वाले इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे और प्रस्तावित ग्रेडिंग के लिए चिन्हित स्थल का किया निरीक्षण**


मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम मंडी के अधिकारियों के साथ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी समिति औबेदुल्लागंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी की विभिन्न व्यवस्थाओं का मौके पर जायजा लेते हुए किसानों को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि किसानों को सरल, पारदर्शी और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना मंडी बोर्ड की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को किसान हित को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने ई-मंडी, ई-नाम प्रणाली, ई-नाम लैब, पेमेंट काउंटर, ग्रेन एनालाइजर मशीन, कृषक विश्राम गृह, कैंटीन, पेयजल, स्वच्छता और सूचना प्रसारण व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके अलावा नीलामी शेड, सीसी रोड, शौचालय, 10 मीट्रिक टन क्षमता वाले इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे और प्रस्तावित ग्रेडिंग एवं क्लीनिंग प्लांट के लिए चिन्हित स्थल का भी अवलोकन किया। उन्होंने मंडी परिसर में आवागमन सुचारू करने के लिए अतिरिक्त प्रवेश-निकास मार्ग, सीसी कार्य तथा भवनों और अन्य संरचनाओं की आवश्यक मरम्मत के कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। मंडी कर्मचारियों और सुरक्षागार्डों की उपस्थिति व ड्रेस कोड की भी जानकारी ली। इस दौरान संयुक्त संचालक सविता झानिया, अधीक्षण यंत्री मधुकर पवार, कार्यपालन यंत्री एससी गोयल, मंडी सचिव आरपी गुप्ता, उपयंत्री एसपी प्रजापति, मंडी कर्मचारी, व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष उत्तम नागर सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## बिजनेस न्यूज

### आईओसी ने लांच किया इन-कार फ्यूल पेमेंट सॉल्यूशन

**भोपाल।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसी) ने एनपीसीआई, टाटा डॉट कार्स और टोनटैग के सहयोग से कनेक्टेड वाहनों के लिए भारत का पहला इन-कार फ्यूल पेमेंट सॉल्यूशन लांच किया है। इस सुविधा के तहत ग्राहक इंडियनऑयल के रिटेल आउटलेट पर ईंधन भरवाने के बाद अपने वाहन के डैशबोर्ड से ही भुगतान कर सकेंगे। इसे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 के दौरान लांचकिया गया। कंपनी के अनुसार, नई सुविधा का उद्देश्य ईंधन भुगतान को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है। ग्राहक को भुगतान के लिए अलग से मोबाइल ऐप, कार्ड या अन्य माध्यम का इस्तेमाल नहीं करना होगा। भुगतान सीधे कनेक्टेड कार के इंटरफेस के जरिए किया जा सकेगा। कंपनी के मुताबिक इंडियन ऑयल के देशभर में 43,000 से अधिक रिटेल आउटलेट्स हैं।




### लांच हुई बीएमडब्ल्यू आईई5 लॉन्ग व्हीलबेस कीमत 79.60 लाख

**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू इंडिया ने भारतीय बाजार में पहली बार बीएमडब्ल्यू आई5 लॉन्ग व्हीलबेस इलेक्ट्रिक सेडान लॉन्च कर दी है। भारत के लिए विशेष रूप से तैयार यह मॉडल कंपनी की पहली स्थानीय रूप से निर्मित इलेक्ट्रिक सेडान है। इसका उत्पादन बीएमडब्ल्यू ग्रुप के चेन्नई प्लांट में किया जाएगा और इसकी डिलीवरी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। बीएमडब्ल्यू आई5 लॉन्ग व्हीलबेस, की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 79.60 लाख रखी गई है। वहीं, इसके खास प्रथम संस्करण मॉडल की भी कीमत 79.60 लाख है। प्रथम संस्करण की केवल 99 यूनिट्स पेश की गई थीं, जो लांच से पहले ही बिक गईं। नई बीएमडब्ल्यू आई5 लॉन्ग व्हीलबेस की लंबाई 5,175 मिमी, चौड़ाई 2,156 मिमी, ऊंचाई 1,520 मिमी और व्हीलबेस 3,105 मिमी है। कंपनी के अनुसार, इन आयामों के चलते कार अपने सेगमेंट में बड़े आकार और खासतौर पर पीछे बैठने वाले यात्रियों के लिए विशाल केबिन की पेशकश करती है।



### भुगतान से आगे बढ़कर इंटेलिजेंस और प्रोग्रामेबिलिटी की ओर बढ़ रहा वित्तीय ढांचा

**भोपाल।** नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं इंडिपेंडेंट डायरेक्टर अजय कुमार चौधरी ने 7वें ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में कहा कि भविष्य का वित्तीय ढांचा ऐसा होना चाहिए जो स्मार्ट, प्रोग्रामेबल, सुरक्षित और समावेशी हो। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रोग्रामेबल एसेट्स और डिजिटल ट्रस्ट की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने यूपीआई के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए बताया कि अगस्त 2026 में यूपीआई के जरिए 752 भागीदार बैंकों के माध्यम से 24.5 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनका कुल मूल्य 29.8 लाख करोड़ रुपए रहा। उनके अनुसार यूपीआई अब केवल भुगतान का माध्यम नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा महत्वपूर्ण डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बन चुका है। चौधरी ने वित्तीय ढांचे में तीन बड़े बदलावों की बात कही।

**कार्यालय, नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला- बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक /1228/ई-निविदा/ लो.नि.वि./2026 — चिखलाकसा, दिनांक 11/09/2026

**// ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है :-

1. Bid Start Date - 11.09.2026 Time - 17:00
2. Last date for sending of prebid queris Email ID...chiklakasa@gmail.com - 15.09.2026 Time - 17:00
3. Prebid Meeting Meeting link.......... .... https://meet.google.com/sts-iuvv-zqs - 17.09.2026 Time - 16:00
4. Bid Due Date - 28.09.2026 Time-17:00
5. Physical Doc submission End Date - 30.09.2026 Time-15:00
6. Bid Open Date - 30.09.2026 Time-16:00

| S. NO. | System Tender No. | Name of Work | Estimated Cost (In lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 199313 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage TreatmentPlant (STP)Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in NAGAR PANCHAYAT,CHIKHLAKASA under SBM 2.0 | 212.15 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य आवश्यक जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से व विभागीय वेबसाईट व http://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही की जावेगी ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलाकसा

## चिंतन

# भरोसेमंद दोस्त के साथ और बढ़ेगा सहयोग

भारत और रूस के संबंध केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहे हैं। बदलती वैश्विक परिस्थितियों और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच भी दोनों देशों के बीच विश्वास और रणनीतिक सहयोग कायम है। रूस हमेशा से ही भारत का भरोसेमंद साथी रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली में हुई मुलाकात ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र विदेश नीति पर आगे बढ़ रहा है। खास बात यह है कि दोनों नेताओं की दो सप्ताह में यह दूसरी मुलाकात है। इससे भारत-रूस संबंधों को मिल रहे महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है। बैठक में व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, उर्वरक, महत्वपूर्ण खनिज, विनिर्माण, रेलवे और इस्पात जैसे क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा हुई। यह दायरा बताता है कि दोनों देशों के रिश्ते अब केवल रक्षा और ऊर्जा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आर्थिक और तकनीकी साझेदारी के नए क्षेत्रों में भी विस्तार पा रहे हैं। भारत-रूस संबंधों की मजबूती का सबसे बड़ा आधार ऊर्जा सहयोग है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा। भारत का तर्क भी स्पष्ट है कि 140 करोड़ से अधिक आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और किफायती ऊर्जा आपूर्ति जरूरी है। वर्ष 2026 में भारतीय कच्चे तेल आयात में रूसी तेल की हिस्सेदारी जुलाई में रिकॉर्ड 51 प्रतिशत तक पहुंच गई। यह आंकड़ा रूस के भारत की ऊर्जा सुरक्षा में बढ़ते महत्व को दर्शाता है। रक्षा क्षेत्र दोनों देशों की साझेदारी का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत लंबे समय से रूसी सैन्य प्लेटफॉर्म और तकनीक का उपयोग करता रहा है। अब सहयोग का जोर केवल हथियार खरीदने के बजाय संयुक्त उत्पादन, तकनीकी हस्तांतरण और भारत में निर्माण पर होना चाहिए। सुखोई-57 और एस-500 जैसी प्रणालियों पर संभावित सहयोग, ब्रह्मोस जैसी संयुक्त परियोजनाएं और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी आने वाले वर्षों में संबंधों को नई दिशा दे सकती हैं। भारत की आत्मनिर्भर रक्षा नीति के साथ रूस किस तरह खुद को जोड़ता है, यह महत्वपूर्ण होगा। इसी बीच ब्रिक्स का बढ़ता प्रभाव भी इस मुलाकात को व्यापक संदर्भ देता है। पुतिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में दुनिया की 40 प्रतिशत से अधिक जीडीपी ब्रिक्स देशों से आई, जबकि जी-7 की हिस्सेदारी 29 प्रतिशत रही। वैश्विक आर्थिक वृद्धि में ब्रिक्स की हिस्सेदारी आधे से अधिक रही, जबकि जी-7 का योगदान 18 प्रतिशत रहा। उन्होंने इसकी बड़ी वजह ब्रिक्स देशों की अधिक आबादी और तेजी से बढ़ते घरेलू बाजारों को बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ब्रिक्स बिजनेस फोरम में कहा कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की आधी आबादी रहती है। ये देश दुनिया की 40 प्रतिशत जीडीपी और 25 प्रतिशत से अधिक वैश्विक व्यापार में हिस्सेदारी रखते हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि ब्रिक्स अब केवल उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मंच नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली ताकत बन चुका है। ऐसे समय में रूस के साथ मजबूत संबंध भारत के लिए केवल पुरानी दोस्ती निभाने का विषय नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, आर्थिक हित और रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने का माध्यम हैं। भरोसे की नींव पहले से मजबूत है। अब जरूरत है कि भारत और रूस इस भरोसे को व्यापार, तकनीक, उत्पादन और विकास की ऐसी साझेदारी में बदलें, जिसका लाभ दोनों देशों की जनता को मिले।

## कश्मीर का सेब

पंकज चतुर्वेदी



# मुनाफे की चमक के पीछे छिपा जानलेवा जहर

कश्मीर की वादियों में सेब के बागान केवल पेड़ों की कतारें नहीं हैं, बल्कि ये उस अर्थव्यवस्था की बुनियाद हैं जिस पर हजारों परिवार आश्रित हैं। कश्मीर का सेब पूरी दुनिया में अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इन बागानों में रसायनों और कीटनाशकों का अंधाधुंध उपयोग जिस गति से बढ़ा है, उसने इस आर्थिक आधार को एक स्वास्थ्य आपदा में बदल दिया है। आज स्थिति यह है कि सेब का उत्पादन तो बढ़ रहा है, लेकिन उस उत्पादन के साथ जो जहर खेतों से निकलकर बाजारों तक पहुंच रहा है, वह समाज के लिए एक खामोश खतरा बन चुका है। जम्मू-कश्मीर का कीटनाशक खपत के मामले में देश में चौथे स्थान पर पहुंचना केवल आंकड़ों का फेर नहीं, बल्कि एक गंभीर पर्यावरणीय और चिकित्सीय चेतावनी है। सेब की खेती में रसायनों का यह बढ़ता उपयोग बागवानों की उस बेचैनी का नतीजा है जो अल्पकालिक लाभ और बेहतर पैदावार के चक्कर में अंधाधुंध छिड़काव कर रहे हैं। हाल के आंकड़ों के अनुसार, घाटी के कुछ क्षेत्रों में कीटनाशकों का उपयोग अनुशंसित मात्रा से कहीं अधिक है, जो सीधे तौर पर मिट्टी की उर्वरता और भूजल की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है। बाजार में नकली और बिना मानक वाले कीटनाशकों की व्यापक उपलब्धता ने इस समस्या को और अधिक जटिल बना दिया है, जिससे न केवल मिट्टी की गुणवत्ता नष्ट हो रही है बल्कि वह पानी भी प्रदूषित हो रहा है जिसे पीकर अगली पीढ़ी बड़ी हो रही है। इस पूरे तंत्र में जो मानवीय कीमत चुकानी पड़ रही है, वह अब अनकही नहीं रही। खेतों में इन रसायनों का छिड़काव करने वाले किसान खुद सबसे पहले इसके प्रभाव में आ रहे हैं। बिना किसी सुरक्षा उपकरण के, इन जहरीले घोलों के सीधे संपर्क में आने से किसानों में श्वसन तंत्र की बीमारियां, त्वचा के गंभीर संक्रमण और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां तेजी से फैल रही हैं।

बात केवल किसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन परिवारों और बच्चों के लिए भी चिंता का विषय है जो इन बागानों के इर्द-गिर्द सांस लेते हैं और रसायनों से दूषित हवा और पानी का सेवन करते हैं। वैज्ञानिक शोध यह स्पष्ट करते हैं कि लगातार कीटनाशकों के संपर्क में रहने से अंतःस्रावी ग्रंथियों (हार्मोनल सिस्टम) में व्यवधान उत्पन्न होता है, जिससे प्रजनन क्षमता में कमी, असमय गर्भपात और बच्चों में विकासात्मक समस्याएं देखने को मिल रही हैं। कश्मीर के कुछ बागवानी क्षेत्रों में हुए अनौपचारिक सर्वेक्षणों में पाया गया है कि कीटनाशक छिड़काव वाले परिवारों में पुरानी बीमारियों और कैंसर के मामलों में सामान्य आबादी की तुलना में कहीं अधिक वृद्धि है। जो फल हम बाजार से खरीदकर अपने स्वास्थ्य के लिए उपयोग करते हैं, वह भी कीटनाशकों के अंशों के साथ हम तक पहुंच रहा है। यह फल पोषण देने के बजाय बीमारियों का संवाहक बन रहा है, जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर भी सीधा असर पड़ रहा है। कीटनाशकों के अवशेष न केवल फल की बाहरी सतह पर, बल्कि उसके गूदे के भीतर भी पहुंच रहे हैं, जिन्हें धोकर या छीलकर भी पूरी तरह दूर नहीं किया जा सकता। आर्थिक लाभ की इस दौड़ में मानवीय जीवन का महत्व गौण हो गया है। आज जरूरत इस बात की है कि हम कृषि को स्वास्थ्य से अलग करके देखना बंद करें। यदि मुनाफे की चमक को बरकरार रखने के लिए कैंसर और शुरुआती मृत्यु की कीमत चुकानी पड़े, तो यह विकास नहीं बल्कि विनाश है। कीटनाशकों का यह अंधाधुंध प्रयोग केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी एक बड़ा खतरा है। मिट्टी के मित्र कीट और सूक्ष्मजीव, जो मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखते हैं, इन रसायनों के कारण मर रहे हैं।

इससे मिट्टी बंजर हो रही है और भविष्य में उसी जमीन पर बिना रसायनों के खेती करना नामुमकिन होता जा रहा है। इस दिशा में सुधार के लिए कठोर नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है। सरकार को कीटनाशकों की बिक्री पर सख्त निगरानी रखनी होगी और नकली उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला को जड़ से खत्म करना होगा। बागवानों को एकीकृत कीट प्रबंधन की दिशा में ले जाना होगा, जहां रसायनों की जगह जैविक और प्राकृतिक तरीकों को प्राथमिकता दी जाए। समय आ गया है कि हम आर्थिक आंकड़ों की चकाचौंध से बाहर निकलकर जीवन की रक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं, अन्यथा यह सेब आने वाली पीढ़ियों के लिए महज एक जहरीली विरासत बनकर रह जाएगा। हमें अब यह तय करना होगा कि हम क्या चाहते हैं—बीमारियों से भरा बड़ा उत्पादन या स्वस्थ लोगों के साथ एक टिकाऊ भविष्य?

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# 'जेन जी' ने बदल दिया चुनावी सिलेबस



मुद्दा
राजकुमार सिंह

राजनीतिक दलों-नेताओं पर दिख रहा है। नौकरी देने के अधूरे वादों के अलावा याद नहीं पड़ता कि देश में कभी शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को शासकीय तो दूर, चुनावी एजेंडा में भी प्राथमिकता मिली हो। युवाओं की बढ़ती आबादी के मद्देनजर 'युवा भारत' के नारे सुने जाते रहे हैं, लेकिन उन्हें बेहतर शिक्षा और उपयुक्त रोजगार देकर देश के विकास की मुख्यधारा का इंजन बनाने की योजना सामने नहीं आई। अंतहीन पेपर लीक और भर्ती घोटालों की तलवार अकसर युवाओं के भविष्य पर लटकी नजर आई। कटु सत्य यह भी कि देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं के भविष्य से इस खिलवाड़ पर छात्रों-युवाओं के नाम पर बने राजनीतिक दलों के संगठन भी मूकदर्शक बने रहे।

अंतिम परिणति तो नतीजे ही बताएंगे, लेकिन 'जेन जी' के जंतर–मंतर प्रयोग ने चुनावी सिलेबस बदल दिया है। इसका दबाव राजनीतिक दलों-नेताओं पर दिख रहा है। नौकरी देने के अधूरे वादों के अलावा याद नहीं पड़ता कि देश में कभी शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को शासकीय तो दूर, चुनावी एजेंडा में भी प्राथमिकता मिली हो। युवाओं की बढ़ती आबादी के मद्देनजर 'युवा भारत' के नारे सुने जाते रहे हैं, लेकिन उन्हें बेहतर शिक्षा और उपयुक्त रोजगार देकर देश के विकास की मुख्यधारा का इंजन बनाने की योजना सामने नहीं आई।

अंतहीन पेपर लीक और भर्ती घोटालों की तलवार अकसर युवाओं के भविष्य पर लटकी नजर आई। कटु सत्य यह भी कि देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं के भविष्य से इस खिलवाड़ पर छात्रों-युवाओं के नाम पर बने राजनीतिक दलों के संगठन भी मूकदर्शक बने रहे। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का ऑनलाइन जन्म सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की एक टिप्पणी के चलते हुआ, लेकिन जंतर-मंतर पर और उसके बाद उसे मिल रहा समर्थन छात्रों और युवाओं के मुद्दों की अनवरत अनदेखी का परिणाम भी है। बेशक जंतर-मंतर पर और उसके बाद भी सीजेपी से कुछ राजनीतिक दलों-नेताओं का मेलजोल नजर आ रहा है, लेकिन इस सच से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि देश के सभी दलों के शासन वाले राज्यों में पेपर लीक और भर्ती घोटाले होते रहे हैं। इसीलिए अब छात्र और युवा, जाति-धर्म-क्षेत्र-राजनीतिक रुझान की सीमाएं लांघ कर शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर कमोवेश सभी राज्यों में सड़क पर उतर रहे हैं। जंतर-मंतर के बाद झारखंड में भी छात्रों-युवाओं का सफल आंदोलन और उसका राजनीतिकरण दिखा, तो अब स्कूली शिक्षा की बदहाली के विरुद्ध राज्य-दर-राज्य 'जेन अल्फा' के भी सड़क पर उतरने की खबरें हैं। जिन छात्र-छात्राओं को स्कूल-कॉलेज कक्षाओं में होना चाहिए, उनका सड़क पर उतरना देश-समाज की सकारात्मक तस्वीर पेश नहीं करता, पर उन्हें व्यवस्था ने ही मजबूर किया है। जिस देश में बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'मिड डे मील' जैसी योजना चलायी जा रही हो, वहां विलय के नाम पर लगभग एक लाख स्कूल बंद कर दिया जाना शिक्षा के अधिकार और 'नेबरहुड स्कूल' की सोच के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान है। यह स्थिति ग्रामीण भारत में ज्यादा है। जिस राजस्थान में स्कूल का निरीक्षण करने गए सीजेपी कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच संघर्ष की खबरें आईं, वहां 611 स्कूल बिना इमारत चलने का आंकड़ा है। जिस स्कूल के निरीक्षण पर विवाद हुआ, वह एक तबेले में चल रहा था, जिसे अब स्थानांतरित कर दिया गया है। बिना भवन और पर्याप्त शिक्षकों के स्कूल चलने की शिकायतें देश भर में आम हैं, पर उनका निराकरण करने के बजाय बिना अनुमति स्कूल में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। व्यवस्था की दृष्टि से यह प्रतिबंध उचित लग सकता है, पर स्कूल की खामियां देखने-दिखाने की अनुमति भला कौन-सा प्रशासन देगा? कुछ राज्यों से स्कूली बच्चों के पैदल जिला मुख्यालय पहुंच कर स्कूल की बदइंतजामी प्रशासन को बताने की खबरें भी यही बताती हैं कि निगरानी जिनकी जिम्मेदारी है, वे



अपना काम नहीं कर रहे। हमारे यहां निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की त्रिस्तरीय व्यवस्था है। इसलिए शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के लिए निर्वाचित जन प्रतिनिधि भी जवाबदेही से मुक्त नहीं हो सकते। यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की है। आंकड़े जो भी कहें, सच यह है कि छात्र-शिक्षक और नागरिक-चिकित्सक अनुपात 'विकसित भारत' के सपने से मेल हरगिज नहीं खाता। स्कूल शिक्षा व्यवस्था की बुनियाद है। बुनियाद ही बदहाल है तो उस पर बनने वाली इमारत के हाल की कल्पना ही की जा सकती है। कुछ छात्र मेहनत और किस्मत से प्रतियोगी परीक्षाओं की दहलीज तक पहुंच जाते हैं तो पेपर लीक और भर्ती घोटाले सपने चकनाचूर करने का चक्रव्यूह रचे तैयार मिलते हैं। पेपर लीक के लिए अकसर कोचिंग माफिया पर उंगली उठती है। बेशक कोचिंग का दिन दूना-रात चौगुना फैलता कारोबार पाक-साफ नहीं है, पर उसके लिए निगरानी तंत्र बनाने की जिम्मेदारी किसकी है? राजनीतिक-पुलिस-प्रशासनिक संरक्षण बिना ही कोचिंग माफिया इतना ताकतवर हो गया? तमाम राजनेता शिक्षण संस्थान चला रहे हैं, तो कारोबारियों को भी शिक्षा क्षेत्र का मोटा मुनाफा आकर्षित कर रहा है। राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार से ग्रस्त शिक्षा- परीक्षा तंत्र से निष्पक्षता और पारदर्शिता की अपेक्षा ही बेमानी है। राज्य-दर-राज्य अदालत में चुनौती दी गयीं या रद्द कर दी गयीं भर्तियों की फेहरिस्त बहुत लंबी बन सकती है, पर वह नौबत तो तभी आती है, जब प्रक्रिया दोषपूर्ण रहे। आखिर दो दशक पहले भी प्रतियोगी परीक्षाएं और भर्ती होती थीं। बेशक तब भी नकल और पेपर लीक के मामले आते थे। भर्तियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के आरोप भी लगते थे, पर अपवादस्वरूप, लेकिन अब तो यह परंपरा-सी बन गई है। अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ हमारी व्यवस्था का 'प्रिय शगल' बन गया लगता है। पेपर लीक हो गया तो दोबारा करा देंगे। दोबारा भी लीक हो गया तो तीसरी बार करा देंगे। बेरहम तर्क यह कि छात्र योग्य हैं तो उन्हें दूसरी-तीसरी बार परीक्षा देने में क्यों समस्या होनी चाहिए? दरअसल जंतर-मंतर प्रयोग सरकारी तंत्र की इसी गैर जिम्मेदार सोच पर वार था, पर सीजेपी और 'जेन जी' जानते हैं कि सिर्फ एक मंत्री के इस्तीफे से शिक्षा-परीक्षा तंत्र ठीक होने वाला नहीं। इसलिए अब स्कूलों से ही व्यवस्था को दुरुस्त करने की मुहिम शुरू हुई है। शिक्षा और परीक्षा के बाद लक्ष्य रोजगार ही है। इसलिए भर्ती प्रक्रिया भी निष्पक्ष और पारदर्शी होना जरूरी है। दशकों में बिगड़ी शिक्षा-परीक्षा व्यवस्था चंद दिनों में दुरुस्त नहीं हो सकती। इसे दुरुस्त करने की जिम्मेदारी भी उसी तंत्र पर है, जिस पर इसे बिगाड़ने के आरोप हैं, पर सकारात्मक संकेत यह है कि इस बाबत 'जेन जी' और 'जेन अल्फा' का दबाव सभी दल-नेता महसूस कर रहे हैं। यह उनकी अंतर्रात्मा अचानक जाग जाने का परिणाम नहीं है। इसके मूल में है 'जेन जी' की चुनावी ताकत। अगले साल जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां 18 से 29 साल के 'जेन जी' मतदाता लगभग 22 प्रतिशत हैं। इनकी ताकत का अंदाजा इस आंकड़े से लगाया जा सकता है कि पिछले चुनाव में इन राज्यों की ढाई सौ से ज्यादा सीटों पर हार-जीत का अंतर पांच प्रतिशत से भी कम था। जाति-धर्म-क्षेत्र और राजनीतिक विभाजन से मुक्त नजर आ रही 'जेन जी' ने किसी एक ओर रुख कर लिया तो चुनाव उधर ही पलट जाएगा। महत्वपूर्ण आंकड़ा यह भी है कि अगले लोकसभा चुनाव तक 'जेन जी' मतदाताओं का प्रतिशत 29 हो जाएगा। इसीलिए हर दल और नेता अपने-अपने अंदाज में 'जेन जी' को रिझाने में जुटा है। चुनावी सिलेबस में अचानक आए इस बदलाव का असर चुनाव घोषणापत्रों से लेकर टिकट वितरण तक दिखेगा, जो एक सकारात्मक संकेत है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि। एक अनपढ़ मनुष्य को कोई ज्ञान नहीं होता, पर वह थोड़ा बहुत भावना प्रधान होता है।

## मुश्किल समय में अस्थिर हो जाता है मन



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## नागपुर में पोला उत्सव



**नागपुर।** नागपुर में पोला उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित वार्षिक समारोह के दौरान नेहरू पुतला में काली और पीली 'मरबत' की पुतलियों के एकत्र होने पर लोग पारंपरिक मरबत जुलूस में भाग लेते हुए।

## आज की पाती

### भारत की तंबाकू नियंत्रण नीति में बड़ी खामियां

भारत में तंबाकू नियंत्रण के सामने अब एक नई चुनौती खड़ी हो रही है। बाजार में ऐसे निकोटिन पाउच तेजी से दिखाई देने लगे हैं, जिनमें तंबाकू की पत्ती नहीं होती, लेकिन निकोटिन मौजूद रहता है। छोटे और आसानी से इस्तेमाल किए जा सकने वाले ये पाउच अलग-अलग स्वादों में उपलब्ध हैं। इन्हें दुकानों के साथ-साथ ऑनलाइन भी बेचा जा रहा है। एक अध्ययन में ऐसे निकोटिन पाउच देश के 10 में से 7 शहरों में पाए गए। इनमें निकोटिन की मात्रा भी काफी अधिक थी। इससे साफ है कि यह केवल भविष्य की समस्या नहीं है, बल्कि भारत के बाजार में इसकी मौजूदगी बढ़ रही है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि तंबाकू न होने के कारण मौजूदा कानूनों में इन उत्पादों की सही जगह स्पष्ट नहीं है। – **विनोद कुमार, हिसार**

## ट्रेंड

### राष्ट्र-निर्माण कार्य



स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में 'विश्व धर्म संसद' में भारत को मानवता के आध्यात्मिक उत्थान के स्रोत के रूप में स्थापित किया। उनके उस ऐतिहासिक भाषण की वर्षगांठ पर, मैं युवाओं से स्वामी जी का भाषण पढ़ने और खुद को राष्ट्र-निर्माण कार्य में समर्पित करने का आग्रह करता हूं।
- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### बघेल की समस्याएं



कांग्रेस ने भूपेश बघेल को असम का प्रभारी नियुक्त किया है। लेकिन मेरी जानकारी में उन्हें असम में कोई दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि वे छत्तीसगढ़ में कई राजनीतिक और व्यक्तिगत समस्याओं में उलझे हुए हैं।
- **हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### ब्रिक्स की मेज़बानी



दिल्ली के लिए ब्रिक्स की मेज़बानी करना सम्मान और गर्व की बात है। हम अपने मेहमानों का स्वागत करते हैं कि वे ऐसी राजधानी का अनुभव करें जो कई संस्कृतियों से समृद्ध है और 'वसुधैव कुटुंबकम' की शाश्वत भारतीय भावना से प्रेरित है। - **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### ज़ुल्म रुकते नहीं



आप हर तरह के ज़ुल्म के बारे में तब तक बात करते रहते हैं जब तक आप थक नहीं जाते। ज़ुल्म रुकते नहीं हैं। कभी-कभी वे जगह बदल लेते हैं। कभी-कभी, रिले रेस की तरह, एक ज़ालिम दूसरे ज़ालिम को बंदूक थमा देता है। आप इसे और नहीं सह पाते। - **सुधीर मिश्रा,** फिल्मकार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# कलसी दंपति ने ह्यूस्टन विवि को दिए 40 लाख डॉलर दान



भारतीय-अमेरिकी दंपति ने इंजीनियरिंग अनुसंधान और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ह्यूस्टन विश्वविद्यालय को 40 लाख डॉलर का दान दिया है। विश्वविद्यालय ने बताया कि ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को दिए गए इस दान से मैकेनिकल और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग में दो स्थायी प्रोफेसर पद, शिक्षकों के शोध के लिए कोष, स्नातक छात्रों के लिए फेलोशिप और एक संगोष्ठी श्रृंखला स्थापित की जाएगी। भारतीय-अमेरिकी इंजीनियर मनमोहन सिंह कलसी और उनकी पत्नी मैरी-लुइस शूबर्ट कालसी ने शोध और शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य से यह राशि दान की है। कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रदीप शर्मा ने कहा, ''ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के स्नातक छात्र से लेकर उद्योग जगत के नवोन्मेषक और उद्यमी तक मनमोहन कलसी की यात्रा कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाती है।'' यह योगदान इस दंपति के विश्वविद्यालय के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को और मजबूत करता है। मनमोहन कलसी ने ह्यूस्टन विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में परास्नातक और पीएचडी की डिग्री हासिल की थी।

## ऑफ बीट

# अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है



अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

## खबर संक्षेप

### रामस्वरूप अहिरवार मीडिया प्रभारी बने

**भोपाल।** जिला न्यायालय भोपाल के अधिवक्ता रामस्वरूप अहिरवार को भारतीय जनता पार्टी के



अनुसूचित जाति मोर्चा में प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति के उपरांत की है। अहिरवार को मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर उनके इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दी हैं।

### नरेन्द्र नंदवंशी छोटू महावीर का चोला धारण करेंगे

**औबेदुल्लागंज।** श्री खेड़ापति



महावीर सेवा दल हिरानिया औबेदुल्लागंज के चोला धारक नरेन्द्र नंदवंशी छोटू महावीर का चोला धारण आगामी दशहरे पर करेंगे।

### बैरागढ़ में कल कई क्षेत्रों में 6 घंटे बिजली बंद

**संतनगर।** शनिवार 12 सितंबर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कई क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। पुराने खराब तारों को हटाकर नई लाइन डाली जाएगी। फीडर 1 से जुड़े आरा मशीन रोड, मछली बाजार, गिदवानी पार्क, चंचल चौराहा, मिनी मार्केट, विष्णु भवन और आसपास के क्षेत्रों में बिजली प्रभावित रहेगी। इसी तरह बैरागढ़-2 फीडर से सीहोर नाका, फाटक रोड, सीआरपी, नगर निगम कॉम्प्लेक्स, स्टेशन रोड, सेवा सदन, टी. वार्ड और संतजी कुटिया क्षेत्र में बिजली प्रभावित रहेगी।

### 14 वर्षीय तनीषा बनीं बेस्ट वेटलिफ्टर ऑफ एमपी

**संतनगर।** मप्र शासन द्वारा सीहोर जिले में आयोजित 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में लगभग 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें सागर पब्लिक स्कूल गांधीनगर की छात्रा 14 वर्षीय वेटलिफ्टर तनिषा आसनानी ने 69 किलोग्राम भार वर्ग (अंडर-17) में कुल 150 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वे इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर भी चुनी गई।

### 63 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त



**औबेदुल्लागंज।** कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में सहायक आयुक्त आबकारी डॉ. शादाब अहमद सिद्दिकी के निर्देशन में आबकारी वृत औबेदुल्लागंज प्रभारी गौरव भद्रसेन द्वारा विशेष अभियान के तहत आरोपी वीरेंद्र सिंह उर्फ वीर, विररी उम्र 31 वर्ष निवासी मंडीदीप पाल मोहल्ला को 10 सितंबर की रात को 7 पेटी अवैध शराब 250 पाव प्लैन 100 पाव गोआ विस्की को बिना नंबर की टीवीएस जुपिटर के साथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से कुल 63 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त कर म.प्र.आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजी बद्ध किया गया। जब्त माल का मूल्य लगभग 132000 रुपए है। आबकारी की टीम को मुखबिरी मिलते ही आरोपी को ग्राम महुआखेड़ा कुमडी जोड़ मार्ग पर गिरफ्तार किया गया।

### आयुष नीट 2026-27 यूजी काउंसलिंग 17 से

**भोपाल।** संचालनालय आयुष विभाग मप्र द्वारा सत्र 2026-27 स्नातक की नीट परिणामों के आधार पर आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, मप्र प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग आयुष काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ है। संचालनालय के अनुसार 85 प्रतिशत स्टेट कोटा की सीटों हेतु नीट क्वालीफॉयड छात्र 17 से 21 सितंबर तक ऑनलाइन पंजीयन होगा।

## शातिर चोर पुलिस की वर्दी, बेल्ट और शूज पहनकर वाहन चोरी की वारदात को देता था अंजाम

# पुलिस का दावाः चोरी की एक्टिवा पर महिला आरक्षक नहीं, पुलिस की वर्दी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में चोरी की एक्टिवा पर पुलिस की वर्दी पहन कर घूम रही वह महिला आरक्षक नहीं थी। वह एक शातिर चोर था, जो पुलिस की वर्दी, बेल्ट और शूज पहनकर वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देता था। हालांकि पुलिस का यह दावा कितना सच है, इसकों को लेकर सवाल उठ रहे है। क्योंकि सीसीटीवी फुटेज में चोरी की एक्टिवा पर पुरुष की बजाए महिला पुलिसकर्मी दिखाई दे रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि जो आरोपी पकड़ाया वह पुलिस की वर्दी पहन कर वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी देवलाल बरकडे उर्फ मोनू पीपुल्स माल के पीछे छोला मंदिर में रहता है। आरोपी के कब्जे से एक एक्टिवा गाड़ी, आईफोन 16, पुलिस की वर्दी समेत एक लाख 80 हजार रुपए का सामान बरामद हुआ है।

**आरोपी से एक्टिवा, एप्पल मोबाइल फोन, पुलिस की वर्दी, बेल्ट और शूज किया बरामद**



### बदमाश को पकड़ने 100-150 कैमरे खंगाले

पुलिस के मुताबिक इंद्रविहार कॉलोनी कोहेफिजा निवासी नीलू साहू पिता सियाराम की एक्टिवा एमपी 04-5579 तथा गाड़ी के अंदर रखे आईफोन 16 कीमती मेट्रन ऑफिस हमीदिया अस्पताल परिसर कोहेफिजा से 22 अगस्त को चोरी हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक टीम गठित की। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे। इस दौरान दो सितंबर को उक्त वाहन से ट्रैफिक सिग्नल जंप करने का चालान फरियादी के पास पहुंचा। जिसमे लगी फोटो में कोई अज्ञात व्यक्ति खाकी कलर की ड्रेस मे उक्त वाहन चलाता दिख रहा था। फुटेज के अवलोकन पश्चात पुलिस द्वारा आरोपी का रूट ट्रैक किया तथा शहर में लगे सिटी सर्विलांस के 100-150 कैमरों की फुटेज देखकर आरोपी देवलाल बरकडे उर्फ मोनू को छोला मंदिर को पुलिस की वर्दी में गिरफ्तार किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की काले हिरण और चिंकारा के शिकारी व तस्कर की जमानत याचिका

**भोपाल।** प्रदेश में काले हिरण एवं चिंकारा के अवैध शिकार तथा उनके मांस की तस्करी के मुख्य आरोपी सबाह अंतुले की जमानत याचिका को सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली की युगल पीठ ने खारिज कर दिया है। एसटीएसएफ इंदौर इकाई, स्थानीय पुलिस और वनमंडल इंदौर की संयुक्त टीम ने किशनगंज में की गई कार्रवाई के दौरान लगभग 65 किलोग्राम वन्यजीव मांस, एक देशी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस और तस्करी में प्रयुक्त टोयोटा इनोवा क्रिस्टा वाहन जब्त कर तीन आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। आरोपी सबाह ने इंदौर स्थित उच्च न्यायालय की खंडपीठ में जमानत याचिका दायर की थी।

## अधिकारी के परिजन गए हुए हैं उज्जैन

# एसीपी ड्यूटी पर, चोरों ने घर से तीन लाख कैश, जेवरात समेत 10 लाख की चोरी की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में चोरों के हौंसले इतने बुलंद हो गए वह अब पुलिस अधिकारियों के घर को भी निशाना बनाने से नहीं चुके है। अज्ञात चोरों ने ट्रैफिक एसीपी विजय दुबे के घर में सेंध लगाकर करीब 10 लाख रुपए का माल चोरी कर लिया। वारदात के समय एसीपी ड्यूटी पर थे, जबकि उनके परिजन उज्जैन गए हुए थे। चोर करीब तीन लाख रुपए कैश और सोने-चांदी के जेवर ले गए। मामला कोलार थाना क्षेत्र के डीके-2 इलाके का है। एसीपी आलोक श्रीवास्तव के मुताबिक बदमाश कार से पहुंचे थे। उन्होंने पहले बाहर के गेट का ताला तोड़ा और फिर अंदर के गेट का लॉक तोड़कर मकान में दाखिल हुए। इसके बाद कमरों और अलमारी की तलाशी लेकर नकदी व जेवर समेटकर फरार हो गए।

### सीसीटीवी में नजर आए संदिग्ध

देर रात घर लौटने पर एसीपी विजय दुबे ने दरवाजे का ताला टूटा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। फोरेंसिक टीम ने फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में कुछ संदिग्ध नजर आए हैं। उनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि बदमाशों ने घर की पहले से रेकी की थी या उन्हें परिवार के बाहर होने की जानकारी थी।

### लोन की रकम से बचे थे 6 लाख कैश

एसीपी विजय दुबे के घर से चोरी हुई करीब छह लाख रुपए की कैश को लेकर सामने आया है कि यह रकम पर्सनल लोन से बची हुई थी। एसीपी ने कुछ महीने पहले करीब 20 लाख रुपए का पर्सनल लोन लिया था। पुलिस अब कैश के संबंध में भी दस्तावेज और अन्य जानकारी जुटा रही है।

### रिश्तेदारों के जेवर भी ले गए

बदमाश एसीपी और उनके परिवार के जेवरों के साथ भाई-भाभी और ससुराल पक्ष के सदस्यों के आभूषण भी ले गए। इनमें सोने और चांदी के जेवर शामिल हैं। इनकी कीमत का वास्तविक आकलन बिल और अन्य दस्तावेज मिलने के बाद किया जाएगा।

### वीआईपी ड्यूटी की जानकारी थी या रेकी की?

जिस समय चोरी हुई, एसीपी विजय दुबे मुख्यमंत्री की वीआईपी ड्यूटी में तैनात थे और घर खाली था। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि बदमाशों को एसीपी के ड्यूटी शेड्यूल की जानकारी थी या उन्होंने पहले से मकान की रेकी की थी।

**चाकू की नोक पर लूटपाट, रात साढ़े आठ से नौ बजे की घटना, एक्टिवा सवार तीन बदमाशों पर केस दर्ज**

## मनुआभान टेकरी पर युवक और युवती से मोबाइल, नगदी चेन और कान के टॉप्स लूटकर भागे बदमाश

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित मनुआभान टेकरी पर गुरुवार रात करीब साढ़े आठ से नौ बजे के बीच तीन बदमाशों ने एक युवक और उसकी महिला मित्र से मोबाइल, नगदी चेन और कान के टॉप्स छीन लिए। बदमाशों ने उक्त वारदात चाकू की नोक पर की थी। लूटपाट की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी एक्टिवा से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तार के लिए पूरे जोन की पुलिस और क्राइम ब्रांच को लगाया गया है। हालांकि अब तक पुलिस के हाथ सफलता नहीं लगी है। पुलिस के अनुसार 28 साल का युवक एक अखबार में नौकरी कर रहा है। गुरुवार रात वह अपनी महिला मित्र के साथ मनुअभान टेकरी गया था। इस दौरान टेकरी वाला रेस्टोरेंट बंद हो रहा था। तभी युवक ने खाने का आर्डर दिया और मंदिर के पीछे की तरफ महिला मित्र के साथ जाकर बैठ गया। इसी दौरान रात करीब साढ़े आठ से नौ बजे के बीच एक एक्टिवा पर सवार होकर तीन युवक पहुंचे। उन्होंने चाकू अड़ाकर युवक और युवती को धमकाना शुरू कर दिया। धमकाते हुए आरोपियों ने युवक से चार हजार रुपए की नगदी और मोबाइल छीन लिया। आरोपियों ने युवती से सोने की चेन और कान के टॉप्स उतरवाए और उसका भी मोबाइल लेकर भाग निकले है। रेस्टोरेंट पर पहुंचकर दोनों ने घटना की जानकारी दी। बाद में पुलिस को शिकायत की। दो एक्टिवा संदिग्धपुलिस का कहना है कि पूरी वारदात को रैकी करने के बाद अंजाम दिया गया है।

### रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता से नाबालिग परिजन तक पहुंचा

**भोपाल।** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता से घर से बिना बताए निकला 16 वर्षीय नाबालिग बालक सुरक्षित परिजनों के परिचित तक पहुंचाया गया। घटना 11 सितंबर की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ड्यूटी के दौरान गाड़ी संख्या 12853 अमरकंटक एक्सप्रेस के समय स्टेशन पर एक नाबालिग बालक बिना टिकट मिला। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी रोहित रैकवाल ने उसे रोककर पूछताछ की। संदेह होने पर बालक को हेड टीसी कार्यालय लाया गया। यहां ऑन ड्यूटी हेड टीसी मंजू पटेल और कर्मचारी मनीषा मालवीय ने बालक से उसके परिजनों के संबंध में जानकारी ली। बालक द्वारा उपलब्ध कराए गए संपर्क नंबर पर उसके पिता से फोन पर बात की गई। पिता ने बताया कि माता-पिता की डांट से नाराज होकर बालक बिना बताए घर से निकल गया था। इसके बाद बालक के पिता ने अपने परिचित मोहम्मद सरफुद्दीन को रानी कमलापति स्टेशन भेजा। आवश्यक पहचान एवं संपर्क संबंधी जानकारी का सत्यापन करने के बाद बालक को पिता के अनुरोध पर उनके परिचित के सुपुर्द कर दिया गया।

■ घर से नाराज होकर अमरकंटक एक्सप्रेस से जा रहा था

## प्राकृतिक चिकित्सा से सीखा स्वस्थ रहना

# स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या में सुधार जरूरी : डॉ. गुलाब




हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का समापन सिद्ध भाऊ की पावन उपस्थिति में हुआ। आरोग्य केन्द्र का यह 180वां शिविर था, जिसमें मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए 81 साधकों ने भाग लिया।

शिविर में साधकों को प्राकृतिक चिकित्सा, योग, ध्यान, प्राकृतिक एवं अपक्व आहार तथा स्वस्थ दिनचर्या के माध्यम से निरोगी जीवन जीने की कला सिखाई गई। शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, कब्ज, थायराइड, घुटनों के दर्द, गैस्ट्राइटिस, अनिद्रा, माइग्रेन, अस्थमा, साइटिका सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से कार्य किया गया। आरोग्य केन्द्र के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने कहा कि स्वस्थ रहना हमारा अधिकार है। बीमारी का एक प्रमुख कारण हमारी गलत दिनचर्या और जीवनशैली है। यदि हम स्वास्थ्य रक्षक सिद्धांतों को अपनाएं तो शरीर को स्वस्थ रखने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। सिद्ध भाऊ ने कहा कि हमारा उद्देश्य धन कमाना नहीं, बल्कि शिविर में आए प्रत्येक साधक को स्वस्थ बनाना है। उन्होंने महिला साधकों से प्राकृतिक आहार एवं चिकित्सा की जानकारी अपने परिवार तक पहुंचाने का आह्वान किया। कई साधकों ने वजन कम होने तथा प्राकृतिक आहार और जीवनशैली में बदलाव की जानकारी भी साझा की। डॉ. लता टेवानी ने सभी साधकों, अतिथियों एवं अस्पताल के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## बिशनखेड़ा के 15 किमी दायरे में बाघ का मूवमेंट, दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज टोल प्लाजा बिशनखेड़ा, नूरगंज जोड़, जाखला पुल एवं डांटखेड़ा 15 किमी के एरिया में बाघ का भ्रमण रात को लगातार आसपास के इलाकों में देखा जा रहा है। टोल प्लाजा से



लेकर जाखला पुल तक दो पेट्रोल पंप है। स्कूल और ढाबे निकट है। बाघ के पदचिन्ह यहां देखे गए हैं। फॉरेस्ट अधिकारियों के खिलाफ लोगों में असंतोष है। पटेल भगवान सिंह पूर्व पार्षद बृजेंद्र गुर्जर चंदन सिंह ने बताया कि लोगों में दहशत है। वह खेतों में नहीं जा पा रहे हैं।

## साध्वी द्रौपदी धनवानी दीदी का अवतरण दिवस श्रद्धा से मनाया

# साध्वी द्रौपदी के अवतरण दिवस पर कटनी की बालक मंडली ने समां बांधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर




अपना संपूर्ण जीवन मानव सेवा एवं गुरु ग्रंथ साहिब तथा गुरबाणी को समर्पित कर देने वाली साध्वी द्रौपदी धनवानी दीदी का 68वें अवतरण दिवस श्रद्धा से मनाया गया।

साध्वी की 68वें अवतरण दिवस पर रात्रि मिनी मार्केट स्थिति गुरुद्वारा परिवार में कटनी से आई बालक मंडली ने दीदी का जन्मदिन धूम धाम से मनाया। यह भजन संध्या मप्र सिंधी साहित्य अकादमी के सहयोग से की गई। बालक मंडली ने दीदी की याद में शब्द गाए एवं दीदी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। भोग साहिब हुआ एवं उसके बाद श्रदालुओं का तातां गुरूद्वारे में मत्था टेकने के लिए लगा रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य मेहमान मप्र सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक राजेश कुमार वाधवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के मुखी माधू चांदवानी, राम बंसल, विनय दादलानी, दिनेश वाधवानी, मुरली नैनवानी, नरेश कीर्तनी व परसराम मीरचांदानी थे। इस अवसर पर सोनी लालवानी गुरुद्वारे से जुड़े पूज्य सिंधी पंचायत के कोषाध्यक्ष एवं गुरुवारे के सेवाधारी राकेश शेवानी, लता रामचांदनी, भाविका सिरवानी, मनीषा आड़तानी, सुशील धनवानी, दिलीप राख्यानी आदि मौजूद रहे।

### चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे का सम्मान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश मंत्रालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के नवनियुक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अल्पेश यशवंत कोगजे का लोक भवन में राज्यपाल और मुख्यमंत्री की विशेष उपस्थिति में आयोजित समारोह में कोलकाता से मंगाए हुए सिद्ध अंगवस्त्र, मोती की माला और पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों सहित अनेक न्यायाधीश और अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# घायलों को पटवा ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सुल्तानपुर जोड़ के समीप विधायक सुरेंद्र पटवा क्षेत्र के दौरे पर जाते समय रास्ते मे दो वाहनों के बीच हुई दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार परिवारजनों को चोटें आईं। यह देखते ही शपटवा ने कार रूकवाई।

पटवा ने कार से उतरकर दुर्घटना में घायलों को तत्काल अपने पायलट वाहन की सहायता से अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद घायलों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की एवं डॉक्टर से फोन पर चर्चा की। उन्होंने ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए कामना की।



### पटवा ने दीवटिया पहुंचकर मृत चार युवकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**औबेदुल्लागंज।** ग्राम दीवटिया निवासी गौरव नागर, शुभम नागर, आशीष नागर एवं कृष्ण नागर के आकस्मिक निधन पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने शुक्रवार को उनके निवास पर पहुंचकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदनाएँ व्यक्त कीं। पटवा ने ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवारजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति और संबल प्रदान करें। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, तेज सिंह नागर, वरिष्ठ गौरी शंकर नागर, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, गजेंद्र नागर, माधव यादव, संजय प्रजापति आदि मौजूद रहे।



## संत हिरदाराम हाल के पास सीसी निर्मित सड़क का भूमिपूजन

**लोगों को आवागमन में होगी सुविधा**

# वार्ड क्रमांक पांच को विकास के मामले में नंबर वन बनवाऊंगाः अशोक मारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर के वार्ड क्रमांक 5 में विकास कार्यों की श्रंखला में वन ट्री हिल्स स्थित संत हिरदाराम हाल के पास वाली सीसी निर्मित सड़क का भूमिपूजन वार्ड क्रमांक पांच के पार्षद अशोक मारण द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधु चांदवानी, मुरली भगतानी, माधवलाल परमानदानी, हीरानंद तनवानी, मोहनलाल भागवानी, हरदास पेसवानी, सुजित आसुदानी, मीरा गंगवानी, राकेश देवनानी, लोकेश चांदवानी, नरेन्द्र केवलानी,महेश गुरबानी, प्रकाश वीधानी, जगदीश सांवले, आत्माराम सूर्यवंशी,वासु बाघेला, राजकुमार धानुक, साहिल खान सहित बड़ी संख्या स्थानीय रहवासी उपस्थित थे।

**आम जनता की समस्याओं का समाधान कर रहे पार्षद मारणः चांदवानी**



**वार्ड में लगातार विकास कार्य होते रहे**

पार्षद अशोक मारण ने कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे इस वार्ड का पार्षद के रुप में दायित्व दिया गया, उसी विश्वास के साथ मेरा पूरा प्रयास है कि वार्ड में लगातार विकास कार्य होते रहे, ताकि वार्ड पांच विकास कार्यों में नंबर वन बने। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी ने कहा कि संत नगर में अशोक मारण एक ऐसे जनप्रतिनिधि है जो लगातार आए दिन विकास के कार्य कर रहे हैं और आमजनता की समस्याएं का समाधान कर रहे हैं।

## अव्यवस्था के विरोध में सड़क पर लगाए बेशरम के पौधे

# रेलवे ओवरब्रिज के गड्ढों में जीएसबी डलवाकर युकां के पूर्व जिलाध्यक्ष नागर ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



भोजपुर विधानसभा के नगर औबेदुल्लागंज स्थित रेलवे ओवरब्रिज की जर्जर सड़क और जगह-जगह बने गड्ढों को लेकर युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर ने अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया। उन्होंने ओवरब्रिज के गड्ढों में जीएसबी मटेरियल डलवाया और बेशरम के पौधे लगाकर जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित किया। नागर ने कहा कि इस मार्ग से रोजाना हजारों लोग आवागमन करते हैं। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण आए दिन वाहन चालकों को परेशानी होती है और हादसों का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? नागर ने कहा कि किसी दिन इन गड्ढों के कारण कोई बड़ा हादसा हो गया तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने प्रशासन से मांग की कि रेलवे ओवरब्रिज की सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# तबले की थाप पर तीन ताल में गूंजी फर्रुखाबाद और दिल्ली घराने की परंपरा

## कलाव्योम फाउंडेशन की राष्ट्रीय सांस्कृतिक श्रृंखला में युवा कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा और गुरु-शिष्य परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलाव्योम फाउंडेशन की लोकप्रिय राष्ट्रीय मासिक सांस्कृतिक श्रृंखला के अंतर्गत सामूहिक तबला वादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुबेर बैंक्वेट में आयोजित इस सांगीतिक संध्या में ताल अकादमी ऑफ तबला के युवा कलाकारों ने अपनी सधी हुई प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में भारत के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओ.पी. रावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि मध्यप्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त राजेश भट्ट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।





### कलाकारों के बीच हुआ बोल और लय का संवाद

प्रस्तुति के अंतिम चरण में तबला वादन के सवाल-जवाब ने कार्यक्रम में विशेष रोमांच पैदा किया। कलाकारों के बीच बोलों और लय का संवाद श्रोताओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। प्रस्तुति के साथ बढ़ती लय और गति ने वातावरण को और जीवंत बना दिया। कलाकारों की प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

**दर्शकों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया**

### पेशकार, कायदे, रेले, टुकड़े एवं चक्करदार की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति में ताल अकादमी ऑफ तबला के युवा कलाकारों ने तीनताल में फरुर्खाबाद एवं दिल्ली घराने की पारंपरिक शैली पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं। कलाकारों ने पेशकार, कायदे, रेले, टुकड़े एवं चक्करदार की प्रभावशाली प्रस्तुतियों से तबला वादन की विविधता और शास्त्रीय सौंदर्य को सामने रखा। स्पष्ट बोल, लय पर मजबूत पकड़, गति पर नियंत्रण और सामूहिक वादन में बेहतरीन तालमेल प्रस्तुति की खास विशेषता रही। प्रत्येक कलाकार ने अपनी साधना और तैयारी का परिचय देते हुए सामूहिक वादन को प्रभावी बनाया।

---



## प्रोफेसर शैलेंद्र जैन होंगे मैनिट के डिप्टी डायरेक्टर

**भोपाल।** हाल ही में शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट), भोपाल ने प्रोफेसर शैलेन्द्र जैन को मैनिट का डिप्टी डायरेक्टर नियुक्त किया है। वर्तमान में वे मैनिट में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. शैलेंद्र ने अपनी पीएचडी आईआईटी रुड़की और पोस्ट-डॉक्टरेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ओंटारियो, कनाडा से पूरी की है। शिक्षण और अनुसंधान में योगदान के अलावा, उन्होंने कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों को भी संभाला है, और वर्तमान में वे डीन (अकादमिक) के पद पर हैं। इसके पूर्व प्रोफेसर जैन मैनिट भोपाल से प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए, संत लोंगोवाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लोंगोवाल में निदेशक-सह-कुलपति के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके है।

### मैनिट में संस्कृति, साहित्य एवं राष्ट्रभावना का अद्भुत संगम बना 'तूर्यनाद- 26'

# केसरिया बालम से छाप तिलक तक मामे खान ने बांधा सुरों का समां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मध्य भारत के सबसे बड़े हिन्दी महोत्सव तूर्यनाद के 15वें संस्करण का शुभारंभ शुक्रवार को मुकुल कानिटकर द्वारा बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति की विविधता एवं गौरवशाली परंपराओं को उजागर किया गया। इस अवसर पर तूर्यनाद समिति के संस्थापक सदस्य आशुतोष सिंह ठाकुर ने राजभाषा हिंदी के उत्थान के लिए तूर्यनाद समिति के कार्यों के विस्तार से चर्चा की, वही स्वामी विवेकानन्द के शिकागो भाषण के 133 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले दिग्विजय दिवस की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।






### 'रॉक एन रूट्स बैंड' की सुरमयी प्रस्तुति से झूम उठा मैनिट परिसर

सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण फोक वॉइस ऑफ इंडिया तथा म्यूजिक डायमंड ऑफ इंडिया के नाम से प्रख्यात मामे खान की मनमोहक प्रस्तुति रही। जिन्होंने अपनी मधुर एवं ऊजार्वान प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने केसरिया बालम... की मधुर धुन से अपनी प्रस्तुति की शुरूआत की, इसके बाद चौधरी...., तथा बंजारा झूम.... जैसे ऊजार्वान गीतों पर गूंजते रहे लोकगीतों के सुरीले रंग ने सभागार को सुरों की लहरियों से सराबोर कर दिया।

### मां तुझे सलाम.... ने देशभक्ति के जोश से भरा दिल

वहीं मां तुझे सलाम.... ने हर दिल में देशभक्ति का जोश भर दिया। इसके उपरांत छाप तिलक... और सांसों की माला... ने मधुर स्वर से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गीतों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति, उत्कृष्ट संगीत संयोजन और कलाकारों की ऊर्जा ने पूरे वातावरण को रोमांचित कर दिया। दर्शक भी प्रस्तुति के साथ स्वयं को जोड़ते हुए गीतों का भरपूर आनंद लेते दिखाई दिए। संगीत से सजी इस मनोरम संध्या ने न केवल दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

### 'युवा भारत : कल, आज और कल' विषय पर विशेष उद्बोधन



# युवा शिकायत नहीं, समस्याओं का समाधान देता है.....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कौन है तू, कहां से आया है, तेरे जीवन का उद्देश्य क्या है? जो इस प्रश्न का सामना करता है और उत्तर खोजता है, वह युवा है। वह महापुरुष है। स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, मीराबाई और एपीजे अब्दुल कलाम ने ये प्रश्न पूछे तो उनके जीवन बदल गए। प्रत्येक युवा को आईना देखते समय ये प्रश्न स्वयं से पूछने चाहिए। यह विचार प्रखर वक्ता मुकुल कानिटकर ने व्यक्त किए।

स्वामी विवेकानंद के शिकागो व्याख्यान की स्मृति में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की। आखिर में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी कानिटकर ने किया।

### स्वामी जी ने किया अपमान और तिरस्कार का विषपान

'युवा भारत : कल, आज और कल' विषय पर मुकुल कानिटकर ने कहा कि शिकागो व्याख्यान से पूर्व अमेरिका पहुंचे स्वामी विवेकानंद ने डेढ़ महीने अथाह कष्ट सहन किया। अपमान और तिरस्कार का विषपान किया। इतना कष्ट और अपमान झेलने के बाद भी जब स्वामी विवेकानंद को बोलने के लिए मंच मिला, तो उन्होंने कोई शिकायत नहीं की। आत्मीयता से कहा- मेरे प्यारे अमेरिकी बहनों और भाइयों।

---

### आईईएचई में व्याख्यान का आयोजन

# विवेकानंद के विचारों को केवल पढ़ना नहीं, जानना भी जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में स्वामी विवेकानंद



की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर उनके जीवन, व्यक्तित्व, विचारों और युवा शक्ति को केंद्र में रखते हुए विशेष कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर चर्चा के साथ विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक पांडेय, प्रांत संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को केवल पढ़ना और जानना पर्याप्त नहीं है, अपितु उन्हें अपने आचरण और व्यावहारिक जीवन में उतारना भी आवश्यक है।



## आईआईएम के आधिकारिक एम्बेसडर बने विनोद पांडे

**भोपाल।** फिटनेस, रनिंग और साइक्लिंग के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने वाले विनोद पांडे को भारतीय प्रशासनिक संस्थान (आईआईएम) इंदौर का आधिकारिक एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। यह उपलब्धि उनके लिए नहीं है, बल्कि भोपाल और मध्य प्रदेश के फिटनेस एवं खेल समुदाय के लिए भी गौरव की बात है। विनोद पांडे को इससे पहले यूनिटी एम्बेसडर और मध्य प्रदेश के स्टेट साइक्लिंग लीडर की जिम्मेदारी भी मिल गई है। खेल एवं फिटनेस क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान को देखते हुए हाल ही में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी की ओर से उन्हें स्पोर्ट्स प्रमोटर के रूप में सम्मानित किया गया।

# पंच- सरपंच उपचुनाव में हर मतदाता निभाए अपनी जिम्मेदारीः सारिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के कमिश्नर मनोज कुमार श्रीवास्तव तथा सचिव दिनेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आपका एक वोट आपके गांव के विकास की दिशा तय करता है, चाहे पंच का चुनाव हो अथवा सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य को चुना जाना हो।

इसके लिए आपके जिले में हो रहे उपनिर्वाचन में 29 सितंबर को अपने मतदान केंद्र पर जरूर पहुंचें। जिम्मेदारी के साथ अपनी ग्रामीण सरकार चुनें और स्थानीय विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दें। यह बात ब्रांड एम्बेसेडर सारिका घारू ने कही। वे मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के कमिश्नर मनोज कुमार श्रीवास्तव तथा सचिव दिनेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर रही हैं। सारिका ने बताया कि पंच पद के लिए मतदान मतपत्रों से होगा, जबकि सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के पदों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है।

# राज कपूर से करीना कपूर तक... तीन पीढ़ियों के सितारों के गीतों ने बांधा समां

## कपूर खानदान के गीतों से सुरमई हुई रवींद्र भवन की शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सदाबहार हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय सितारों के गीतों और यादगार नग्मों से शुक्रवार को रविन्द्र भवन का अंजनी सभागार सुरमई हो गया। मौका था 'कपूर एंड कपूर' कार्यक्रम का, जिसमें कपूर खानदान के सिनेमाई सफर और उनके लोकप्रिय गीतों को संगीतमय अंदाज में प्रस्तुत किया गया। गायक इंदर पाल सिंह गुलाटी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से संगीतप्रेमियों को पुराने दौर की सुनहरी यादों में पहुंचा दिया। कार्यक्रम में राज कपूर, शशि कपूर, रणधीर कपूर, ऋषि कपूर, करिश्मा कपूर और करीना कपूर जैसे सितारों पर फिल्माए गए लोकप्रिय गीतों को अपनी आवाज में पेश किया गया।



### 'मेरा जूता है जापानी' ने बांधा समां

प्रस्तुति की शुरुआत राज कपूर के सदाबहार गीत 'मेरा जूता है जापानी' और 'प्यार हुआ इकरार हुआ' जैसे गीतों की मधुर धुनों से हुई तो सभागार तालियों से गूंज उठा। इसके बाद ऋषि कपूर की फिल्मों के लोकप्रिय गीत 'ओम शांति ओम' और 'डफली वाले डफली बजा' ने माहौल में रवानगी घोल दी।

---

### पुस्तक 'डॉ. मोहन भागवत संदेश' का विमोचन समारोह

# डॉ. उमेर अहमद इलियासी बोले- डॉ. मोहन भागवत संवाद में विश्वास रखते हैं, उनका व्यक्तित्व विराट है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इमाम के चीफ इमाम डॉ. उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत हमेशा संवाद में विश्वास रखते हैं और उनका व्यक्तित्व विराट है। भारत की विशेषता उसकी विविधता और सामाजिक ताने-बाने में है। भारत को सही अर्थों में समझने के लिए उसकी विविधता, विभिन्न सामाजिक परंपराओं और आपसी संवाद की भावना को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज में संवाद जितना मजबूत होगा, आपसी विश्वास और सौहार्द भी उतना ही सुदृढ़ होगा। डॉ. इलियासी शुक्रवार को भोपाल के विधानसभा परिसर स्थित मानसरोवर सभागार में वरिष्ठ



पत्रकार एवं लेखक कृष्णमोहन झा की पुस्तक 'डॉ. मोहन भागवत संदेश' के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। पुस्तक का विमोचन मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा एवं आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने किया। समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। डॉ. उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि भारत का सामाजिक जीवन अनेक परंपराओं, विचारों और संस्कृतियों से मिलकर बना है। ऐसे में एक-दूसरे को समझने के लिए संवाद आवश्यक है। संवाद केवल विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास को मजबूत करने का भी आधार है। उन्होंने पुस्तक के लेखक कृष्णमोहन झा के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. मोहन भागवत के विभिन्न विषयों पर व्यक्त विचारों को एक स्थान पर संकलित करना महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज को किसी व्यक्तित्व के विचारों को व्यापक संदर्भ में समझने का अवसर मिलता है और समाज में व्याप्त अनेक गलतफहमियों को दूर करने में भी सहायता मिल सकती है।

### विचारों का विश्लेषण, निष्कर्ष भी प्रस्तुत

मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि सामान्यतः पुस्तकें किसी एक विषय अथवा व्यक्तित्व को केंद्र में रखकर लिखी जाती हैं, लेकिन 'डॉ. मोहन भागवत संदेश' में विभिन्न विषयों पर डॉ. मोहन भागवत द्वारा व्यक्त विचारों को संकलित करने के साथ-साथ उनके विचारों का विश्लेषण और निष्कर्ष भी प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ निरंतर युवाओं के साथ संवाद करता रहा है। समकालीन विषयों पर डॉ. मोहन भागवत के विचार समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं और युवाओं को राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपनी भूमिका को समझने की प्रेरणा देते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने कहा कि इस कृति में डॉ. मोहन भागवत के राष्ट्रचिंतन, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों को संकलित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापक सांस्कृतिक दृष्टिकोण को समझना आवश्यक है और अखंड भारत की कल्पना संवाद एवं विचारों के माध्यम से साकार हो सकती है।

# एसजीसीयू के साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा से 6,336 लोग हुए जागरुक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डिजिटल तकनीक के बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरुकता को आवश्यक मानते हुए स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीसीयू) ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल की है। साइबर पुलिस भोपाल एवं क्विक हील के सहयोग से संचालित सायबर शिक्षा फॉर सायबर सुरक्षा अभियान के तहत विश्वविद्यालय के सायबर वॉरियर्स ने विभिन्न स्कूलों एवं संस्थानों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर 6,336 लोगों तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. सितेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत कुल 29 साइबर जागरूकता कार्यक्रम आए।

## डीआईएलआरएमपी 3.0 के दिशा-निर्देश लॉन्च, शिवराज ने किया शुभारंभ

# एकीकृत, जीआईएस आधारित 'लैंड स्टैक' किया जाएगा विकसित, हर भू-खंड को मिलेगा 14 अंकों वाला भू-आधार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम में डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) 3.0 के परिचालन दिशानिर्देशों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यों के राजस्व मंत्रियों, प्रधान सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। 2026-2031 के लिए 565.50 करोड़ के बजटीय प्रावधान के साथ एकीकृत, जीआईएस-आधारित 'लैंड स्टैक' विकसित किया जाएगा। देश के प्रत्येक भू-खंड को 14 अंकों वाला यूनिवर्सल लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर भू-आधार प्रदान किया जाएगा।

### भूमि किसानों के गौरव और पीढ़ियों की पहचान का प्रतीक



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि डीआईएलआरएमपी 3.0 ग्रामीण नागरिकों, किसानों और संपत्ति मालिकों के लिए जीवन को आसान बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि भारत में भूमि का संबंध भावनात्मक और पारिवारिक पहचान से गहराई से जुड़ा है, इसलिए भूमि से जुड़े सटीक और आसानी से उपलब्ध दस्तावेज अहम हैं।

**99.90% अभिलेखों का डिजिटलीकरण पूरा हो गया**

चौहान ने कहा कि डीआईएलआरएमपी के पिछले चरणों में 99.90 फीसदी अधिकार अभिलेख और 97फीसदी कैडस्ट्रल मैप्स का डिजिटलीकरण पूरा किया जा चुका है। 99 फीसदी सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों का कंप्यूटरीकरण भी पूरा हो चुका है। अब पूरी प्रणाली के एकीकरण की दिशा में काम होगा।

### सभी जानकारी एक साथ होंगी

इसमें जियो-रेफरेंस्ड कैडस्ट्रल मैप, अधिकारों के रिकॉर्ड, संपत्ति पंजीकरण और संबंधित अदालती मामलों जैसी भूमि से जुड़ी विभिन्न जानकारियों को डिजिटल इंटरफेस के माध्यम से एक साथ लाया जाएगा।

### 75 सब-रजिस्ट्रार कार्यालय बनेंगे आधुनिक पंजीकरण सेवा केंद्र

ज्यादा भीड़ वाले 75 सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों को पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर आधुनिक पंजीकरण सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इन केंद्रों में डिजिटल कतार प्रबंधन और नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### सीधे भूमि रिकॉर्ड से जोड़ा जाएगा

राजस्व न्यायालय मामला प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक बनाकर सीधे भूमि रिकॉर्ड से जोड़ा जाएगा। लंबित मामलों की संख्या कम करना और म्यूटेशन से जुड़े मामलों के निपटारे में तेजी लाना है।

### शहरी भूमि रिकॉर्ड के लिए 'नक्शा' को मिलेगी गति

अर्बन लैंड मैपिंग (नक्शा) पायलट प्रोजेक्ट को गति दी जाएगी। इसके तहत सटीक और जीआईएस आधारित शहरी भूमि रिकॉर्ड तैयार किए जाएंगे तथा अर्बन प्रॉपर्टी कार्ड जारी किए जाएंगे। इससे शहरी क्षेत्रों में संपत्तियों की पहचान और रिकॉर्ड प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी।

### राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 100% केंद्रीय वित्तपोषण

डीआईएलआरएमपी 3.0 को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 100 फीसदी केंद्रीय वित्तपोषण के साथ चरणबद्ध और प्रदर्शन आधारित व्यवस्था के तहत लागू किया जाएगा। कार्यक्रम का वित्तीय प्रबंधन सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### शाह ने डॉ. भागवत को शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शाह ने कहा कि संघ प्रचारक से लेकर सरसंघचालक तक का उनका सफर राष्ट्र सेवा, सामाजिक सद्भाव और भारतीय संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति समर्पण का एक बेमिसाल उदाहरण है।

### फरार पीजी संचालक त्यागी ने किया आत्मसमर्पण



**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में इमारत ढहने के मामले में फरार आरोपी और पीजी संचालक शुभम त्यागी ने शुक्रवार को पटियाला हाउस अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने इमारत ढहने की परिस्थितियों के बारे में पूछताछ और जांच के लिए त्यागी को 2 दिन के लिए हिरासत में देने की मांग की है।

### अलायंस एयर का विमान आपात स्थिति में उतरा



**नई दिल्ली।** अलायंस एयर का विमान इंजन में खराबी आने के बाद शुक्रवार अपराह्न आपात स्थिति में दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा। विमान में करीब 40 लोग सवार थे। विमान सुरक्षित रूप से उतरा। एयरलाइन कंपनी प्रयागराज से राष्ट्रीय राजधानी के लिए एटीआर 72-600 विमान से उड़ान संख्या 9आई 698 का संचालन कर रही थी। यह दो इंजन वाला विमान है।

### कैफे के बाहर 15 राउंड फायरिंग, 2 घायल



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा कम्युनिटी सेंटर के पास एक कैफे के बाहर स्कूटर सवार 2नकाबपोश लोगों ने कथित तौर पर गोलीबारी कर दी। इसमें दो लोग घायल हुए। हमलावरों ने करीब 15 गोलियां चलाईं और दोनों को गोली लगी। घायल मोहम्मद इरशाद ने बताया वह और दूसरा पीड़ित रात करीब डेढ़ बजे कैफे से बाहर निकले थे, तभी स्कूटर आए।

### नांदेड़ में 9 लोगों की मौत प्रधानमंत्री ने शोक जताया



**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में गुरुवार को भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। हादसा नांदेड़-भोकर हाईवे पर वाकद गांव के पास सीताखंडी इलाके में हुआ। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हादसे पर प्रधानमंत्री ने शोक जताया है।

---

## ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में सीतारमण ने कांग्रेस पर कसा तंज

**देश डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में अव्वल**

# 'नाराज फूफा' देश की क्षमताओं पर संदेह का कोई मौका नहीं छोड़ रहे

### कुछ लोग जनसांख्यिकीय लाभांश को हमेशा निराशा भरी नजरों से देख रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत की तेज वृद्धि और युवा शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत वास्तविक समय में अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का अनुभव कर रहा है। देश डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में विश्व में अग्रणी है। यूपीआई के जरिए अरबों के लेनदेन हो रहे हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। वित्त मंत्री ने विरोधी दलों पर भी करारा तंज कसा।

उन्होंने संशयवादियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग जनसांख्यिकीय लाभांश को सदा निराशा भरी नजरों से देखते हैं। प्रधानमंत्री के शब्द 'नाराज फूफाजी' का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोग भारत की आगे बढ़ने की गति और युवाओं की क्षमताओं पर संदेह करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। वे टेलीविजन स्टूडियो में बहस करते हुए समय बिताते हैं। उनका सवाल होता है कि क्या जनसांख्यिकीय लाभांश हाथ से निकल गया है या बोझ बन गया है।

### भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत



निर्मला सीतारमण

सीतारमण ने इस सोच को खारिज किया। उन्होंने कहा कि यह जनसांख्यिकीय लाभांश भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा तय कर रहा है। हमें इस प्रगति का उत्सव मनाना चाहिए। नकारात्मक सोच वाले लोगों की तरह नहीं होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। यह देश के भविष्य के लिए एक मजबूत आधार है।

### एक संघीय उद्योग मंच बनाने पर जोर दिया

सीतारमण ने एक संघीय उद्योग मंच बनाने पर जोर दिया। यह मंच व्यापक भारतीय प्रौद्योगिकी परिवेश को एक साथ लाएगा। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक को थोक और खुदरा केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा पायलट को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया। यह कदम डिजिटल वित्तीय प्रणाली को मजबूत करेगा। यह नवाचार को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

**भाजपा प्रवक्ता पात्रा बोले**

### भारत की प्रगति नहीं पचा पा रहा विपक्ष, नकारात्मक माहौल बना रहा



भाजपा ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को लेकर 'नकारात्मक माहौल' बनाने का आरोप लगाया और कहा कि देश जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, विपक्षी दल भारत की इस प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। भाजपा ने कहा कि जहां 2011-12 में कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान ब्रिक्स के भीतर भारत अपनी स्थिति खोता हुआ दिख रहा था, वहीं आज सभी ब्रिक्स देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत में मौजूद हैं।

**ब्रिक्स पर कांग्रेस के नेता आपस में ही भिड़े, एक ने इसे विकासशील देशों के लिए अहम मंच बताया**

## चिदंबरम ने कहा- इससे क्या मिला? थरूर ने गिना दिए भारत को मिलने वाले फायदे भूमिका व कूटनीतिक ताकत बताई, सम्मेलन की मेजबानी देश के लिए गर्व की बात

ब्रिक्स को लेकर कांग्रेस के भीतर ही अलग-अलग राय है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने सवाल उठाया था कि 2-3 ब्रिक्स सम्मेलनों से भारत को आखिर कितने ठोस फायदे मिले हैं? अब उनकी ही पार्टी के सांसद शशि थरूर ने इस के महत्व और भारत को इससे होने वाले कुछ फायदों को गिनाया है। थरूर ने कहा कि ब्रिक्स स्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों के लिए अहम मंच है। उन्होंने कहा कि 100 से ज्यादा देश हैं, लेकिन इसमें 11 प्रमुख देश विचारों को सामने रखते हैं।



शशि थरूर और पी. चिदंबरम

### भारत को जारी करनी पड़ी थी चेयर की घोषणा

थरूर ने कहा कि विदेश मंत्रियों की पिछली बैठक में ब्रिक्स देशों के बीच साझा घोषणा पर सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद भारत ने ब्रिक्स अध्यक्ष के तौर पर अपनी ओर से चेयर की घोषणा जारी की थी। अगर फिर साझा बयान पर सहमति नहीं बनती है तो कुछ लोग इसे झटका मान सकते हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग देशों के मतभेदों को संभालना और उनके बीच सहमति बनाना भारतीय राजनयिकों के सामने बड़ी चुनौती होगी।

---

### गणेश पूजा में शराब की बिक्री

## रोक लगाने से भड़का हाईकोर्ट 10 दिन में तो बीमार हो जाएंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र में गणेश उत्सव की धूम रहती है। 10 दिन तक चलने वाले इस पूजा के दौरान पुणे के जिला प्रशासन ने शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया। जब यह मामला बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचा तो जज ने जिला प्रशासन के इस फैसले की कड़ी आलोचना की। कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा कि सिर्फ एक जिले को ही क्यों चुना गया, जबकि मुंबई सहित महाराष्ट्र के किसी भी जिले में ऐसी कोई पाबंदी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि प्रशासन को यह आदेश वापस ले लेना चाहिए वरना कोर्ट को दखल देना पड़ेगा। जिला प्रशासन के इस फैसले के खिलाफ होटल मालिकों और शराब की दुकान के मालिकों के संगठनों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। चीफ जस्टिस एमसी त्रिपाठी और जस्टिस अद्वैत सेठना की बेंच ने कहा कि जिन्हें शराब बेचने का लाइसेंस प्राप्त है उन्हें 10 दिन तक अपना कारोबार करने से रोकने के लिए कहना पूरी तरह से मनमाना है। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसी पाबंदी से शराब की लत वाले लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। चीफ जस्टिस त्रिपाठी ने मजाकिया लहजे में कहा,अगर उन्हें 10 दिनों तक शराब नहीं मिली तो वे अस्पतालों में भर जाएंगे।

### सिर्फ एक जिले में क्यों बैन?

पुणे कलेक्टर के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें 14 सितंबर से शुरू होने वाले गणेश उत्सव के दौरान बिक्री पर रोक लगाई गई थी। बेंच ने कहा कि सिर्फ पुणे को चुनने के पीछे क्या तर्क है? हम ऐसी प्रथा की निंदा करते हैं। आप पूरे राज्य में से सिर्फ एक जिला चुन रहे हैं।

### खालिद के समर्थन में नारे लगाना राष्ट्र विरोधी नहीं



मुंबई की एक कोर्ट टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के छात्र अभिरूप आशीष पॉल को जमानत दे दी है। पॉल को जेल में बंद दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम के समर्थन में नारे लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया था।अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दत्तात्रेय शंकरराव खेडेकर ने टिप्पणी की कि पॉल से पहले ही पर्याप्त समय तक हिरासत में पूछताछ की जा चुकी है। उन्हें किसी माओवादी या अन्य प्रतिबंधित संगठन से जोड़ने वाला कोई सबूत नहीं है। नप्रथम दृष्टया संदेह के अलावा आरोपी की गतिविधियों को माओवादी मानसिकता से जोड़ने या राष्ट्र के विरुद्ध या भारत के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन से संबद्ध होने का कोई सबूत नहीं है।

---

### महोबा में फसल सर्वे के नाम पर वसूली

## सर्वेयरों को पहना दी चूड़ी पेटीकोट और जूतों की माला

एजेंसी ▶▶ महोबा

फसल सर्वे के नाम पर किसानों से रुपए वसूले जाने के आरोप से भड़के ग्रामीणों ने 2सर्वेयरों को पकड़कर अनोखा विरोध किया। कोतवाली चरखारी क्षेत्र के नटर्रा गांव में ग्रामीणों ने दोनों सर्वेयरों को महिलाओं के कपड़े और चूड़ियां पहनाईं। इसके बाद गले में जूतों की माला डालकर पूरे गांव में घुमाया। इसके बाद दोनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। कृषि विभाग और पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिले में लगातार हुई बारिश से



उड़द, मूंग, तिल और मूंगफली की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का दावा है कि कई जगह फसलें 90 फीसदी तक खराब हो गई हैं और खेतों में अब भी पानी भरा है। किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा कराया था और नुकसान की सूचना बीमा कंपनी के टोल-फ्री नंबर पर दी थी।

### गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम

## भारत में एचपीवी वैक्सीन की 80 लाख खुराकें दी जा चुकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के प्रयासों में अहम उपलब्धि हासिल की है। फरवरी 2026 में शुरू हुए राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन की 80 लाख से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। यह उपलब्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के जरिए एचपीवी टीकाकरण की बढ़ती पहुंच को दर्शाती है और किशोरियों के लिए निवारक स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करने



के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। टीकाकरण अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री की ओर से फरवरी 2026 में किया गया था। 14 वर्ष की लड़कियों को माता-पिता की सहमति से सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वैच्छिक और निःशुल्क एकल खुराक एचपीवी टीकाकरण प्रदान किया जाता है।

### बैंक फ्रॉड केस में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गया से गुरुग्राम और दिल्ली तक 9 ठिकानों पर छापेमारी

### 131.79 करोड़ रुपए का घालमेल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंक लोन धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गया के एक होटल ग्रुप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने गया में 9 ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई रामनंदी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड, इसके निदेशक अखौरी गोपाल और उनके बेटों निशांत और नितेश से जुड़े मामले में की। यह मामला सीबीआई की एफआईआर और चार्जशीट के आधार पर दर्ज किया गया है। कथित अपराध से जुड़ी राशि करीब 131.79 करोड़ बताई गई है। ईडी का आरोप है सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह ने करीब 85 करोड़ का लोन दिया था। इसमें से लगभग 58 करोड़ गलत तरीके से दूसरी जगह इस्तेमाल किया। कुछ संपत्तियां गिरवी रखी।



### डीआरएम ऑफिस से 50 हजार की रिश्वत में अरेस्ट



**प्रयागराज ।** प्रयागराज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (डीआरएम) में सीबीआई ने सहायक कार्मिक अधिकारी और कार्यालय अधीक्षक को कथित तौर पर 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। लोको पायलट के स्थानांतरण के मामले में दोनों आरोपी हैं।

---

**केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी का बड़ा ऐलान**

# देश में मार्च 2027 तक लागू होगा बैरियर फ्री रूल

### टोल प्लाजा का नया नियम तैयार, सरकार 'वन टैग' सुविधा भी शुरू करेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले वाहन चालकों के लिए राहत की खबर है। भारत अब पूरी तरह से डिजिटल और बैरियर-फ्री टोलिंग प्रणाली की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि नई एआई आधारित प्रणाली मार्च 2027 तक लागू होने की उम्मीद है, जिसके बाद गाड़ियों को टोल प्लाजा पर रुकना नहीं पड़ेगा। इससे सालाना टोल राजस्व में करीब 10,000 करोड़ की बढ़ोतरी का अनुमान है। इसके साथ ही सरकार 'वन टैग' सुविधा भी शुरू करने जा रही है, जिससे बिना नया फास्टैग खरीदे अपना बैंक अकाउंट आसानी से बदल सकेंगे।

### टोल चौकियों पर नहीं रुकना पड़ेगा



गडकरी ने घोषणा की कि इसके चालू होने के बाद वाहन चालकों को टोल चौकियों पर बिना रुके गुजरने की सुविधा मिलेगी। एआई और निर्बाध टोल प्रणाली के जरिए टोल पर रुकने की व्यवस्था हटेगी।

**इस तरह काम करेगी यह**

यह नई व्यवस्था टोल वसूली के लिए स्वचालित वाहन नंबर प्लेट पहचान और फास्टैग को आपस में एकीकृत (इंटीग्रेट) करेगी। इससे टोल प्लाजा पर वाहनों का वेटिंग टाइम पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। यदि फास्टैग का बैंक बदलना चाहते हैं, तो नया टैग लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### 80 से 90 प्रतिशत तक वेटिंग समय घटा

फास्टैग की सफलता का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसे 2014 में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था और 2021 में अनिवार्य कर दिया गया। आज देश के 98 फीसदी से अधिक वाहनों में फास्टैग का उपयोग हो रहा है और 13 करोड़ से अधिक टैग जारी किए जा चुके हैं। फास्टैग ने पहले के 12 से 30 मिनट के प्रतीक्षा समय को 80 से 90 प्रतिशत तक घटा दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर फास्टैग का उपयोग अब 98 प्रतिशत से अधिक हो गया है। अब तक देश में 13 करोड़ से अधिक फास्टैग जारी किए जा चुके हैं। सरकार को उम्मीद है कि इस नई बाधा-मुक्त डिजिटल टोलिंग प्रणाली से जहां वाहन चालकों के समय की बचत होगी,पारदर्शिता भी आएगी।

**नीति आयोग के सीईओ बोले**

## 2047 तक विकसित देश बनने के लिए समावेशी वृद्धि जरूरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



अनुराग जैन

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुराग जैन ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है और 2047 तक विकसित देश बनने के लिए उसे समावेशी वृद्धि की जरूरत है। जैन ने वैश्विक फिनटेक सम्मेलन में कहा कि कुछ राज्यों ने स्वास्थ्य और शिक्षा के मानकों पर भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन कुछ राज्य पीछे रह गए हैं, इसलिए हमें उन पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आर्थिक समावेश के जरिए समृद्धि हासिल करने के लिए भारत के पास मजबूत आधार है। इसके तहत सभी लोगों को उचित शिक्षा और लाभकारी रोजगार या उद्यमिता के लिए कौशल तक पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। हम विकसित राष्ट्र बनने के लिए समावेशी वृद्धि चाहते हैं। आय के स्तर पर जब प्रति व्यक्ति आय को मापते हैं, तो केवल यह पर्याप्त नहीं है।

## भारत यूपीआई तकनीक द्वारा दुनिया में कारोबार के सामने आए बैरियर्स को खत्म करना चाहता

ब्रिक्स बिजनेस फोरम में पीएम मोदी बोले

# 4 से शुरू हुआ ब्रिक्स 21 देशों का परिवार आधे विश्व के बराबर, 25 फीसदी दुनिया का व्यापार इन सदस्य देशों में

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी आर्थिक वृद्धि दर दुनिया की तुलना में दोगुनी रफ्तार से बढ़ी है। ग्रासरूट से लेकर फ्रंटियर तकनीक तक हमारे देशों में इनोवेशन की नई संभावनाएं आकार ले रही हैं। ब्रिक्स का बढ़ते स्केल, स्पीड और ऑप्टिमिज्म हमारे बीच साफ दिखाई दे रही है।

- *विश्व व्यापार के लिए समुद्री रास्तों को सुरक्षित करना होगा*
- *यह फोरम अब तक का सबसे बड़ा ब्रिक्स बिजनेस फोरम*
- *भारत में स्पेस, बायोटेक समेत कई चीजों में नई संभावनाएं*

BRICS | भारत 2026
ब्राजील रूस भारत चीन साउथ अफ्रीका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मंडपम में आयोजित ब्रिक्स बिजनेस फोरम में पीएम नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी मौजूद रहे। ब्रिक्स बिजनेस फोरम में शामिल सभी नेताओं का पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने कहा कि 2006 में जब ब्रिक्स समूह की शुरुआत हुई थी, तब इसमें महज 4 देश शामिल थे। आज ब्रिक्स और ब्रिक्स के सहयोगी देशों को मिलाकर 21 देशों का परिवार हो चुका है। इस समूह की जब आज दुनिया की 50 फीसदी आबादी, 25 फीसदी दुनिया का ट्रेड इन देशों में है। हमारी आर्थिक वृद्धि दर दुनिया की तुलना में दोगुनी रफ्तार से बढ़ी है। ग्रासरूट से लेकर फ्रंटियर तकनीक तक हमारे देशों में इनोवेशन की नई संभावनाएं आकार ले रही हैं। ब्रिक्स का बढ़ते स्केल, स्पीड और ऑप्टिमिज्म हमारे बीच साफ दिखाई दे रही है। भारत में आयोजित यह फोरम अब तक का सबसे बड़ा ब्रिक्स बिजनेस फोरम है।




दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम 2026 के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स देशों के नेताओं, ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल के अध्यक्षों और ब्रिक्स महिला बिजनेस अलायंस की अध्यक्षों के साथ समूह तस्वीर खिंचवाई

### भारत में 2 लाख स्टार्टअप्स : पीएम



पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी भारत आज तेजी से विकास कर रहा है। हमने स्पेस, बायोटेक समेत कई चीजों में नई संभावनाएं तैयार की हैं। मेक इन इंडिया, इनोवेट इन इंडिया और स्केल फॉर द वर्ल्ड के तहत भारत में स्टार्टअप रिवॉलूशन हो रहा है। भारत में दो लाख स्टार्टअप्स हैं। आज विश्व के 50 फीसदी रियलटाइम पेमेंट भारत की यूपीआई तकनीक के आधार पर होते हैं। हमें ब्रिक्स के जरिए दुनिया तक पहुंचना है। पीएम मोदी ने कहा कि हम दुनिया में कारोबार के सामने आए बैरियर्स को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का नाम लिए बिना कहा कि व्यापार के रूटों को सुरक्षित करना होगा। समुद्री रास्तों को सुरक्षित करना होगा।

### पश्चिमी देश प्रतिस्पर्धा करने से डरतेः पुतिन



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स देशों के आपसी संबंध मजबूत हो रहे हैं। आपसी कारोबार को बढ़ावा देना हमारा लक्ष्य है। ब्रिक्स देशों के बीच दुनिया का करीब 40 फीसदी व्यापार होता है। ब्रिक्स के जरिए मुश्किलों का सामना कर सकते हैं। भारत की आईटी कंपनियां तेजी से आगे बढ़ ही हैं। जीडीपी में जी-7 से ब्रिक्स आगे निकल गया है। उसकी जीडीपी तो 18 फीसदी ही है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश प्रतिस्पर्धा करने से डरते हैं। रूस पर गलत प्रतिबंध थोपे गए हैं। इन प्रतिबंधों के बावजूद रूस आगे बढ़ा है। दुनिया में गहरे संरचनात्मक और व्यापक बदलाव हो रहे हैं।

### दुनिया कठिन दौर से गुजर रहीः पेजेशकियन



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि दुनिया आज सबसे जटिल दौर में से एक से गुजर रही है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और राजनीतिक दबाव बनाने के लिए आर्थिक साधनों के बढ़ते इस्तेमाल ने देशों के लिए आर्थिक माहौल को और जटिल बना दिया है। भारत में बैठक की मेजबानी के लिए सरकार और लोगों का आभार जताया। उन्होंने ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की वास्तविक ताकत सदस्य देशों की व्यापार, निवेश और संयुक्त वित्तपोषण के नेटवर्क में है।

### ब्रिक्स ने खुद को मजबूत कियाः विएरा



ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा ने कहा कि दुनिया के वैश्विक परिदृश्य में गहरे बदलाव हो रहे हैं और इसके पीछे ग्लोबल साउथ की अर्थव्यवस्थाओं की दशकों से जारी लगातार वृद्धि प्रमुख वजह है। हालिया विस्तार के बाद ब्रिक्स ने खुद को दुनिया की कुछ सबसे गतिशील और समृद्ध अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ने वाले मंच के रूप में मजबूत किया है। ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था संरक्षणवाद, आर्थिक दबाव और एकतरफा प्रतिबंधों से खतरे में है, हमारे उत्पादन क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करना पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

### महिला नेतृत्व वाले कारोबार बढ़ाएंः गोयल



केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट पूरी कर ली है, जिसमें 44 से अधिक सिफारिशें शामिल हैं। ब्रिक्स महिला बिजनेस अलायंस की पिछले दो दिनों में बैठक हुई और इसमें ब्रिक्स देशों में महिला नेतृत्व वाले कारोबारों की बड़ी भूमिका के लिए आगे की दिशा तय की गई। आज सदस्य देशों और साझेदार देशों के 2,000 से अधिक कारोबारी नेता और प्रतिनिधि यहां जुटे हैं।

### इंटरनेशनल इंडस्ट्रियल ट्रेड फेयर का दौरा



पीएम नरेंद्र ने राष्ट्रपति पुतिन के साथ मिलकर ब्रिक्स समिट के दौरान इंटरनेशनल इंडस्ट्रियल ट्रेड फेयर 'इनोप्रोम इंडिया' का दौरा किया। यह प्रदर्शनी भारत में पहली बार आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शनी में 130 से ज़्यादा भारतीय और रूसी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं, जो इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों को एक साथ लाती हैं और दोनों देशों के बीच व्यापार और इंडस्ट्री में सहयोग को बढ़ावा देती हैं।



ब्रिक्स बिजनस फोरम समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के बीच अच्छी केमेस्ट्री देखने को मिली। पीएम मोदी मजबूती के साथ हाथ पकड़कर ईरानी राष्ट्रपति को ग्रुप फोटो सेशन के लिए ले जाते हुए।

मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम का राज्य मंत्री कीर्तिवर्द्धन सिंह ने स्वागत किया। दोनों देश व्यापार, निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था, रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा है।





अबू धाबी के क्राउन प्रिंस महामहिम शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का गर्मजोशी से स्वागत राज्य मंत्री के.वी. सिंह ने किया। यह यात्रा साझा समृद्धि के लिए मजबूत व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित है।

### 1200 से अधिक उत्पाद प्रस्तुत

ब्रिक्स सम्मेलन में 'एक जिला, एक उत्पाद' प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसमें देश भर के 70 अनोखे कला और हथकरघा उत्पाद दिखाए गए हैं। यह प्रदर्शनी 770 जिलों के 1,200 से अधिक अनोखे उत्पादों को दुनिया के सामने लाने की मुहिम का हिस्सा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में 'एक जिला एक उत्पाद' की वरिष्ठ सहायक उपाध्यक्ष एवीपी सोनिया दुहन ने कहा कि इस पहल के तहत सभी राज्य काम कर रहे हैं।



### पुरी में रेत से ब्रिक्स नेताओं की तस्वीरें

ओडिशा के पुरी में रेत कलाकार मानस कुमार साहू ने शुक्रवार को रेत से एक खास कला बनाई। यह भारत आ रहे ब्रिक्स नेताओं के स्वागत के लिए तैयार की गई। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के चित्र हैं। मानस कुमार साहू ने यह पूरी कलाकृति 8 घंटे में तैयार की। यह कला पूरी तरह रेत से बनाई गई है।



## बंगाल की निमकी से तमिलनाडु का मुरुक्कू तक का मिलेगा स्वाद

सम्मेलन में भाग लेने आए नेताओं के रुकने के लिए दिल्ली के बड़े होटल्स में बंदोबस्त किया गया हैं। द लीला पैलेस, ताज महल और द ललित जैसे होटल्स ने विदेशी मेहमानों के लिए खास मेन्यू तैयार किया जा रहा हैं।



ताज महल होटल

### ताज महल परोसेगा 6 क्षेत्रों का स्वाद

ताज महल होटल के शेफ ने स्पेशल मेन्यू तैयार किया है, जिसमें वो ट्रेडिशन टू टेबल नाम के मेन्यू के साथ सबका वेलकम करेंगे। ताज महल के जनरल मैनेजर डॉ. अनमोल अहलूवालिया के मुताबिक हमने अपने मेन्यू में भारत के 6 इलाकों की ट्रेडिशनल और टेस्टी डिशेज को शामिल किया हैं। कश्मीर के मसालेदार अखरोट, पुरानी दिल्ली का मैदा काजू, राजस्थान की मिनी कचौरी, बंगाल का क्रिस्पी स्नैक कुचो निमकी, महाराष्ट्र की कुरकुरी भाकरवाड़ी और तमिलनाडु का क्रंची मुरुक्कू परोसेंगे।

### गलौटी कबाब परोसेगा ललित होटल

ललित होटल ने के मेन्यू में गलौटी कबाब, तंदूरी रोटियां और बाजरे की डिशेज रखी गई हैं। शेफ ने स्पेशली मिसो पेस्ट के साथ ब्रेज्ड बैंगन, स्लो फ्लेम पर पकी हुई चाइनीज पत्ता गोभी और एम्बर सॉस के साथ मीठी जापानी स्टाइल राजमा को मेन्यू का खास हिस्सा बनाया हैं। वहीं, द लीला मेहमानों को मिलेट्स से बनी चीजें सर्व करने वाला है और ताज महल भारतीय स्नैक्स ब्रिक्स डेलिगेशन को चखाने वाला हैं।

## भारत-रूस आर्थिक सहयोग को करेंगे मजबूत

केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने रूस के प्रथम डिप्टी पीएम डेनिस मंटुरोव से मुलाकात की। यह बैठक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर हुई। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने और उसे आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के उपायों पर विचार हुआ। बैठक की सबसे अहम बात यह रही कि भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि पर बातचीत को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है। इसका मकसद दोनों



देशों के बीच निवेश बढ़ाने और आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए ऐसा ढांचा तैयार करना है, जिससे दोनों पक्षों को फायदा हो। भारत और रूस ने द्विपक्षीय निवेश संधि पर जारी बातचीत को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के बीच निवेश के प्रवाह और आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है।

### तिब्बत कार्यकर्ताओं ने ने चीनी प्रतिनिधिमंडल का किया विरोध

राजधानी दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के चलते शुक्रवार को भारत मंडपम के पास स्थित एक टनल के पास 8 से 10 तिब्बती कार्यकर्ता पहुंचे और उन्होंने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने आ रहे चीनी प्रतिनिधिमंडल का विरोध किया। वहीं, विरोध-प्रदर्शन करने वालों में 'स्टूडेंट्स फार फ्री तिब्बत' संगठन के कार्यकर्ता भी शामिल थे, जिन्होंने भारत मंडपम के नजदीक तिब्बती राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सड़कों पर लगे खंभों पर चढ़ने की कोशिश करने लगे। इस दौरान पुलिस ने तीन तिब्बती कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और उन्हें तिलक मार्ग थाने ले गए।

इथियोपिया के पीएम अबिय अहमद अली का राज्य मंत्री सेठ संजय ने स्वागत किया। भारत और इथियोपिया के बीच रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।





मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी का राज्य मंत्री संजय सेठ ने स्वागत किया। भारत और मिस्र के बीच दोस्ती के गहरे संबंध हैं और हम मिलकर एक मज़बूत ब्रिक्स साझेदारी बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

### *9 देशों के कलाकारों ने बनाया आर्ट वर्क 'संगमः संस्कृतियों का मिलन'*

'संगमः संस्कृतियों का मिलन' नाम से 9 देशों के कलाकारों द्वारा मिलकर बनाया गया एक बड़े पैमाने का पब्लिक आर्ट प्रोजेक्ट है। 'संगम' की भारतीय अवधारणा से प्रेरित होकर- जहां अलग-अलग जगहों से निकली नदियां मिलती हैं और एक साथ बहती हैं- यह कलाकृति दोस्ती और विविधता में एकता का जश्न मनाने के लिए ब्रिक्स देशों के कलाकारों और संस्कृतियों को एक साथ लाती है।



न्यू डेवलपमेंट बैंक की अध्यक्ष सुश्री डिल्मा रूसेफ का स्वागत किया गया। यह दौरा ग्लोबल साउथ में विकास की साझेदारियों को मजबूत करने और टिकाऊ व समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के महत्व को फिर से रेखांकित करता है।




---

### गुजरातः दो मालवाहक जहाजों में टक्कर

## तटरक्षक बल ने बचाई 21 जिंदगियां तेल रिसाव से निपटने के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



गुजरात के समुद्री तट कांडला के आउटर एंकरेज यानी ओटीबी कांडला के नजदीक गहरे समुद्र में दो बड़े व्यापारिक जहाज 'एमवी केमैक्स एम्परर' और 'एमवी टू मेरिनर' आपस में टकरा गए।

इस भीषण समुद्री दुर्घटना की सूचना मिलते ही भारतीय तटरक्षक बल के जवानों ने अत्यधिक तेजी और मुस्तैदी दिखाते हुए 'एमवी केमैक्स एम्परर' मालवाहक जहाज पर सवार कुल 24 चालक दल के सदस्यों में से 21 सदस्यों को सकुशल और सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जानकारी दी। एमवी केमैक्स एम्परर पर अभी भी चालक दल के तीन सदस्य मौजूद हैं। ये 3 सदस्य पोत के आवश्यक तकनीकी संचालन को चालू रखने और जरूरी सहायता प्रदान करने के लिए जहाज पर ही रुके हुए हैं। जहाजों की इस टक्कर के बाद समुद्र में तेल रिसाव या अन्य पर्यावरणीय खतरों से निपटने के लिए तटरक्षक बल ने व्यापक प्रदूषण नियंत्रण उपाय सक्रिय कर दिए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने सभी संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया है

### बंद हो सकता है बाब-अल मंदेब

## हूतियों ने यमन के बड़े इलाके पर किया कब्जा, पेरिम द्वीप तक पहुंचे

एजेंसी ▶▶ सना



यमन के हूती विद्रोहियों ने बीते कुछ दिनों में सऊदी समर्थित सेनाओं के खिलाफ बहुत तेजी से बढ़त बनाई है। हूती विद्रोहियों ने यमन की पोर्ट सिटी मोखा पर कब्जा कर लिया है। साथ ही तटीय इलाकों में आगे बढ़ते हुए पश्चिमी यमन के 2,600 वर्ग किलोमीटर इलाके पर नियंत्रण बना लिया है। यमन का लाल सागर से सटा इलाका हूतियों के नियंत्रण में हैं। वह जब चाहें बाब-अल-मंडेब बंद कर सकते हैं, जो सऊदी की मुश्किल और बढ़ा देगा। हूतियों की इस बड़ी 'जीत' के पीछे ईरान से मिले हथियारों का अहम रोल माना जा रहा है। हूतियों ने यमनी सेनाओं पर हमले करते हुए पश्चिमी ताइज और दक्षिणी अल-हुदैदाह प्रांतों को निशाना बनाया और कई जिलों से होते हुए आगे बढ़े। सरकारी और नेशनल रेजिस्टेंस फोर्सेज (तारिक सालेह की टुकड़ियां) ने बड़े मोर्चे छोड़ दिए हैं और वे अदन की ओर पीछे हट रही हैं। हूतियों ने जिन जगहों को यमनी सेना से छीना है, उनमें हेस, अल-खौखा, अल-वाजियाह, मोखा और रणनीतिक रूप से अहम खालिद इब्न अल-वलीद मिलिट्री कैंप शामिल हैं।

### पाकिस्तान को हाईकोर्ट का झटका

## पीओजेके में इंटरनेट बंदी पर 10 दिन में सेवा बहाल करने का दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



संचार सेवा ठप करके पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में हुए नरसंहार को दबाने की कोशिश में जुटे पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। पीओजेके हाईकोर्ट ने सरकार को 10 दिन के भीतर इंटरनेट सेवा बहाल करने का निर्देश देते हुए जवाब भी तलब किया है। इससे सेना व स्थानीय प्रशासन की बेचैनी बढ़ गई है। संचार सेवा की बहाली के बाद से पूरा विश्व पीओजेके की त्रासदी को देखेगा और करीब से जान भी सकेगा। बता दें, 5 जून को जम्मू-कश्मीर ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के प्रस्तावित मार्च और धरने के मद्देनजर पाकिस्तान ने पीओजेके के लोगों की आवाज उठाने वाली जेएएसी को प्रतिबंधित कर दिया। कार्यकर्ताओं को आतंकी बताते हुए मारना शुरू कर दिया। इसके बाद 5 जून की रात करीब 11:30 बजे पूरे क्षेत्र में मोबाइल और इंटरनेट सेवा बंद कर दी। आंदोलन को कुचलने के लिए रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी तैनात कर दिया। इसके लिए सरकार ने कानून व्यवस्था की स्थिति और संभावित हिंसा को आधार बनाया।

### एच-1बी वीजा पर ट्रंप सरकार का सख्त

## नौकरी छूटने के बाद मिलने वाली 60 दिन की मोहलत खत्म करने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन




अमेरिका ने एच-1बी वीजा धारक पेशेवरों सहित कुछ विदेशी कामगारों को काम छूटने के बाद दूसरी नौकरी तलाशने के लिए मौजूदा समय में मिलने वाली 60 दिन की मोहलत (ग्रेस पीरियड) को समाप्त करने के लिए एक नए नियम का प्रस्ताव किया है। इस प्रस्ताव को कानूनी जामा पहनाकर क्रियान्वित किये जाने की स्थिति में भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों पर सबसे अधिक नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है जिन्हें प्रौद्योगिकी कंपनियों और अन्य कंपनियों ने एच-1बी वीजा पर काम पर रखा है। सरकार द्वारा 'विवेकाधिकार से दिए जाने वाली 60 दिन की मोहलत को समाप्त करने' का नया नियम शुक्रवार को संघीय पंजी में प्रकाशित किया गया और गृह मंत्रालय द्वारा आम जनता की राय अगले 60 दिन में आमंत्रित की जाएगी। अगर यह नियम लागू होता है, तो उन विदेशी कर्मचारियों को वीजा अवधि समाप्त होने से पहले नौकरी छूटने की स्थिति में और अमेरिका में रहने की कोई विशेष अनुमति की अनुपस्थिति में तुरंत स्वदेश लौटना होगा।

# सुथार ने बिना रन दिए इंग्लैंड में झटके 3 विकेट, फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बनाया बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के उभरते हुए स्पिनर मानव सुथार ने इंग्लैंड में गेंदबाजी से कहर बरपा रखा है। सुथार अभी तक भारत के लिए सिर्फ तीन टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने 23 विकेट लेकर खुद को सबसे आगे रखा है। इतना ही नहीं, उनका जलवा इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट में भी जारी है, जहां पर सुथार ने कुछ ऐसा किया कि 131 साल बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट का एक बड़ा रिकॉर्ड देखने को मिला है। सुथार ने इंग्लैंड के एक काउंटी मैच की दो पारियों में गेंदबाजी की और बिना रन दिए तीन विकेट चटका दिए। ऐसा कारनामा फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पहली बार हुआ है।

### मानव का शानदार स्पेल

मानव सुथार श्रीलंका दौरे के ठीक बाद इंग्लैंड रवाना हो गए। सुथार ने इंग्लैंड जाकर वार्विकशर से खेलते हुए ग्लेमॉर्गन के खिलाफ पहली पारी में सिर्फ तीन गेंद फेंकी और इसमें ही एक विकेट चटका दिया। इसके बाद दूसरी पारी में सुथार ने दो ओवर गेंदबाजी करते हुए फिर से दो विकेट हासिल किए, जबकि एक भी रन नहीं दिया। जिससे बिना रन दिए तीन विकेट लेने वाले सुथार 131 साल बाद काउंटी क्रिकेट या फिर फर्स्ट क्लास क्रिकेट के पहले गेंदबाज बन गए। सुथार ने तीनों विकेट क्लीन बोल्ड करके लिए और उनसे पहले ये कारनामा 1895 में देखा गया था। सुथार ने दोनों पारियों में कम से कम एक-एक विकेट लिया और पूरे मैच में एक भी रन नहीं दिया, जिससे ऐसा करने वाले पहले भारतीय भी बने हैं।




### दो मैच में 10 विकेट ले चुके हैं सुथार

मानव सुथार के अलावा वार्विकशर के अन्य गेंदबाजों ने भी कार्डिफ के मैदान पर धमाल मचाया। जिससे ग्लेमॉर्गन की टीम पहली पारी में 69 रन और दूसरी पारी में सिर्फ 65 रन पर ही ढेर हो गई। वहीं वार्विकशर ने 391 रन बनाने के बाद ग्लेमॉर्गन को पारी और 257 रन से बुरी तरह हराया। वहीं सुथार बीते दो मैचों में इंग्लैंड की सरजमीं पर 10 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। अब सुथार इसी तरह की फॉर्म जारी रखते हुए भारत के लिए टी20 और वनडे टीम इंडिया में भी जगह बनाना चाहेंगे।

### सुथार का इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार आगाज

मानव ने इंटरनेशनल क्रिकेट में बेहतरीन आगाज किया है। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ डेब्यू करते हुए 6 विकेट हॉल के साथ मैच में 7 विकेट लिए थे। फिर श्रीलंका दौरे पर भी उन्होंने जलवा दिखाया और गॉल टेस्ट में सिक्स विकेट हॉल लिया। उन्होंने 2 मैचों में कुल 16 विकेट झटके। काउंटी क्रिकेट में भी वह वार्विकशायर के लिए 8 पारियों में 21 विकेट ले चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### एशिया कप फाइनल के लिए तैयार भारत : दीप्ति

**दुबई।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अब तक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद खराब क्षेत्ररक्षण को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि कैच छूटना खेल का हिस्सा है और टीम फाइनल में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने इस टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं लेकिन उसका क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा है। विशेषकर उसने कई कैच छोड़े। दीप्ति ने कहा, 'क्षेत्ररक्षण में एक टीम के तौर पर हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हम अभ्यास के दौरान भी क्षेत्ररक्षण पर काफी ध्यान दे रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कभी-कभी ऐसा होता है, लेकिन हम फाइनल में तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।' फाइनल में भारत का सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान या मौजूदा चैंपियन श्रीलंका से होगा।

### जापान में क्रिकेट को मिलेगा बढ़ावा : फ्लेमिंग



**नई दिल्ली।** जापान के कप्तान केंडल कादोवाकी-फ्लेमिंग और युवा आल राउंडर चार्ली हारा-हिंजे का मानना है कि भारत के खिलाफ 22 सितंबर को होने वाला ऐतिहासिक टी20 मुकाबला सिर्फ एक यादगार मौका नहीं होगा बल्कि बेसबॉल के प्रति जुनूनी देश में क्रिकेट के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत साबित हो सकता है। भारतीय टीम दोनों देशों के बीच पहले पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए जापान का दौरा करेगी और सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान पर होने वाला यह मुकाबला आइची-नागोया में एशियाई खेलों से पहले होगा। कादोवाकी-फ्लेमिंग ने कहा, 'यह बेहद रोमांचक है। और मुझे लगता है कि अफगानिस्तान और नेपाल जैसे देशों का जापान आना यहां क्रिकेट के लिए बहुत बड़ा विकास है। कुछ साल पहले तक हमने शायद सोचा भी नहीं होगा कि इसे आयोजित करना संभव होगा। '

### कोरिया के खिलाफ डेविस कप नहीं खेलेंगे भांबरी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी ओपन में मैच से पहले अभ्यास के दौरान दाहिने पांव में खिंचाव आने के कारण भारत के युकी भांबरी का सोल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले में खेलना संदिग्ध है। भांबरी कोरिया के लिए रवाना हुए भारतीय खिलाड़ियों के पहले बैच के साथ सोल नहीं गए। इससे उनके इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। भांबरी ने कहा, 'अमेरिकी ओपन में मुख्य ड्रॉ के मैच से पहले अभ्यास के दौरान मेरे पांव में खिंचाव आ गया था। यह मामूली चोट है। मेरे पूरी तरह फिट होने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन यह कोई गंभीर चोट नहीं है।'

**यूएस ओपन में महिला एकल का महामुकाबला कल आर्थर ऐश स्टेडियम में**

# खिताबी हैट्रिक की दहलीज पर सबालेंका, रायबाकिना से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

एरिना सबालेंका जानती हैं कि अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के बाद वह विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी नहीं रह जाएगी लेकिन उनका लक्ष्य अब एलेना रायबाकिना को हराकर वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरा करना होगा।

रायबाकिना ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान अपने नाम पर सुनिश्चित कर दिया था लेकिन उनके लिए महिला एकल का खिताब जीतना आसान नहीं होगा क्योंकि पिछली दो बार की चैंपियन सबालेंका लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध दिखती हैं। अमेरिकी ओपन में महिला वर्ग में आखिरी बार सेरेना विलियम्स ने 2012 से लेकर 2014 तक चैंपियन बनकर खिताबी हैट्रिक पूरी की थी।

### सबालेंका और रायबाकिना 18वीं बार आमने-सामने

दोनों डब्ल्यूटीए टूर पर 18वीं बार आमने-सामने होंगी। सबालेंका 10-7 से आगे हैं। वे मेजर फाइनल में भी तीसरी बार मिलेंगी, पिछले दो मुकाबलों का हिसाब बराबर है। रायबाकिना और सबालेंका पहले भी दो बार मेजर फाइनल में एक-दूसरे से मिल चुकी हैं, दोनों ही ऑस्ट्रेलियन ओपन में टाइटल क्लैश थे। सबालेंका ने 2023 में जीता हासिल की थी, जबकि रायबाकिना ने 2026 में जीत हासिल कर हिसाब चुकता किया था।




### नंबर वन बनीं एलेना

सबालेंका ने कहा, 'शीर्ष पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत लगती है। नंबर एक स्थान पर बने रहना मेरा लक्ष्य था लेकिन अब मैं कुछ खास नहीं कर सकती। सत्र के बीच में मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। एलेना में बहुत अच्छा खेल दिखाया और मुझसे नंबर एक स्थान छीन लिया।' दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला अधिक संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें गॉफ ने अंतिम दो सेटों में पिछड़ने के बाद वापसी करने की कोशिश की, लेकिन रायबाकिना ने उनके प्रयासों पर पानी फेर दिया। गॉफ ने शानदार शुरुआत की और पहला सेट आसानी से जीत लिया। इसके बाद हालांकि रायबाकिना ने अच्छी वापसी की और अंतिम दो सेट जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

### मुझे सबालेंका के खिलाफ अपनी पूरी ऊर्जा लगानी होगी : रायबाकिना

रायबाकिना ने सेमीफाइनल में कोको गॉफ को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर महिला टेनिस की शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच मुकाबले का रास्ता साफ किया। सबालेंका के साथ होने वाले फाइनल को लेकर रायबाकिना ने कहा, मुझे सबालेंका के खिलाफ अपनी पूरी ऊर्जा लगानी होगी। हम कई बार खेले हैं। हमने पहले भी अभ्यास किया है। वह बहुत आक्रामक खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, उनके साथ मानसिक और शारीरिक रूप से खेलना मुश्किल है। उनका गेम बड़ा है, सर्व बड़ा है, और मुझे अपनी पूरी ऊर्जा के साथ आना होगा। एरिना के खिलाफ अपनी बेस्ट सर्व लानी होगी और सही समय पर सही फैसले लेने होंगे क्योंकि ज्यादातर समय स्कोर टाइट होता है और यहीं पर फैसले से फर्क पड़ता है। हम देखेंगे कि क्या होने वाला है, लेकिन मैं निश्चित रूप से अपनी पूरी कोशिश करूंगी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी।



### खिताब जीतने के लिए बेताब हूं : सबालेंका

*सबालेंका ने कहा, 'मैं फाइनल में जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध थी। मैं निश्चित रूप से खिताब जीतने के लिए बेताब हूं।'*

**चेन्नई ओपन गोल्फ**

# 8 अंडर 64 का कार्ड खेलकर चैंपियन बने विराज मदप्पा




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय गोल्फर विराज मदप्पा ने अंतिम दौर में बिना बोगी के 8 अंडर 64 का कार्ड खेलकर एक करोड़ पुरस्कार राशि के चेन्नई ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

कोलकाता के मदप्पा ने वापसी करते हुए बीती रात शीर्ष पर चल रहे अजीतेश संधू की तीन शॉट की बढ़त समाप्त की। अठाईस वर्षीय मददप्पा (72-67-63-64) इस तरह 15 लाख रुपए की पुरस्कार राशि अपने नाम की। उन्होंने कुल 22 अंडर 266 का स्कोर बनाकर अपना चौथा पेशेवर खिताब जीता। वह 2018 में एशियाई टूर पर खिताब जीतने वाले युवा भारतीय गोल्फर बने थे। इस जीत से वह 23,90,042 रुपए की कमाई से 2026 डीपी विश्व पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 44वें से 22वें स्थान पर पहुंच गए और डीपी विश्व भारत चैंपियनशिप में अपना स्थान पक्का किया।

### संधू पहुंचे 15वें स्थान पर

चंडीगढ़ के संधू (65-66-68-68) ने चार अंडर 68 का कार्ड खेला और उन्हें 10 लाख रुपए मिले, जिससे वह 33,47,375 रुपए की कमाई से ऑर्डर ऑफ मेरिट में 21वें से 15वें स्थान पर पहुंच गए। नोएडा के अमरदीप मलिक (67-68-69-67) 33,75,548 की कमाई से 19वें से 14वें स्थान पर पहुंच गए। दिल्ली के राशिद खान (66-68-72-66) ने अंतिम दौर में छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने 52,70,309 की कमाई से ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपना छठा स्थान मजबूत किया।

**क्रिकेट**

# एस्टरहुइजन ने कॅरियर के दूसरे मैच में ठोका शतक




एजेंसी ▶▶| विंडहोक

विंडहोक में खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन ने अपने बल्ले का लोहा मनवाया है। उन्होंने मेजबान नामीबिया के खिलाफ खेलते हुए अपने वनडे इंटरनेशनल करियर का पहला शतक जड़ दिया।

अपने केवल दूसरे वनडे मुकाबले में ही शतकीय पारी खेलकर इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

पिछले मैच के शतकवीर और ओपनिंग बल्लेबाज जॉर्डन हरमन मात्र 20 रन बनाकर जल्द ही पवेलियन लौट गए। शुरुआती झटका लगने के बाद क्रीज पर आए कॉनर एस्टरहुइजन ने टोनी डी जॉर्जी के साथ मिलकर पारी को संभाला और दक्षिण अफ्रीका को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

### 183 रन की तगड़ी पार्टनरशिप

शुरुआत में थोड़ा समय लेने और संयम से खेलने के बाद एस्टरहुइजन ने आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने टोनी डी जॉर्जी के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 183 रनों की बेहद मजबूत और बड़ी साझेदारी निभाई। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस की गेंद पर शानदार छक्का जड़कर अपने वनडे करियर का पहला शतक पूरा किया।

### 110 गेंदों पर ठोके 119 रन

कॉनर की इस आक्रामक और सूझबूझ भरी पारी पर लगाम रुबेन ट्रम्पेलमैन ने लगाई, जिन्होंने 36वें ओवर में उन्हें अपना शिकार बनाया। आउट होने से पहले एस्टरहुइजन ने 110 गेंदों का सामना करते हुए 119 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अपनी इस विस्फोटक पारी में उन्होंने 8 चौके और 6 गगनचुंबी छक्के जड़े।

## लंबे स्पेल करने से मिला फायदा : सिराज

**चेन्नई।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने स्वीकार किया कि दो महीने के विश्राम के बाद उन्हें श्रीलंका दौरे में अपनी गति और लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था लेकिन दलीप ट्रॉफी में लंबे स्पेल करने से उन्हें अपनी लय हासिल करने में मदद मिली है। सिराज



श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के दौरान अपनी पुरानी फॉर्म में नहीं दिखे। वह लय हासिल नहीं कर पा रहे थे और उनकी गति भी काफी कम हो गई थी। सिराज ने इस श्रृंखला की चार पारियों में केवल 44 ओवर किए थे। सिराज ने कहा, 'दो महीने के ब्रेक के बाद सीधे मैच खेलना आसान नहीं था। मैं पूरी तरह से लय हासिल नहीं कर पाया था। मैं ऐसा गेंदबाज हूं जो पूरी तरह से लय पर निर्भर है। अगर मैं लय में नहीं हूं, तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता।' उन्होंने कहा, 'श्रीलंका में यही मेरी समस्या थी। मैं अपने रनअप से तालमेल नहीं बिठा पा रहा था। मेरे कुछ कदम बहुत छोटे थे, कुछ बहुत लंबे। इससे मेरी लय टूट गई और मेरी गति धीमी हो गई।'

## अफगानिस्तानी खिलाड़ियों का प्रैक्टिस सेशन...



**नई दिल्ली।** भारत और अफ़ग़ानिस्तान के बीच पहले टी20 क्रिकेट मैच से पहले नई दिल्ली में प्रैक्टिस सेशन के दौरान अफ़ग़ानिस्तान के खिलाड़ी अब्दुल्ला अहमदज़ई, गुलबदीन नायब, मुजीब उर रहमान और राशिद खान अभ्यास करते हुए।

**चैंपियंस लीग : बायर्न को रीस्टार्ट के बाद सिर्फ दो मिनट में मिली बढ़त**

# बायर्न म्यूनिख ने बोडो/ग्लिम्ट को दी एकतरफा शिकस्त

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

जमाल मुसियाला ने बायर्न म्यूनिख की शुरुआती लाइनअप में वापसी करते हुए पहला गोल किया। इसकी मदद से जर्मन टीम ने यूईएफए चैंपियंस लीग में बोडो/ग्लिम्ट को 5-0 से हरा दिया। बायर्न ने शुरू से ही गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन शुरुआत में मेहमान टीम की पांच लोगों की डिफेंसिव लाइन को तोड़ने में संघर्ष किया।

लुइस डियाज को पांच मिनट बाद पहला हाफ में मौका मिला, जोशुआ किमिच के क्रॉस पर उन्होंने पास से हेडर मारा, लेकिन गोलकीपर निकिता हाइकिन ने उसे बचा लिया।



किमिच का 22 मीटर का शॉट 33वें मिनट में पोस्ट के बाहर लगा, इससे पहले हाइकिन ने पहले हाफ के आखिर में मुसियाला और फिर किमिच को रोका। हाइकिन, जिन्हें बाद में सेव करते समय कमर में दिक्कत हुई, उनकी जगह हाफटाइम में जूलियन फे लुंड ने ले ली, और बायर्न को रीस्टार्ट के बाद सिर्फ दो मिनट में ही बढ़त मिल गई।

### हम और मजबूत हुए : केन

बोडो/ग्लिम्ट का काम तब और मुश्किल हो गया जब 87वें मिनट में ओडिन ब्योर्टुफ्ट को पेनल्टी एरिया के पास ओलिस को गिराने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया। ओलिस ने फिर स्टॉपेज टाइम में अपना डबल पूरा किया और विंसेंट कोम्पनी की टीम के लिए दूसरे हाफ में पांच गोल किए। जीत के बाद केन ने कहा, हम पहले हाफ में काफी बेहतर थे। हमें बस दरवाजा खुलने तक सब्र रखना था। दूसरे हाफ की शुरुआत में किए गए गोल ने गेम को आगे बढ़ाया और हम और मजबूत हुए।

### डेविस ने की 17 मीटर की स्ट्राइक

हैरी केन को रोकने की कोशिश में व ब्लॉक हो गई, लेकिन मुसियाला ने लूज बॉल को पकड़ा और अपना शॉट बाएं कोने में मार दिया। केन ने 61वें मिनट में माइकल ओलिस की फ्री-किक डिलीवरी पर फे लुंड के पास से हेडर मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। अल्फांसो डेविस ने 77वें मिनट में 17-मीटर का स्ट्राइक करके मैच को आसानी से खत्म कर दिया, जिसके छह मिनट बाद ओलिस ने लेनार्ट कार्ल के पास पर बायर्न के लिए चौथा गोल किया।




# विद्याभारती ने देश के लिए उपयोगी शिक्षा को अपनाकर समाज के सामने एक प्रतिमान स्थापित किया : न्यायमूर्ति पालीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान श्रीकृष्ण ने जो ''कर्मण्येवाधिकारस्ते''का संदेश दिया उसी भाव से विद्याभारती के कार्यकर्ता कार्य में लगे हैं और राष्ट्र के लिए चरित्र निर्माण के महत्वपूर्ण कार्य को कर रहे हैं। भारत को स्वतंत्रता के पश्चात यह अपेक्षा थी कि भारत केंद्रित शिक्षा व्यवस्था के द्वारा भारत को विश्वगुरू बनाने की ओर अपना देश बढ़ेगा, किन्तु दुर्भाग्य से मैकाले और मार्क्स के अनुयायियों ने उसी शिक्षा को आगे बढाया जो देश के लिए अनुपयोगी थी।

विद्याभारती ने देश के लिए उपयोगी शिक्षा को अपनाकर समाज के सामने एक प्रतिमान स्थापित किया है। यह बात मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल ने कही। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक संस्कारधानी जबलपुर में शुक्रवार से शुरू हुई।



**विद्याभारती अभा शिक्षा संस्थान की अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक हुई**

जबलपुर के सरस्वती शिक्षा परिषद कार्यालय के रोशनलाल सक्सेना सभागार में आयोजित बैठक के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता स्वामी नृसिंह देवाचार्य महाराज ने की। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल (म.प्र. उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त न्यायाधीश) विशिष्ट अतिथि डॉ. कृष्ण गोपाल (सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कान्हेरे, अ.भा. संगठन मंत्री गोविन्द चन्द्र महंत एवं देशराज शर्मा अ.भा. महामंत्री विद्याभारती थे। इस बैठक में देश के सभी प्रांतो से लगभग 200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, यह बैठक 13 सितम्बर सायं तक चलेगी। बैठक के प्रारम्भ में दिवंगत प्रतिष्ठित नागरिकों एवं असम और नेपाल में आई बाढ़ में असमय काल कवलीत हुए नागरिकों को देश राज शर्मा ने स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्रत्येक प्रदेश में विद्याभारती का शिक्षा मॉडल पहुंचा

बैठक की प्रस्तावना रखते हुए गोविन्द चन्द महंत ने कहा कि विद्याभारती का कार्य 1952 से आरम्भ होकर अब 75 वर्ष होने जा रहे हैं। अपने कार्य का लक्ष्य हिन्दुत्वनिष्ठ और राष्ट्रभक्ति है। सभी विद्यालयों और देश में शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का जो प्रयास आरम्भ हुआ था उस दिशा में अपना कार्य बढ़ रहा है। देश के प्रत्येक प्रदेश में विद्याभारती का शिक्षा मॉडल पहुंचा है। इसकी निरंतर समीक्षा करते हुए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की दिशा में आगे बढना इस दृष्टि से इस बैठक में अनेक विषयों पर विचार विमर्श करने वाले हैं।

### व्यक्ति निर्माण से राष्ट्रनिर्माण का कार्य कर रही विद्याभारती

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए स्वामी नृसिंह देवाचार्य महाराज ने कहा कि विद्याभारती शब्द अपने आप में गौरव लिये हुए है। विवेक, सम्यक कर्म, सम्यक ज्ञान, सम्यक भक्ति है। इन तीनों के समन्वय द्वारा व्यक्ति निर्माण से राष्ट्रनिर्माण का कार्य विद्याभारती कर रही है। शिक्षा का लक्ष्य है सनातन संस्कृति आगे बढनी चाहिए। अपनी धर्म संस्कृति के प्रति गौरव का भाव होना चाहिए। वे भाग्यशाली हैं जिनका जीवन समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित है।

### 2029 की थी समयसीमा, अब एक साल देरी से काम पूरा होने की संभावना

# 'अमृत 2.0' के तहत भोपाल में बन रहे सबसे बड़े एसटीपी में देरी के चलते बढ़ाई डेड लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*273 किमी सीवेज लाइन और 10 प्लांट से बदलेगी शहर की सूरत*

*402 करोड़ की इस परियोजना में कई ट्रीटमेंट प्लांट शामिल हैं*

शहर के सबसे प्रदूषित पातरा नाले को स्वच्छ बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। अमृत 2.0 योजना के तहत भानपुर खंती के पास 60 एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी ) बनाया जा रहा है।

इसके लिए प्रारंभिक खुदाई कार्य शुरू हो चुका था। लेकिन पिछले कुछ समय से काम रुका हुआ है जिसको बारिश के बाद दुबारा शुरु करने की बात की जा रही है। हालांकि इसमें भी दुविधा की स्थिति बनी हुई है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य शहर के दूषित पानी को उपचारित कर उसे हलाली डैम तक स्वच्छ रूप में पहुंचाना है। पातरा नालाः प्रदूषण का बड़ा स्रोतपातरा नाला मध्य और नरेला विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरता है और शहर का सबसे बड़ा नाला माना जाता है।



### अमृत 2.0 के तहत शामिल परियोजना

करीब एक वर्ष पहले नगर निगम ने इस नाले को अमृत 2.0 योजना में शामिल किया था। इस परियोजना के तहत चार पैकेज में टेंडर जारी किए गए हैं। कुल 402 करोड़ रुपये की लागत से इस योजना में लगभग 10 ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाने हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों में सीवेज नेटवर्क बिछाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

### बारिश की वजह से काम में हुई देरी

60 एमएलडी क्षमता वाला यह एसटीपी जनवरी 2029 तक नगर निगम को हैंडओवर की जाने की डेड लाइन तय है काम को देखते हुए इसको पूरा कर पाना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। इसके चालू होने के बाद पातरा नाले का गंदा पानी उपचारित कर ही हलाली डैम में छोड़ा जाएगा, जिससे पर्यावरण को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। उपयंत्री प्रभारी कार्यपालन यंत्री सिवेज प्रकोष्ठ राजेन्द्र कुमार त्रिवेदी ने कहा कि काम अपने तय सीमा पर ही होगा। थोड़ा बारिश की वजह से देरी हो रही है। बारिश रुकते ही काम तेजी से पूरा किया जाएगा।

### 273 किमी लंबी सीवेज लाइन

भानपुर खंती में बन रहे एसटीपी को नरेला विधानसभा क्षेत्र से जोड़ने के लिए लगभग 273 किलोमीटर लंबी सीवेज लाइन बिछाई जाएगी। इस कार्य के लिए जनवरी 2026 में वर्कऑर्डर जारी किया गया था और इसे तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन ताजा स्थिति के अनुसार 2030 तक भी होना मुश्किल लग रहा है।

### पुरानी सीवेज लाइन भी होगी चालू

2015 में नगर निगम द्वारा एडीबी योजना के तहत विशाल शादी हॉल से कोलुआ पंप हाउस तक सीवेज लाइन बिछाई गई थी, जो वर्तमान में बंद पड़ी है। नए एसटीपी के तैयार होने के बाद इस पुरानी लाइन को दुबारा चालू किया जाएगा।

### नवाब के वारिसों ने पेश किया आफताब जहां का ब्रिटिश पासपोर्ट

# रियाज मंजिल के शत्रु संपत्ति पर सवाल दो साल में 'नोटिस' तक नहीं भेजा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के तत्कालीन नवाब हमीदुल्ला खान की दूसरी पत्नी आफताब जहां के नाम से दर्ज खानूगांव की रियाज मंजिल को दो साल पहले शत्रु संपत्ति कार्यालय ने शत्रु संपत्ति घोषित किया था, जिसके लिए शत्रु संपत्ति का सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया गया, लेकिन पिछले दो साल के दौरान शत्रु संपत्ति कार्यालय ने अब तक जिला कलेक्टर को इस प्रॉपर्टी के कब्जेदारों को बेदखल करने और प्रॉपर्टी कब्जे लेने के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिले हैं। इधर प्रॉपर्टी पर काबिज नवाब के वारिसों ने आफताब जहां बेगम के नाम दर्ज ब्रिटिश पासपोर्ट पेश किया है, जिसमें उनकी ब्रिटिश नागरिकता का भी उल्लेख दर्ज है। ऐसे में वारिसों का दावा है कि नोटिस मिलने के बाद अपना जवाब पेश कर दिया जाएगा। दरअसल 29 अप्रैल 2024 को शत्रु संपत्ति कार्यालय मुंबई ने रियाज मंजिल को शत्रु संपत्ति मानने का सर्टिफिकेट जारी किया था।



दो साल बाद अचानक से इस मामले की शिकायत के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने इस प्रॉपर्टी पर काबिज लोगों को नोटिस देकर जवाब तलब करने के निर्देश दिए हैं। बारह साल पहले भी जिला प्रशासन ने शत्रु संपत्ति कार्यालय को भोपाल में शत्रु संपत्ति नहीं होने की जानकारी पेश की थी।

### रियाज मंजिल की जमीन पर रह रहे लोग

*रियाज मंजिल कोठी वर्तमान में करीब 4 हजार वर्गफीट एरिया में बनी है। जबकि उसके पिछले हिस्से में बाग ओ बहार शादी गार्डन चलाया जाता है। इसके साथ मोहम्मद युनुस खान पिता मोहम्म्द अनस, शाहजाना बेगम पत्नी मोहम्मद अनवर, फाहद पिता मोहम्मद अनवर, सैय्यद तसव्वुर पिता एएम आबदी, रुबीना खान पत्नी असलम मोहम्मद, नूरजहां पिता शकील रजा, जीशान अली पिता शमीम उद्दीन और आजम हसन समेत 25 लोग इस जमीन पर काबिज हैं।*

### बेहटा, बोरवन में 750 एकड़ जमीन, बसा ली कॉलोनियां

*नवाब की दूसरी पत्नी आफताब जहां बेगम की बेहटा में करीब 654 एकड़, बोरबन में 102 एकड़ जमीन है। इस तरह दोनों गांवों में करीब 756 एकड़ जमीन को शत्रु संपत्ति घोषित किया जाना है। इस जमीन पर कैलाश नगर समेत अन्य कॉलोनियों को बसाकर बेचा गया है। ऐसे में इन प्रॉपर्टीज को कब्जे में लेने पर भी संशय बना हुआ है।*

# टैक्स ऑडिट की प्रक्रिया में सावधानी जरूरी: अग्रवाल

## भोपाल टैक्सेशन एसोसिएशन के प्रथम स्टडी सर्किल का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल टैक्सेशन एसोसिएशन की ओर से प्रथम स्टडी सर्किल का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में टैक्स ऑडिट की प्रक्रिया, रिपोर्ट तैयार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और बदलते कर प्रावधानों पर विशेषज्ञों ने सदस्यों को व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनीन्द्र वैद्य ने की। कार्यक्रम का विषय "टैक्स ऑडिट कैसे किया जाए एवं क्या-क्या सावधानियां बरती जाएं" रखा गया। मुख्य वक्ता चार्टर्ड एकाउंटेंट अंशुल अग्रवाल ने टैक्स ऑडिट से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए कहा कि टैक्स ऑडिट केवल एक फॉर्म भरने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि सही और तथ्यात्मक रिपोर्टिंग इसकी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सीए अग्रवाल ने टैक्स ऑडिट रिपोर्ट में उपयोग होने वाले फॉर्म 3सीए /3सीबी-3सीडी को भरते समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और आवश्यक सावधानियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने धारा 44एबी के तहत टैक्स ऑडिट की सीमा तथा रिपोर्ट के विभिन्न क्लॉज की जानकारी दी। विशेष रूप से क्लॉज 21, 22, 26, 31, 34 और 44 में रिपोर्टिंग के दौरान किन बिंदुओं का ध्यान रखा जाना चाहिए, इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने टैक्स ऑडिट के नए फॉर्मेट और विभाग की ओर से जारी हालिया गाइडलाइंस से भी सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ऑडिटर को रिपोर्ट तैयार करने से पहले क्लाइंट के कारोबार और उसकी कार्यप्रणाली को समझना चाहिए। उपलब्ध दस्तावेजों और सूचनाओं की जांच के बाद ही सही एवं तथ्यात्मक जानकारी रिपोर्ट में दर्ज की जानी चाहिए। उन्होंने ऑडिट के दौरान दस्तावेजों की जांच और रिपोर्टिंग में विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया।

### पंडितों ने पितृपक्ष के लिए कुशा तोड़ी

# शिव मंदिरों में भगवान का दिव्य श्रृंगार कर की गई पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सोमवती, कुशोत्पाटिनी अमावस्या पर शुक्रवार को शहर में कई धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। कर्मकांड की पूजा कराने वाले पंडितों ने पितृपक्ष के लिए मंत्रोच्चार और विधि विधान से कुशा घास का तोड़ा। वहीं शिव मंदिरों में भगवान का दिव्य श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। कुशोत्पाटिनी अमावस्या पर पंडित और पुरोहित ने वर्ष भर कर्मकाण्ड कराने के लिए नदी किनारे, जंगल व बाग-बगीचों से मंत्रोच्चार के साथ कुशा नामक घास ग्रहण की। इसका उपयोग ब्राह्मण और अन्य लोग पितृ पक्ष में 16 दिन तक तर्पण-पिंडदान आदि कार्यों में करेंगे।

### कुशाग्रणी अमावस्या हुई जोगी लीला

श्रीजी मंदिर में प्रभु श्रीनाथजी को शाम वस्त्र के साथ सिर पर सुनहरी टोपी एवं सोने के आभूषणों से श्रृंगार किया गया। प्रभु को फूलों के पालने विराजमान किया गया एवं जोगी लीला का वाचन किया गया। मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि जोगी लेना शंकर लीला जैसे ब्रज में प्रभु के जन्म के बाद भगवान शंकर ठाकुर जी के दर्शन करने के लिए आते हैं। तो इस लीला को जोगी लीला कहा जाता है। अष्टछाप के पदो के साथ यह जोगी लीला लीला हुई। जिसमें भगवान शंकर के वेश धारण किया गया।




### नायब तहसीलदार और रीडर की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

# सीएस ने समाधान ऑनलाइन के साथ की विभागीय कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत धार में समाधान ऑनलाइन के साथ विभागीय कार्यों एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से बात करें। शिकायतों का एक्टिव रिव्यू शुरू करें। सौ दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक शिकायत की समीक्षा कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।समाधान ऑनलाइन में शिकायतकर्ता जुबे खां की पुलिस प्रकरण से संबंधित शिकायत सुनी गई। प्रकरण का निराकरण हो चुका था। मुख्य सचिव ने संबंधित थाने की ओर से की गई देरी को लेकर पुलिस अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक को थानों की समीक्षा करने तथा प्रकरणों में चालान लंबित नहीं रखने और प्रत्येक कार्य के लिए समय-सीमा निर्धारित करने के निर्देश दिए।



### वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

*शिकायतकर्ता सुरेश कुमावत के घर जलने के प्रकरण में राशि मिलने में हुए विलंब पर मुख्य सचिव ने संबंधित समय के नायब तहसीलदार एवं रीडर की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। पेयजल योजना के तहत शिकायतकर्ता पप्पू मंडलोई की पाइपलाइन फूटने की शिकायत 107 दिवस से लंबित थी।*

### सभी लंबित शिकायतों का एक सप्ताह में निराकरण सुनिश्चित करें

निशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना से संबंधित शिकायतकर्ता श्रीमती बसंती पिता पहाड़ की शिकायत का निराकरण हो चुका था। मुख्य सचिव ने सामाजिक न्याय विभाग को निर्देशित किया कि इस प्रकार की सभी लंबित शिकायतों का एक सप्ताह में निराकरण सुनिश्चित करें। स्वरोजगार योजना में सब्सिडी नहीं मिलने की शिकायतकर्ता दीप कुमार दांगी तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की किस्त प्राप्त नहीं होने की शिकायतकर्ता कशिश जाधव की शिकायत भी सुनी गई। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर को संबंधित प्रकरणों में एंबुलेंस की राशि काटने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग को एनआरसी में बच्चों को भर्ती कराकर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930